राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 63
लखनऊ, शुक्रवार 13 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रेम-प्रसंग के चलते युवक की हत्या, शव बरामद 10

बूथ मजबूत होगा तो संगठन और राष्ट्र होगा मजबूतः दिनेश प्रताप सिंह 08

संक्षिप्त समाचार

ज्ञान से अवसर पैदा करें विद्यार्थी : राष्ट्रपति

एजेंसी,नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि विद्यार्थियों का लक्ष्य अपने ज्ञान के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित करने का भी होना चाहिए। इससे देश के समावेशी विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा केवल आजीविका कमाने का साधन नहीं होना चाहिए बल्कि, विद्यार्थियों का लक्ष्य अपने ज्ञान के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित करने का भी होना चाहिए। जब हमारे युवा रोजगार सृजनकर्ता बनेंगे, तब देश के समावेशी विकास को और गति मिलेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश के हर क्षेत्र और समाज के हर वर्ग का विकास आवश्यक है।

छठ पर रेलवे ने बढ़ाई विशेष ट्रेनों की संख्या

एजेंसी,नई दिल्ली। छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष प्रबंध किया है। यात्रियों, विशेषकर बिहार और पूर्वी भारत की ओर जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के अनुसार, बुधवार (11 नवंबर) को दिल्ली क्षेत्र से कुल 34 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं। इनमें 31 निर्धारित और तीन अनिर्धारित विशेष रेलगाड़ियां शामिल थीं। रेलवे के अनुसार, 11 नवंबर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 12, आनंद विहार से नौ, शकूरबस्ती से सात, हजरत निजामुद्दीन से चार, दिल्ली जंक्शन से एक और रोहतक से एक विशेष रेलगाड़ी चलाई गई।

विदेश से तलाक फिर दूसरी शादी करने पर सुप्रीम सख्त

एजेंसी,नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों और विदेशी अदालतों से लिए जाने वाले तलाक के मामलों पर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि शादी भारत में हुई है तो विदेश के उदार कानूनों का सहारा लेकर वहां की अदालत से तलाक लेने मात्र से भारतीय कानून के अनुसार शादी समाप्त नहीं हो जाती। यदि कोई व्यक्ति ऐसे तलाक के आधार पर दूसरी शादी करता है, तो उस पर बिगैमी (पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने) का आपराधिक मुकदमा चल सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भले ही पति या पत्नी बाद में किसी दूसरे देश की नागरिकता हासिल कर लें, लेकिन भारत में हुई पहली शादी से जुड़े कानूनी परिणामों और जिम्मेदारियों को खत्म नहीं किया जा सकता है।

बंदर ले उड़ा 81,800 रुपये पेड़ पर बैठकर उड़ाए नोट

एजेंसी,शिमला। बैंक में जमा करवाने के लिए जेब में रखे 81,800 रुपये अचानक एक बंदर के हाथ लग गए। व्यक्ति कुछ समझ पाता, इससे पहले बंदर नकदी का पैकेट लेकर पेड़ पर चढ़ गया। इसके बाद पेड़ पर बैठकर वह एक-एक करके नोट नीचे फेंकने लगा। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति बैंक में पैसे जमा करवाने जा रहा था। इसी दौरान एक बंदर उसकी जेब से 81,800 रुपये का पैकेट छीनकर पेड़ पर चढ़ गया। बंदर ने पैकेट से नोट निकालकर नीचे फेंकने शुरू कर दिए। व्यक्ति की परेशानी देखकर कार्यालय परिसर में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों ने मदद की काफी मशक्कत के बाद अधिकांश नकदी वापस मिल गई, लेकिन करीब 1,500 रुपये का हिसाब नहीं मिल पाया। बंदर ने 500 रुपये के कुछ नोट फाड़कर भी नुकसान पहुंचाया।

राशन कार्ड निर्माण अभियान में अररिया अव्वल

अररिया,एजेंसी। बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा नए राशन कार्ड निर्माण एवं पात्र लाभुकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में जोड़ने के लिए चल रहे विशेष अभियान में अररिया जिला बिहार में अव्वल रहा। जिले में प्राप्त कुल आवेदनों के विरुद्ध अब तक 91.70 प्रतिशत राशन कार्ड जारी किए गए। साथ ही राशन कार्ड निर्माण एवं ई-केवाईसी के कार्य में भी जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार के निर्देश पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

20 सालों में देश विकसित करना कठिन कार्य नहीं: पीएम



आसियान भारत शिखर सम्मेलन में फिलिपींस जायेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन और आसियान के नेतृत्व वाले पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की 21वीं प्रक्रिया बैठक में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर मलीना फिलिपींस जाएंगे। विदेश मंत्रालय के सचिव पूर्व रुद्रेंद्र टंडन ने बताया की यात्रा 16 से 18 नवंबर के दौरान होगी। उन्होंने कहा कि भारत के आसियान के सभी 11 सदस्यों के साथ गर्मजोशी भरे द्विपक्षीय संबंध हैं। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में है। यात्रा के पहले दिन प्रधानमंत्री मलीना में राष्ट्रपति मार्को की ओर से आगंतुक नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज में भाग लेंगे। अगले दिन वे आसियान भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन प्रक्रिया बैठक में भाग लेंगे।

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया जगत से देश की सफलता से जुड़ी कहानियों को दुनिया तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हमारे देश की उपलब्धियों, प्रतिभाओं और

देश की उपलधियों को विश्व पटल तक पहुंचाये मीडिया

सकारात्मक कहानियों को विश्व पटल पर जगह मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने आज भाजपा केन्द्रीय कार्यालय में मीडिया के लिए आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उक्त बातें कहीं। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष नतीन नवीन, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा मंच पर उपस्थित थे। उन्होंने मीडिया जगत में समाचार भेजने और प्रसारित करने की समयसीमा का उदाहरण दिया। इसके माध्यम से उन्होंने कहा कि व्यक्ति, संस्था और देश पर भी समयसीमा लागू होती है। इसी को देखते हुए देश ने आज अपने लक्ष्यों को समयसीमा में बांध दिया है। 2047 तक हमें देश को विकसित बनाना है। उनका मानना है कि इसे पाना मुश्किल नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लक्ष्यों को पूरा करने का समय तय करने से काम की प्राथमिकता, तरीका और रफ्तार बदल जाती है। इस दौरान उन्होंने पिछले 12 सालों में उनकी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि अगर देश 12 साल के अंदर 50 करोड़ से अधिक लोगों का अत्यंत गरीबी की से बाहर निकाल सकता है तो 20 सालों में देश विकसित बनाना कठिन कार्य नहीं है। उन्होंने मीडिया खासकर फील्ड रिपोर्टर के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में विकास की रोशनी आज हर घर तक पहुंचाई है। आज दीपावली का पर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना रहा है।

केजरीवाल और उनकी बेटी को मिली जान से मारने की धमकी

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य ने मांगी 7 करोड़ की रंगदारी

एजेंसी, मोहाली।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी हर्षिता को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताते हुए सात करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। इस संबंध में दिल्ली के तिलक नगर से आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह की शिकायत पर मोहाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विधायक जरनैल सिंह ने मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि छह नवंबर को उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। इसके अलावा उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से भी धमकी भरा संदेश भेजा गया। धमकी देने वाले व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा बताया।

सीएम ने सीएनएच की रखी आधारशिला

कहा, देश-विदेश की कंपनियां यूपी में कर रहीं निवेश

समृद्धि न्यूज,नोएडा।



कंपनी यहां करेगी ट्रैक्टर व अन्य कृषि मशीनरी का निर्माण

राजनाथ सिंह भी देंगे शिवराज सिंह की मां को श्रद्धांजलि

भोपाल। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशीबाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके निवास पहुंचेंगे। शिवराज सिंह चौहान की मां काशीबाई का 30 अक्टूबर को भोपाल एम्स में निधन हो गया था। आज उनकी तेरहवीं और गंगाजलि पूजन का कार्यक्रम होशंगाबाद रोड स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यमुना सिटी के सेक्टर-8 में 100 एकड़ मे 1220 करोड रुपये की लागत से बनने वाली सीएनएच कंपनी की आधारशिला लखनऊ से ऑनलाइन रखी। इस दौरान जेवर में आयोजित कार्यक्रम में गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, सीएनएच इंडस्ट्रियल एनवी के सीईओ गेरिट मार्क्स और सीएनएच इंडिया रीजन के प्रेसिडेंट एवं एमडी नरेंद्र मित्तल, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, निदेशक और अधिकारी मौजूद रहे। यमुना प्राधिकरण ने सीएनएच कंपनी को सेक्टर-8 में 100 एकड़ जमीन आवंटित की है। यहां कंपनी ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनरी का निर्माण करेगी। गुरुवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री ने इस कंपनी की वर्चुअल आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विश्वास प्रकट करने के लिए के मै सीएनएच के प्रबंधन का हृदय है आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह प्रोजेक्ट प्रदेश में कृषि क्षेत्र, विकास और मॉडर्न मैन्युफैक्चरिंग को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से स्थानीय युवाओं को रोजगार और व्यापार का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था स्थापित होने के पीछे केवल पुलिस भर्ती ही नहीं है, उनके आधुनिकरण के साथ-साथ अपराध और अपराधियों के प्रति सरकार का सख्त रूख एक प्रमुख कारण रहा है। उन्होंने इस अवसर पर चुटकी लेते हुए कहा कि आपने यूपी के बुलडोजर की जरूर चर्चा सुनी होगी। इसलिए मैं कंपनी से इसबारे में कहूंगा कि आप यूपी में बुलडोजर और ट्रैक्टर की मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए आए हैं ,तो देश और विदेश में स्वतः ही इसकी डिमांड होगी। बुलडोजर यहां का ब्रांड बन चुका है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसका विकास 25 हजार हेक्टेयर में किया जा रहा है। एयरपोर्ट, एक्सप्रेस-वे, इंडस्ट्रियल लैंड और मॉडर्न कनेक्टिविटी ने इस क्षेत्र को निवेश एक नया केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि आज यहां सेमीकंडक्टर प्लांट, टॉय पार्क, एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क और डाटा सेंटर पार्क जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाएं विकसित हो रही है। इन सबके पीछे जेवर क्षेत्र के अन्नदाता किसानों का सकारात्मक योगदान रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने शिवराज सिंह की मां को दी श्रद्धांजलि



एजेंसी, भोपाल। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशी बाई के निधन पर संवेदना व्यक्त करने के लिए देश के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक जगत की प्रमुख हस्तियों का भोपाल पहुंचने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने भोपाल पहुंचकर दिवंगत काशी बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर शिवराज सिंह चौहान को ढांढस बंधाया। एक मां के निधन से परिवार पर आए गहरे दुख की इस घड़ी में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे नेताओं की उपस्थिति ने शिवराज परिवार के प्रति आत्मीयता और संवेदना का भाव प्रदर्शित किया। उल्लेखनीय है कि शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशी बाई का 30 अक्टूबर को निधन हो गया था। उनके त्रयोदशी संस्कार एवं शांति भोज का आयोजन गुरुवार को भोपाल के नर्मदापुरम रोड स्थित वृंदावन गार्डन में किया गया। कई राज्यों के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति त्रयोदशी एवं शांति भोज कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी पहुंचे। दरअसल, शिवराज सिंह चौहान का सार्वजनिक जीवन जितना व्यापक रहा है, उनकी पारिवारिक और सामाजिक जड़ें भी उतनी ही गहरी रही हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लंबे कार्यकाल और अब केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने के दौरान उन्होंने देशभर के राजनीतिक नेतृत्व के साथ कार्य किया है।

पुणे नगर निगम को मिली बम से उड़ाने की धमकी, अमिताभ के बंगले का भी ईमेल में जिक्र

मुंबई/पुणे। महाराष्ट्र में मुंबई के बाद अब पुणे नगर निगम मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. दोनों मामलों में ईमेल के जरिए धमकी दी गई है मुंबई में बीएमसी मुख्यालय, मेयर ऑफिस और अमिताभ बच्चन के बंगले समेत कई जगहों को निशाना बनाने की बात कही गई पुणे में नगर निगम के आधिकारिक ईमेल पर मुख्यालय में बम रखे होने का दावा किया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां दोनों मामलों की जांच कर रही हैं। मुंबई में भेजे गए ईमेल में बीएमसी मुख्यालय और मेयर ऑफिस का जिक्र था। इसके अलावा कुछ बैंकों, एक कोर्ट, अमिताभ बच्चन के बंगले, महालक्ष्मी रेसकोर्स और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी निशाना बनाने की बात कही गई सूचना मिलते ही संबंधित जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई पुलिस और सुरक्षा टीमों ने तलाशी ली जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली पुलिस अब ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है।

भयावह आग में झुलकर तीन बच्चे व एक महिला संग चार की मौत



हादसे में 24 घर व दुकान राख, सीएम ने जताया दुख

एजेंसी,इटानगर।

अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले के पारसी पारलो में गुरुवार तड़के लगी भयावह आग में तीन बच्चों और एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कम से कम 24 घर और दुकान जलकर राख हो गए। मृतकों की पहचान डोंगडा यानु (महिला) मां, डोंगडा करसांग (नाबालिग) पुत्र, डोंगडा माजी (नाबालिग) पुत्र और डोंगडा अमजी (नाबालिग) पुत्री के रूप में हुई है। वहीं इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गये हैं, जिनकी पहचान डोंगडा ताजी (पुरुष) पिता के रूप में हुई है। मृतक एवं घायल सभी एक ही परिवार के बताये गये हैं। कुरुंग कुमे जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 2 बजे के आसपास लगी। देखते ही देखते आग तेजी से कई घरों में फैल गई। इससे रिहायशी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

लड़ाई के नए डोमेन के लिए खास आर्किटेक्चर बनाये वायु सेना

रक्षामंत्री ने सेनाओं से किया आग्रह `एलीमेंट ऑफ सरप्राइज' को बनायें मजबूत

एजेंसी, नई दिल्ली।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सेनाओं से आग्रह किया कि वे 'एलीमेंट ऑफ सरप्राइज' को मजबूत बनाए रखें, ताकि तेजी से हो रही टेक्नोलॉजी में तरक्की और मॉडर्न युद्ध की बदलती प्रकृति से पैदा होने वाले पारंपरिक और नए खतरों के खिलाफ ऑपरेशनल तैयारी बनी रहे। उन्होंने इंटेलिजेंस और सर्विलांस क्षमताओं को लगातार मजबूत करने, सिस्टम के बीच इंटीग्रेशन बढ़ाने और संभावित खतरों को सामने आने से पहले पहचानने की जरूरत पर भी जोर दिया। साथ ही ऑपरेशन, एडमिनिस्ट्रेशन और एयरोस्पेस सुरक्षा के लिए विकसित एआई एप्लिकेशन भी लॉन्च किए। नई दिल्ली में एयरफोर्स कमांडर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने निगरानी और काउंटर-ड्रोन अभियानों को लेकर उच्चस्तर की तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी डिफेंस फोर्स को ऐसी काबिलियत और तरीके बनाने चाहिए, जिनसे दुश्मन को रिएक्ट करने या संभलने का समय ही न मिले और यह भी पक्का करना चाहिए कि दुश्मन की किसी अचानक हरकत से हम कभी हैरान न हों। सरप्राइज कई तरह से हो सकता है, पारंपरिक और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह से। हमारे इंटेलिजेंस और सर्विलांस सिस्टम को और मजबूत करना होगा और ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ाना होगा ताकि यह पक्का हो सके कि हमारे लोग किसी भी नई चुनौती का असरदार तरीके से जवाब देने के लिए अलर्ट, फुर्तीले और तैयार रहें।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आजकल की लड़ाइयां पारंपरिक लड़ाई के मैदानों से आगे बढ़कर नॉन-कॉन्टैक्ट डोमेन तक फैल रही हैं, जिसमें मिसाइल, ड्रोन और एडवांस्ड वेपन सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। रूस-यूक्रेन और इज़राइल-हमास लड़ाइयों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम मॉडर्न लड़ाई के जरूरी हिस्से बनकर उभरे हैं। रक्षा मंत्री ने भारतीय वायु सेना से इलेक्ट्रॉनिक, साइबर और स्पेस समेत लड़ाई के नए डोमेन के लिए खास सिद्धांत और आर्किटेक्चर बनाने को कहा।

मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचा पहला अंतरिक्ष यान मैरिनर-9

मैरिनर-9 को 30 मई 1971 को किया गया था प्रक्षेपित

एजेंसी, नई दिल्ली।



अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास में 13 नवंबर 1971 का दिन एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज है। इसी दिन अमेरिका का अंतरिक्ष यान मैरिनर-9 मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचा था। यह दुनिया का पहला अंतरिक्ष यान था, जिसने पृथ्वी से उड़ान भरकर किसी दूसरे ग्रह की परिक्रमा की। इस उपलब्धि ने मंगल ग्रह के अध्ययन के लिए नए रास्ते खोल दिए। मैरिनर-9 को 30 मई 1971 को प्रक्षेपित किया गया था। मंगल की कक्षा में पहुंचने के बाद उसने ग्रह की सतह की तस्वीरें और वैज्ञानिक आंकड़े जुटाने शुरू किए। हालांकि, उस समय मंगल ग्रह पर धूल का भीषण तूफान चल रहा था, जिसके कारण शुरुआती तस्वीरों में सतह स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थी। करीब एक महीने बाद धूल का गुबार छंटने पर वैज्ञानिकों को मंगल की सतह की साफ तस्वीरें मिलने लगीं। मैरिनर-9 ने मंगल ग्रह के ज्वालामुखियों, घाटियों, धूल भरी सतह और ध्रुवीय क्षेत्रों की विस्तृत तस्वीरें भेजीं।

इसके आंकड़ों ने मंगल के भूगर्भीय स्वरूप को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भविष्य के मंगल अभियानों के लिए आधार तैयार किया।

कैंची धाम के पास खाई में गिरी कार, एक की मौत, चार घायल

एजेंसी, नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जिले में कैंची धाम के समीप निगलाट क्षेत्र में देररात एक कार अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। पांचों बरेली (उत्तर प्रदेश) के हैं। आपदा कंट्रोल रूम नैनीताल से सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की खैरना पोस्ट से उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर रेस्क्यू अभियान चलाया। चार घायलों को खाई से निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भवाली पहुंचाया गया। एसडीआरएफ के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार (यूपी 25 ईजे 4586) में पांच लोग सवार थे। हादसे में कार चालक अनुज तिवारी (29) पुत्र लक्ष्मी नारायण तिवारी निवासी ग्राम शेखपुर, बरेली की मृत्यु हो गई।

अभिषेक बनर्जी के घर के बाहर चला बुलडोजर, हटे अवैध निर्माण



एजेंसी, कोलकाता।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित घर के बाहर गुरुवार सुबह कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने बड़ी कार्रवाई की। सांसद के घर (121, कालीघाट रोड) के बाहर फुटपाथ पर बांस से बने अस्थायी ढांचे (शेड) को बुलडोजर से ढहा दिया गया। इस ढांचे के साथ ही सांसद के घर की चहारदीवारी के मुख्य द्वार के बाहर फुटपाथ घेरकर लगाए गए एक लोहे के गेट को भी गैस कटर से काटकर हटा दिया गया। आरोप है कि यह गेट अवैध रूप से फुटपाथ पर कब्जा करके लगाया गया था। अवैध निर्माण हटाने की इस कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह के विरोध या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति से निपटने के लिए सांसद के घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय बलों के जवानों को तैनात किया गया था।

निवेशकों को राजनीतिक प्रतिशोध से बचाने के लिए बने राष्ट्रीय कानून : चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी,विशाखापत्तनम।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार राजनीतिक प्रतिशोध से निवेशकों की सुरक्षा के लिए निवेश संरक्षण अधिनियम लाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार से भी देशभर के निवेशकों को अधिक सुरक्षा और विश्वास प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इसी तरह का कानून लाने का आग्रह किया। चंद्रबाबू नायडू ने साझा किया कि जून 2024 से अबतक आंध्र प्रदेश को 22.6 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इनमें से 73 प्रतिशत प्रतिबद्धताएं स्वीकृत परियोजनाओं में बदल चुकी हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत 17.2 लाख करोड़ रुपये है और इनसे 12.7 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इनमें से 51 प्रतिशत परियोजनाएं जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के चरण में पहुंच चुकी हैं। 5.9 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिनमें 7.4 लाख नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। इससे पहले, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने यहां शुरू हुए 31वें सीआईआई पार्टनरशिप समिट में ड्रम बजाया। तीनों नेताओं ने समिट के आयोजन स्थल, आंध्र विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान का भ्रमण किया और विभिन्न सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां देखीं।

वर्चुअल समंदर में होगा जहाजों का इम्तिहान, आईआईटी मद्रास ने बनाया 'सीनैव'

एजेंसी,नई दिल्ली। अब जहाजों का समुद्र में उतरने से पहले वर्चुअल समंदर में इम्तिहान होगा। 'सीनैव' तकनीक को वास्तविक समुद्र में उतारने से पहले परखने की चुनौती का समाधान (आईआईटी),मद्रास के शोधकर्ताओं ने खोजा है। दरअसल, भविष्य की जहाजरानी में इन सवालों के जवाब कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्वायत्त प्रणालियां दे सकती हैं। संस्थान ने 'सीनैव' नाम का रियल टाइम डिजिटल ट्विन प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो समुद्र, जहाजों, लहरों, सेंसरों और पोत यातायात का आभासी प्रतिरूप तैयार कर स्वायत्त जहाजों की नेविगेशन प्रणालियों का परीक्षण, सत्यापन और प्रशिक्षण संभव बनाता है। इसके साथ ही आगे के लिए यह विश्वास पैदा हुआ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी और अत्याधुनिक सेंसर फ्यूजन से लैस यह तकनीक भारत को भविष्य की स्मार्ट जहाजरानी के क्षेत्र में नई ताकत दे सकती है।

संक्षिप्त खबरें

केडीसी क्रिकेट अकादमी ने 3 विकेट से जीता मुकाबला



बहराइच समृद्धि न्यूज़ किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में केडीसी क्रिकेट क्लब एवं केडीसी क्रिकेट अकादमी के बीच मैत्री मैच का आयोजन किया गया। टॉस जीत कर केडीसी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35वें ओवर में आल आउट होते हुए 218 रनों का स्कोर खड़ा किया। सूरज तिवारी ने सर्वाधिक 39, अर्जुन कृष्णा ने 29, आशुतोष कैराती ने 26 एवं जैद मोहम्मद ने 25 रनों का योगदान दिया। केडीसी अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आशुतोष खत्री ने तीन, समीर शुक्ला ने दो एवं बाकी अन्य गेंदबाजों को एक-एक सफलता प्राप्त हुई। 219 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केडीसी क्रिकेट अकादमी ने 31वें ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। कृष सैनी ने सर्वाधिक 55, अभय प्रताप ने 43 साफ़वान खान ने 31 एवं प्रदीप गुप्ता ने नाबाद 30 रनों का योगदान दिया। केडीसी क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शोएब अब्बासी ने चार, उपमन्यु वाजपेई ने दो एवं आशुतोष कैराती ने एक सफलता प्राप्त की। शानदार प्रदर्शन की बदौलत आशुतोष खत्री को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

यातायात माह में आयोजित किया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



बहराइच समृद्धि न्यूज़ यातायात माह नवम्बर–2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान के क्रम में गुरुवार को नानपारा बस स्टैंड पर बस चालकों एवं परिचालकों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला अस्पताल के डॉ. एम.एच. जाफरी, कंट्रोल रूम, सीएमओ कार्यालय द्वारा अपनी टीम के साथ प्रतिभाग किया। इस दौरान बस चालकों एवं परिचालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया। यातायात माह के अंतर्गत आयोजित शिविर का उद्देश्य वाहन चालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य की जांच कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस दौरान चालकों व परिचालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए नियमों के अनुपालन हेतु प्रेरित किया गया।

नरायनताड़ा गाँव मे जयमाला चम्पाकली से कराई गयी काबिंग, तेन्दुए को भगाने का प्रयास

बहराइच समृद्धि न्यूज़ कतर्नियाघाट वन्य प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में नरायनताड़ा गांव मे बीती शाम एक युवक पर शाम करीब 6 बजे तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर रेंजर आशीष गौड़ के निर्देश पर वन दरोगा राधेश्याम, वन रक्षक संतोष और वाचर सुनील व संजय की टीम ने राजकीय हथिनी जयमाला चंपा के साथ मौके पर पहुंचकर पेट्रोलिंग की और खेत से तेंदुए को खदेड़ा। रेंजर आशीष गौड़ ने बताया कि आबादी की ओर वन विभाग की टीम लगातार कॉम्बिंग की जा रही है और तेंदुए की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

शर्मा सिस्टर्स के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जनपद के रिसिया कस्बा में श्री गणेश लक्ष्मी सेवा समिति ने 8 दिवसीय पूजन के अंतिम दिन भजन संध्या और भंडारे का आयोजन किया। कानपुर की भजन गायिका शर्मा सिस्टर के भजनों पर श्रद्धालु झूमे। इसके बाद गुरुवार को देर रात सरयू के तट पर प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा अर्चना और आरती से हुई। भजन गायक अजय शर्मा ने भी भक्ति और देश प्रेम से जुड़े भजन गाए। तिवारी ब्रदर्स के म्यूजिकल प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शिवेंद्र ठाकुर मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ईश्वर की भक्ति सबसे पहले है और सनातन धर्म में दिन की शुरुआत ईश्वर की भक्ति से होती है। शर्मा सिस्टर ने 'राम आएंगे' और 'श्री गणेशा देवा' समेत कई भजन गाए। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रभात गुप्ता ,आदर्श वर्मा, सूरज निषाद, मुकुल गुप्ता, दुर्गेश निषाद, राजेश यादव, अतुल ओझा, उमाशंकर गुप्ता, पंकज वर्मा, निखिल सिंह, शिवम निषाद मौजूद रहे।



फरार चल रहा हत्यारोपी गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना बड़ुपुर पुलिस ने नीतेश मौर्य हत्याकांड में फरार चल रहे एक और हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोलू वर्मा उर्फ विकास पुत्र संजय वर्मा निवासी ग्राम डिबियापुर, थाना सदरपुर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ुपुर पुलिस टीम ने आरोपी को महमूदाबाद रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया।आरोपी नीतेश मौर्य हत्याकांड से संबंधित मुकदमा संख्या 423/ 2026, धारा 140(1), 103(1) एवं 61(2) बीएनएस में वांछित था।पुलिस ने बताया कि इस मामले में 31 अक्टूबर और 4 नवंबर 2026 को कुल नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है।अब एक और आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इस हत्याकांड में जेल भेजे गए अभियुक्तों की संख्या बढ़कर दस हो गई है।गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।



सिचाई के लिए लगे सोलर पैनल हुए चोरी

बेलहरा बाराबंकी। खेत में सिंचाई के लिए लगे सोलर प्लांट को निशाना बनाकर चोरों ने चार पैनल पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बेलहरा चौक अंतर्गत कैथा गांव निवासी भगौती प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उन्होने सिंचाई के लिए अपने खेत मे सौर ऊर्जा प्लांट लगा रखा है,जिसमे कुल 9 पैनल लगे थे।बीती रात अज्ञात चोरो ने उसमे से चार पैनल और उसका तार चोरी कर लिया।सुबह खेत पहुंचने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई।इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम ने की नोडल अधिकारियों के साथ बैठक

- निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में नामित नोडल अधिकारियों एवं समस्त उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश: बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने आवंटित दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं दक्षता के साथ करते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन संबंधी प्रत्येक कार्य की नियमित समीक्षा की जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।

विभिन्न निर्वाचन व्यवस्थाओं के लिए नामित नोडल अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां: जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके तहत मुख्य विकास अधिकारी श्री पंकज वर्मा को मैनपावर मैनेजमेंट एवं प्रशिक्षण प्रबंधन, अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री निरंकार सिंह को आदर्श आचार संहिता (MCC), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री राजकुमार यादव को परिवहन प्रबंधन,उप कृषि निदेशक श्री उमेश कुमार को सामग्री प्रबंधन तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री एकांश शर्मा को कम्प्यूटरीकरण, साइबर सुरक्षा एवं आईटी संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।इसी क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती अमिता सिंह को स्वीप (SVEEP), अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री विवेक तिवारी को कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा योजना, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी श्री संजय कुमार विश्वास को ईवीएम प्रबंधन तथा बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री अमित कुमार सिंह को निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी मयंक तिवारी को मीडिया प्रबंधन तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चतुर्थ रामेश्वर प्रसाद को कम्युनिकेशन प्लान का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

इसके अतिरिक्त उप जिलाधिकारी (न्यायिक), रामनगर श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय को निर्वाचक नामावली, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सूरज सिंह को शिकायत निवारण एवं मतदाता हेल्पलाइन तथा सहायक महानिरीक्षक, स्टाम्प एवं निबंधन श्री नवीन कुमार को प्रेक्षक संबंधी कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को अपने आवंटित कार्यों का कुशलतापूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

- सर्वोदय विद्यालय में सामग्री खरीद में अनियमितता के आरोपों पर डीएम ने दिए निष्पक्ष जांच के निर्देश, जी एम पोर्टल से हुई खरीद और गुणवत्ता की भी होगी जांच

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, विशुनपुर विश्राम में विभिन्न सामग्रियों एवं उपकरणों की खरीद में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य मोहित दुबे ने जिलाधिकारी को अपना पक्ष प्रस्तुत किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि समाचार में जिस जांच रिपोर्ट का उल्लेख किया गया है, उसकी जानकारी उन्हें समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के माध्यम से ही मिली। जांच रिपोर्ट उन्हें पहले उपलब्ध नहीं कराई गई थी और न ही समाचार प्रकाशित करने से पूर्व उनका पक्ष लिया गया था।

प्रधानाचार्य ने अपने पक्ष में बताया कि विद्यालय के लिए विभिन्न सामग्रियों एवं उपकरणों की खरीद सरकारी ई-बाजार (जी एम) पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है। साथ ही क्रय की जाने वाली सामग्री एवं उपकरणों की गुणवत्ता का कलेक्ट्रेट में गठित समिति द्वारा विधिवत परीक्षण भी कराया गया था। इसके बाद नियमानुसार खरीद की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह करेंगे। वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को समिति का सदस्य बनाया गया है। जांच समिति जी एम पोर्टल के माध्यम से अपनाई गई खरीद प्रक्रिया, निविदा एवं स्वीकृति से संबंधित अभिलेखों, सामग्री की गुणवत्ता, आपूर्ति और भुगतान सहित सभी पहलुओं की जांच करेगी।

पुलिस की कार्यप्रणाली सवालो के घेरे में, महिला ने लगाया आरोप

हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। सुबेहा पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जमीन विवाद में एक पक्ष के लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किए जाने के बाद अब पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई, महिला से अभद्र व्यवहार और उसके परिजनों के साथ थाने में मारपीट किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं।महानगर मजरे शरीफाबाद निवासी आरती मिश्रा का आरोप है कि बुधवार को गांव के ही कुछ लोगों ने उनके परिजनों के साथ मारपीट की थी। घटना के बाद सुबेहा पुलिस उनके ससुर और देवर को थाने ले गई और धारा 151 के तहत चालान कर दिया, जबकि विपक्षी पक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरती का कहना है कि घटना की शिकायत लेकर वह अपनी सास के साथ थाने पहुंचीं तो थाना प्रभारी ने उनकी शिकायत सुनने के बजाय अभद्र व्यवहार किया और उन्हें थाने से भगा दिया।

दुकान में नकबजनी करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार, नकदी व सामान बरामद

- तुलसीपुर पुलिस ने 10,300 रुपये नकद, आधार कार्ड और दो साड़ियां बरामद कीं



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। तुलसीपुर थाना क्षेत्र के गुलरिहा घाट बाजार में किराने की दुकान में नकबजनी कर चोरी करने वाले दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के 10,300 रुपये नकद, एक आधार कार्ड और दो साड़ियां बरामद हुई हैं।

पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर की रात ग्राम गुदरा निवासी शाकिर और सागीर पुत्र नाजिम अली ने गुलरिहा घाट बाजार स्थित प्रदीप गुप्ता की किराने की दुकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा मोड़कर उसमें रखे करीब 11 हजार रुपये, आधार कार्ड और दो साड़ियां चोरी कर ली थीं। पीड़ित की तहरीर पर तुलसीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तुलसीपुर पुलिस ने 12 नवंबर को बिलोहा लक्ष्मीनगर मोड़ से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान शाकिर के पास से 5,200 रुपये और आधार कार्ड बरामद हुआ, जबकि सागीर के पास से 5,100 रुपये तथा भूरे रंग के बैग में रखी दो साड़ियां मिलीं।

एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई कर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं और शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने प्रत्येक शिकायत के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर ठगी और महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले की प्रकृति के अनुसार संबंधित क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों से ऑनलाइन बैठक के माध्यम से तत्काल संवाद कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय में प्रभावी और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में थाना समाधान दिवस पर राजस्व विभाग की टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर पैमाइश कराने और विवादों का समाधान कराने के निर्देश दिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। संवेदनशील स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों को सतर्क निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। वहीं, साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों को साइबर प्रकोष्ठ में भेजकर 24 घंटे के भीतर शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित करने और कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि थानों पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ शिष्ट और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। उसकी समस्या ध्यानपूर्वक सुनकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। शिकायतों और जनशिकायत पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा वह स्वयं करेंगे। जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, पुलिस की जवाबदेही और जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

मोबाइल चोरी के दोषी को साढ़े छह माह की सजा

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते मोबाइल चोरी के मामले में दोषी अभियुक्त को न्यायालय ने छह माह 15 दिन के कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल 2026 को कल्यान नगर अमरहवा निवासी बाला प्रसाद तिवारी पुत्र हरिश्चन्द्र तिवारी ने कोतवाली देहात में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि गंगापुर लखना निवासी राम बरन उर्फ बड़कऊ पुत्र जगदम्बा ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 142/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 317(2) में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने की और साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से प्रभावी पैरवी की गई। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक एवं निगरानी प्रकोष्ठ के नोडल प्रभारी विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में अभियोजन अधिकारी सुभाष चन्द्र यादव, निगरानी प्रकोष्ठ प्रभारी ओम प्रकाश चौहान तथा कोतवाली देहात पुलिस ने मामले की लगातार पैरवी की। इसी के परिणामस्वरूप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बलरामपुर ने अभियुक्त राम बरन उर्फ बड़कऊ को दोषी ठहराते हुए छह माह 15 दिन के कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

सन्तों के आशीर्वाद से मिलता है सत्संग का लाभ-महंत लालता दास जी

समृद्धि न्यूज़



हैदरगढ़ बाराबंकी। संतों के आशीर्वाद से ही सत्संग का लाभ व्यक्ति को मिलता है। इसलिए हमें संतों का सानिध्य हमेशा प्राप्त करना ही चाहिए । उक्त बात 1008 महंत लालता दास जी महाराज के द्वारा आयोजित रामचरित मानस सम्मेलन में मानस मर्मज्ञ अजय शास्त्री ने कही। श्री रामचरितमानस सम्मेलन के प्रथम दिन बोलते हुए अजय शास्त्री ने कहा कि परम पूज्य बाबा तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस की रचना करके पुनीत कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बाबा तुलसी जी की यह कृपा है कि आज श्री रामचरितमानस हम सभी का मार्गदर्शन कर रही है।उन्होंने कहा कि श्री रामचरितमानस वास्तव में महाग्रंथ है। इसे साधारण किताब नहीं समझना चाहिए। श्री शास्त्री ने कहा कि बाबा तुलसी दास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस की रचना मंगलवार को प्रारंभ की थी। शायद यही वजह है कि आज यह महाग्रंथ पूरे समाज के लिए मंगलमय साबित हो रहा है।

इस दौरान अजय शास्त्री एवं हरिओम तिवारी के द्वारा गाए गए भजनों ने भी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।श्री रामचरितमानस सम्मेलन के प्रथम दिन कथा में प्रमुख रूप से बाबा अखिलेश्वर दास जी महाराज, एड तेजनारायण पांडे,जगन्नाथ जी, समाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया,जगदीश चौरसिया, पवन चौरसिया, रामनरेश वैश्य, कैलाश शर्मा, शिवमोहन श्रीवास्तव, आनंद कुमार, महेंद्र मिश्रा, रोहित मिश्रा, अंबिकेश सिंह, पप्पू यज्ञसैनी , रामकमल तिवारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

कोषागार लेखाकारों को दीपावली पर मिला बड़ा तोहफा

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोषागार लेखाकार संवर्ग के कार्मिकों को नवपदोन्नत का लाभ प्रदान किया गया है। 27 अक्टूबर 2026 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक की संस्तुति के क्रम में निदेशक कोषागार श्री विजय कुमार सिंह द्वारा 225 नवपदोन्नत अधिकारियों की सूची 07 नवम्बर को निर्गत कर दी गई। जिसमें जनपद में तैनात अर्चना श्रीवास्तव, जुबेर अहमद, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश यादव, हिमांशु श्रीवास्तव तथा लखनऊ से संबद्ध अनिल कुमार ने आज वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार सिंह के समक्ष जॉइन कर लिया। इस अवसर पर उ.प्र. कोषागार कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री हेमन्त कुमार श्रीवास्तव ने सभी को बधाई दी और निदेशक कोषागार एवं अपर मुख्य सचिव वित्त को धन्यवाद ज्ञापित कियालगभग 10 वर्ष बाद हुई इन पदोन्नतियों से संवर्ग के कार्मिकों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल है।

जिले में 16 नवंबर से स्व-गणना होगी,15 दिन चलेगा अभियान

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले में जनगणना के दूसरे चरण की तैयारीयां पूरी कर ली गई है। इसकी शुरुआत 16 नवंबर से स्व-गणना अभियान से होगी, जिसके तहत लोग घर बैठे खुद अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई है। गुरुवार दोपहर 3 बजे उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे और मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवन्ता ने आम लोगों से इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। ताकि प्रगणकों का काम आसान हो सके।

स्व-गणना के बाद मिली आईडी संभाल कर रखनी होगी

डीएम राजेश कुमार पांडे ने बताया कि 16 नवंबर से स्व-गणना के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन, सरकारी ऑफिस, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग के कर्मचारी और पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल होंगे। लोगों से अपील की गई कि वह अपनी गणना खुद करने के बाद मिलने वाली आईडी को सुरक्षित रखें। जब प्रगणक उनके घर पहुंचे तो उन्हें यह आईडी देनी होगी। जिससे जनगणना का काम तेजी से और तय समय में पूरा हो सके।

अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान स्व-गणना की प्रक्रिया का डेमो भी किया गया। जिसमें नेटवर्क की कोई बड़ी दिक्कत सामने नहीं आई। किसी भी तरह की तकनीकी या प्रशासनिक परेशानी होने पर एनआईसी स्थित कंट्रोल रूम से तुरंत मदद मिलेगी। इसके अलावा राज्य स्तर की टीम और वरिष्ठ अधिकारी भी सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ग्रामीण इलाकों में लोगों को जागरूक करने के लिए ट्यूटोरियल सामग्री तैयार की गई है। और गांव में पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इन पोस्टरों पर हेल्पलाइन नंबर भी दिए गए हैं। जिन पर कॉल करके लोग अपनी समस्या या शिकायत दर्ज कर सकेंगे। कार्यक्रम में जिले की सभी तहसीलों के एसडीएम और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा के मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कोटवाधाम का एसडीएम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। जगजीवन दास साहेब बड़े बाबा के कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने मेला परिसर का निरीक्षण किया।उन्होने संबंधित विभागों और मेला कमेटी के सदस्यों को जरूरी निर्देश दिए।सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने को कहा गया है।एसडीएम ने मेला परिसर, मंदिर परिसर और अभरन सरोवर का जायजा लिया।वाहन पार्किंग के लिए कलकत्ते बाग,पितामह बाग,बरदाही परिसर के आधे हिस्से और पशु बाजार का भी निरीक्षण किया।एसडीएम ने अभरन सरोवर की सफाई कराने और बैरीकेडिंग की व्यवस्था देखने के निर्देश दिए।मंदिर परिसर में स्थायी बैरीकेडिंग का भी निरीक्षण किया।पुजारियों से मेले के दौरान सभी सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और पूर्वी फाटक के सामने से सनांवा मार्ग की सड़क तक बैरीकेडिंग कराने को कहा।सहायक अभियंता विद्युत विभाग को सभी खंभों पर पॉलीथीन लपेटने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग से सड़क किनारे की झाड़ियां कटवाने और गड्ढों की मरम्मत मेला शुरू होने से एक दिन पहले तक पूरी करने को कहा गया।निरीक्षण मे तहसीलदार वीर बहादुर सिंह, बदोसरांय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राम अवतार सरोज, डिप्टी सीवीओ गयाप्रसाद, पशुधन प्रसार अधिकारी अंबुज तिवारी और मेला कमेटी की ओर से पूर्व प्रधान साहेब प्रसाद यादव शामिल हुए।राजस्व निरीक्षक प्रेमचंद्र,लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा और राम आशीष शर्मा भी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

मोहनलालगंज थाने की कमान तेजतर्रार इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह को



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाने की कमान गुरुवार को तेजतर्रार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह को सौंपी गई। पुलिस विभाग की ओर से उन्हें मोहनलालगंज थाने का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। इंद्रजीत सिंह इससे पहले सीतापुर और लखीमपुर खीरी जनपद के विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इन जिलों में तैनाती के दौरान उन्हें थानों के संचालन और कानून-व्यवस्था से जुड़े दायित्वों का सफल अनुभव प्राप्त है। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा की ओर से 11 नवंबर की देर रात किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत यह जिम्मेदारी दी गई है। इस फेरबदल में सात निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। अब इंद्रजीत सिंह के सामने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने और जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण कराने की चुनौती होगी।

डालीगंज जैन बाग में तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया

लखनऊ। राजधानी के डालीगंज स्थित जैन बाग में गुरुवार को तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव में तीर्थंकर बालक के जन्म पर धार्मिक अनुष्ठान हुए। अयोध्या नगरी में बधाइयां गूंजीं और श्रद्धालुओं ने नृत्य-संगीत के बीच जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान 1008 कलशों से अभिषेक किया गया। पांच दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव आचार्य 108 सुबल सागर महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में आयोजित हो रहा है। सन्मति रत्न, सिद्धचक्र आराधक और प्रज्ञा श्रमण की उपस्थिति में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। जन्म कल्याणक पर सुबह 7 बजे जिनाभिषेक और नित्य आराधना के साथ कार्यक्रम शुरू हुए। इसके बाद अयोध्या नगरी में तीर्थंकर बालक के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गईं। सौधर्म इंद्र सभा और उनके नगरी आगमन का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद तीर्थंकर बालक को ऐरावत हाथी पर बैठाकर पांडुक वन ले जाया गया। यहां 1008 कलशों से अभिषेक और जन्म कल्याणक पूजन हुआ। धार्मिक प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महोत्सव में आचार्य सुबल सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को दिव्य देशना दी। शाम 7 बजे महाआरती और शास्त्र सभा आयोजित की जाएगी। रात 7.30 बजे बाल क्रीड़ा, तीर्थंकर बालक का पालन और अन्य धार्मिक प्रसंगों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

विधानसभा के सामने व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की

लखनऊ। राजधानी में विधानसभा गेट नंबर-3 के सामने गुरुवार को एक व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। बहराइच के कैसरगंज निवासी चंदन पत्नी और दो बच्चों के साथ विधानसभा पहुंचा था। जमीन विवाद से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। अचानक हुई घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चंदन का आरोप है कि उसकी सौतेली मां ने उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसको लेकर वह पिछले आठ महीने से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। कई जगह शिकायत करने के बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीड़ित के मुताबिक, उसने जमीन पर कब्जे को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। लगातार न्याय की गुहार लगाने के बाद भी कार्रवाई न होने से वह परेशान था। इसी के चलते गुरुवार को पत्नी और दोनों बच्चों के साथ विधानसभा पहुंचा और खुद पर पेट्रोल डाल लिया।

18 सूत्रीय मांगों को लेकर आज सीएमओ कार्यालय पर धरना देंगे फार्मासिस्ट

लखनऊ। लंबित 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। एसोसिएशन के आह्वान पर जनपद लखनऊ के सभी चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट 13 नवंबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देंगे। संघ के अध्यक्ष अरुण अवस्थी और मंत्री कपिल वर्मा ने बताया कि धरने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमओ को सौंपा जाएगा।उन्होंने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण में 20 नवंबर को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें जनपद के सभी चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट शामिल होंगे। एसोसिएशन का कहना है कि लंबे समय से 18 सूत्रीय मांगों पर शासन स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लगातार अनदेखी के चलते फार्मासिस्टों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

15 नवंबर तक शॉप मोर, विन बिगर ऑफर

लखनऊ। त्योहार का मौसम खरीदारी का उत्साह बढ़ाने के लिए फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ में शॉप मोर, विन बिगर ऑफर चलाया जा रहा है। यह ऑफर 15 नवंबर तक जारी रहेगा। इसके तहत ग्राहक अपनी खरीदारी पर आकर्षक उपहार पाने के साथ कई बड़े इनाम जीतने का मौका भी पा सकते हैं। इस कैंपेन के तहत ध्8,999 या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। वहीं, 15,999 या उससे अधिक की खरीदारी पर ग्राहकों को निश्चित उपहार के साथ लकी ड्रॉ में शामिल होने का मौका मिलेगा। लकी ड्रॉ में येज्दी मोटरसाइकिल, सैमसंग रेफ्रिजरेटर और डिशवॉशर जैसे आकर्षक इनाम शामिल हैं। त्योहारों के दौरान ग्राहकों के लिए खास धनतेरस ऑफर भी रखा गया था।

2027 की तैयारी में जुटी कांग्रेस, पदाधिकारियों को मिलेगा चुनावी प्रशिक्षण

- 13 नवंबर को प्रदेश मुख्यालय में कार्यशाला, जिला-शहर अध्यक्षों को जनसंपर्क और संगठन मजबूती का प्रशिक्षण देगी पार्टी

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के साथ कांग्रेस ने संगठन को चुनावी मोड में लाने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी अब जिला और शहर स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ सरकार की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाने की तैयारी में है। इसी सिलसिले में 13 नवंबर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि कार्यशाला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' के नेतृत्व में होगी। इसमें प्रदेशभर के जिला और शहर अध्यक्षों के अलावा फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष तथा विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों के प्रदेश चेयरमैन शामिल होंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और राष्ट्रीय सचिव भी इसमें हिस्सा लेंगे।

पुनिया के मुताबिक, पदाधिकारियों को भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जनसंपर्क अभियान चलाने और संगठनात्मक जिम्मेदारियां प्रभावी ढंग से निभाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से किसानों की आजीविका और युवाओं के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ा है। कांग्रेस इन मुद्दों को जिला और शहर स्तर पर जनता के बीच उठाएगी। इसके अलावा मीडिया, सोशल मीडिया, विधि विभाग और कनेक्ट सेंटर की अलग कार्यशाला भी होगी। इसमें सांसद पवन खेड़ा और राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे शामिल होंगे। अब देखना होगा कि प्रशिक्षण के बाद कांग्रेस का संगठन इन मुद्दों को जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी ढंग से उठा पाता है।

परचून की दुकान और गोदाम में आग, सामान राख

- दमकल की चार गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ -काकोरी। दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के यादव बाजार स्थित इटौली रोड पर गुरुवार सुबह एक परचून की दुकान और गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर गोदाम में रखा आटा, मैदा, दाल, चीनी, तेल, दोना-पत्तल समेत करीब 15 से 20 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल की चार गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि घटना के समय मकान के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई।

दुकान मालिक मनीष गुप्ता के मुताबिक, यादव बाजार में उनका दो मंजिला मकान है। इसके निचले हिस्से में परचून की दुकान संचालित होती है, जबकि मकान के निचले और ऊपरी हिस्से में सामान रखने के लिए गोदाम बना हुआ है। परिवार इसी मकान में रहता है। भैया दूज के पर्व पर मनीष अपनी पत्नी के साथ ससुराल गए हुए थे। उनके छोटे भाई मिलन और परिवार के अन्य सदस्य पास ही फुलेश्वर मंदिर के निकट रहते हैं।गुरुवार सुबह करीब आठ बजे मकान में आग लगने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते आग ने दुकान और दोनों गोदामों में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया।आग की ऊंची लपटें देखकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।सूचना पर दुबग्गा पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की चार गाड़ियों ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई।

पत्रीजी जीवन अमृत महोत्सव शुरू

लखनऊ। नैमिषारण्य में पत्री जी जीवन अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में सूरत,मुंबई, बलसाड़ समेत देशभर के करीब तीन सौ ध्यान मास्टर शरीक होने पहुंचे हैं।कल से शुरू हुए इस समारोह में 14 नवम्बर तक ध्यान, साधना,सत्संग और सेवा के कार्यक्रम होने हैं। समारोह में सीनियर पिरामिड मास्टर दीप्ति नडेला यानि दीप्ति अम्मा जीवन मे ध्यान और शांति के बारे में लोगों को मार्गदर्शन देंगी। आज कार्यक्रम में लखनऊ के एक पुलिस हवलदार का अनुभव प्रेरणादायक रहा।यहाँ मेडिटेशन के साथ दूसरों की सहायता भी सिखाई जाती है। आयोजकों ने बताया कि ध्यान केवल अपने लिये नही समाज की शान्ति और सेवा के लिए है।विधानसभा सचिवालय के एक अधिकारी नीरज सचान ने बताया कि यह आयोजन बलराम आश्रम नैमिषारण्य में संभाला स्पिरीचुअल फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है।कार्यक्रम 14 नवम्बर तक चलेगा।

मारपीट में घायल ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत

समृद्धि न्यूज़



काकोरी, लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के बिगहू गांव में बीते रविवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक की गुरुवार को इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह बिगहू गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से मारपीट हो गई थी। इस घटना में ऑटो चालक आशाराम रावत (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। लेकिन गुरुवार को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।पुलिस ने घटना के संबंध में रविवार शाम को ही नामजद तीन आरोपियों राहुल, रजनू और सचिन को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं सरबजीत, दयाशंकर और सुजीत फरार चल रहे हैं। घायल आशाराम की मौत के बाद मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। मृतक आशाराम रावत अपने पीछे पत्नी और तीन बेटों रौनक, अनुराग व अनिकेत को छोड़ गए हैं। परिवार के मुखिया की असमय मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी शोक का माहौल है।इस संबंध में इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि मारपीट में घायल आशाराम रावत की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

त्रिवेणीनगर में खुली नई पुलिस चौकी, अब अपराधियों पर रहेगी सीधी नजर

- डीसीपी मध्य अर्पित विजयवर्गीय ने किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। त्रिवेणीनगर में अब पुलिस की मौजूदगी और मजबूत होगी। मदेयगंज थाना क्षेत्र में नवनिर्मित पुलिस चौकी का गुरुवार को डीसीपी मध्य अर्पित विजयवर्गीय ने उद्घाटन किया। उन्होंने एडीसीपी मध्य जितेन्द्र कुमार दुबे और एसीपी महानगर अंकित कुमार की मौजूदगी में फीता काटकर चौकी का शुभारंभ किया। नई चौकी खुलने से क्षेत्र में पुलिस की पहुंच बढ़ेगी और कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का रास्ता भी आसान होगा। चौकी की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के साथ आम लोगों को पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है।

चौकी शुरू होने से पुलिस की नियमित गश्त और निगरानी बढ़ेगी। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिहाज से भी इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्षेत्र में किसी घटना या विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस को मौके तक पहुंचने में सहूलियत होगी। उद्घाटन के दौरान डीसीपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए। किसी भी शिकायत को नजरअंदाज न किया जाए और नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने और स्थानीय लोगों से संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना था कि पुलिस की जिम्मेदारी अपराधियों पर कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करना भी उतना ही जरूरी है। इस मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों ने नई चौकी खुलने पर खुशी जताई। उनका मानना है कि क्षेत्र में पुलिस की स्थायी मौजूदगी से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों को अपनी शिकायत लेकर दूर नहीं जाना पड़ेगा।

सृजन समर्पित हुआ आज ही दिवंगत हुये साहित्यकार धीरेंद्र वर्मा को



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्यसभा के द्वारा आयोजित 174 वां सृजन सम्मान आज ही दिवंगत हुए वरिष्ठ साहित्यकार श्री धीरेंद्र वर्मा को समर्पित कर सम्मान का नाम 'धीरेंद्र वर्मा स्मृति सृजन सम्मान ' कर दिया गया।

आज 174 वां धीरेंद्र वर्मा सृजन सम्मान वरिष्ठ शायरा भावना श्रीवास्तव को तथा धीरेंद्र वर्मा प्रेरणा सम्मान दिहाड़ी किचन के संस्थापक सोमनाथ कश्यप को हसीब सिद्दीकी सर्वेश अस्थाना महेंद्र भीष्म व शिव शरण सिंह ने दिया।

मधु पाठक मांझी के संयोजन और भ्रमर बैसवारी की अध्यक्षता में हुए इस सम्मान में योगी योगेश शुक्ल, महेश चंद्र महेश, प्रमोद श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सच्चिदानंद शलभ, राम दीक्षित, पंकज दिनकर, कौसर रिज़वी, डॉ सुभाष चंद्र गुरुदेव, महेश अस्थाना मधुर, संजय शर्मा रुद्र,विभा त्रिपाठी,नीलम दीक्षित,अरुणिमा जोशी,विमला त्रिवेदी, पँ बे अदब लखनवी, अच्युतानंद जायसवाल, हैदर जाफरी,अजय तोमर, खालिद लखनवी, रूबी राज सिन्हा आदि उपस्थित थे। शोकसभा के साथ कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

अंतरविभागीय समन्वय बढ़ाने को 16 डीएम से बात करेंगी प्रमुख सचिव

- फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में होगा एकजुट प्रयास

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में एक बार फिर व्यापक स्तर पर अभियान चलाने की तैयारी है। 19 नवंबर से शुरू होने जा रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य हेकाली झिमोमी ने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए अंतरविभागीय सहयोग बहुत जरूरी है। वह स्वयं सभी 16 जिलों के जिलाधिकारियों से बात करेंगी और जिलास्तरीय विभागाध्यक्षों के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों को सक्रिय करने को कहेंगी। साथ ही डीएम की दवा खाते हुए फोटो वायरल करने की अपील करेंगी।

प्रमुख सचिव ने गुरुवार को आयोजित स्टेट टास्क फोर्स की बैठक में एमडीए अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में शिक्षा, नगर विकास, पंचायती राज, यूपीएसआरएलएम समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आपसी समन्वय, रणनीति और जिम्मेदारियों का भरोसा दिलाया।

प्रमुख सचिव ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि फाइलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं और सामुदायिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इसलिए अंतरविभागीय समन्वय के माध्यम से अभियान का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और दवा सेवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि एमडीए के दौरान 1.21 करोड़ की लक्षित आबादी को फाइलेरिया से बचाव की दवाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार खिलाई जाएंगी। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार प्रवासी व इनकार करने वाले व्यक्तियों पर फोकस है। अभियान से पहले प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी संयुक्त रूप से ग्राम स्तर पर बैठक कर सभी पात्र व्यक्तियों को दवा खाने के लिए प्रेरित करेंगे और अभियान के समय स्वयं दवा खाकर उदघाटन करेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ पिंकी जोवेल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को अपने क्षेत्र के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दवा खिलवाना सुनिश्चित करना है। उन्होंने एमडीए के दौरान सभी सहयोगी संस्थाओं से मानिटरिंग में सहयोग करने की अपील की। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि फाइलेरिया के संक्रमण को रोकने के लिए नियमित दवा सेवन बेहद जरूरी है। इस बीमारी का संक्रमण संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। कई बार संक्रमित व्यक्ति में लंबे समय तक बीमारी के लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन वह संक्रमण की श्रृंखला का हिस्सा बना रह सकता है।

मलेरिया-कालाजार के खिलाफ अब प्रयोगशाला में बनेगी नई रणनीति

- एसजीपीजीआई में 13 नवंबर को राष्ट्रीय कार्यशाला, 100 से अधिक चिकित्सक होंगे शामिल; विशेषज्ञ देंगे जांच और रोग निगरानी का प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। मलेरिया और कालाजार जैसी संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन की मुहिम को नई रफ्तार देने के लिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में विशेषज्ञों का जमावड़ा लगेगा। संस्थान का सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) इंडिया के सहयोग से शुक्रवार, 13 नवंबर को 'मलेरिया एवं कालाजार : प्रयोगशाला से उन्मूलन तक' विषय पर राष्ट्रीय सीएमई और प्रयोगशाला कार्यशाला आयोजित करेगा।एक दिवसीय कार्यक्रम में सूक्ष्मजीव विज्ञान, संक्रामक रोग, रुधिर विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान, बाल रोग और त्वचा रोग विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक तथा रेजिडेंट डॉक्टर हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय विशेषज्ञों के व्याख्यान के साथ प्रतिभागियों को परजीवी विज्ञान प्रयोगशाला में माइक्रोस्कोपिक जांच, रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट, मलेरिया-कालाजार की पहचान और रोग निगरानी का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

भारत में मलेरिया नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2014 में मलेरिया से 562 मौतें हुई थीं, जो वर्ष 2024 में घटकर 86 रह गईं। वहीं, कालाजार के मामले वर्ष 2022 के 891 से घटकर वर्ष 2024 में 485 रह गए।

कालाजार उन्मूलन की दिशा में भी भारत ने वर्ष 2023 में ऐतिहासिक रूप से प्रभावित 54 जिलों के सभी 633 ब्लॉकों में प्रति 10 हजार आबादी पर एक से कम मामला दर्ज करने का मानक हासिल किया था और इसे बरकरार रखा है। कार्यशाला की आयोजन अध्यक्ष प्रो. रुंगमेई एसके मरक और आयोजन सचिव डॉ. अवधेश कुमार हैं। कार्यक्रम में 100 से अधिक चिकित्सकों के शामिल होने की संभावना है, जबकि 50 प्रतिभागियों को विशेष प्रयोगशाला प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंजीकरण निःशुल्क रखा गया है।

सुगमऊ कांड पर फूटा विहिप-बजरंग दल का आक्रोश

- दो दिन में सभी आरोपियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर होगा धरना-प्रदर्शन, पुलिस की कार्यशैली पर उठाए तीखे सवाल, पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए आर-पार की लड़ाई का ऐलान
- इंदिरा नगर थाने का किया घेराव, पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के सुगमऊ में दलित महिला लक्ष्मी रावत के साथ कथित बर्बर मारपीट का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने इंदिरा नगर थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर की और मामले में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए पूछा कि आखिर 6 नवंबर को हुई घटना पर तत्काल कठोर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? 10 नवंबर को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद ही पुलिस की सक्रियता क्यों बढ़ी? क्या किसी गंभीर घटना में कार्रवाई के लिए वीडियो वायरल होना और संगठनों का दबाव बनाना जरूरी है? संगठन का आरोप है कि महिला पर बच्चा चोरी का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने उन्हें बंधक बनाया और बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप यह भी है कि घायल महिला को ठेलिया पर लादकर पुलिस चौकी ले जाया गया, जहां वह कई घंटे तक घायल अवस्था में पड़ी रहीं। संगठन ने इस पूरे घटनाक्रम में स्थानीय पुलिस की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

चार गिरफ्तारियों से मामला समाप्त नहीं होगा: विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों का कहना है कि केवल कुछ लोगों को हिरासत में लेने से न्याय की मांग पूरी नहीं होगी। वायरल वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की पहचान कर उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही पीड़िता का बेहतर उपचार, सुरक्षा और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित की जाए।

पुलिस को 48 घंटे की मोहलत, आंदोलन की चेतावनी: थाने के घेराव के दौरान संगठन ने पुलिस प्रशासन को दो दिन यानी 48 घंटे का स्पष्ट अल्टीमेटम दिया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय के भीतर सभी संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संगठन बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करेगा।

विहिप प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह ने कहां संगठन ने स्पष्ट किया कि महिला के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के मुद्दे पर किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अब पूरे मामले पर पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई और दिए गए अल्टीमेटम के बाद होने वाले घटनाक्रम पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से बजरंग दल के विभाग संयोजक विजय, प्रचार टोली के सदस्य शरद चंद्र, राकेश सिंह राकेश सिंह प्रखंड अध्यक्ष सहित जिले और प्रखंड की कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर





पत्नी को मिली पति की मौत की खबर तो बदहवास हुई, परिवार में मचा कोहराम

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

सीतापुर-बरेली हाईवे पर बरतारा चैराहे के पास बुधवार देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान बाइक चला रहे सत्यवान सिंह उर्फ सत्यभान सिंह (55) की मौत हो गई। वहीं उनके साथी सुनील की हालत गंभीर बनी हुई है। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचैलिया क्षेत्र के हरिहरपुर बंजरिया गांव निवासी निशांत उर्फ कल्लू ने बताया कि गुरुवार शाम उनके पिता सत्यवान सिंह गांव के ही साथी सुनील के साथ बाइक से घर का सामान खरीदने बरतारा आए थे। देर शाम दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बरतारा चैराहे पर सड़क पार करते समय सीतापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने सत्यवान को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। साथी सुनील का उपचार जारी है। उधर, पति की मौत की खबर जैसे ही पत्नी रेनू तक पहुंची, वह बदहवास हो गईं। परिवार में चीख-पुकार मच गई। जिस घर में कुछ देर पहले तक अपनों के लौटने का इंतजार था, वहां अचानक मातम छा गया। सत्यवान अपने पीछे तीन बेटे और तीन बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पिता की मौत से बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। हादसे के बाद फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

बरतारा चौराहा बना हादसों का केंद्र, फ्लाईओवर या अंडरपास बनाने की उठी मांग

- दर्जनों सड़क हादसों में कई लोग गंवा चुके हैं जान, आए दिन दुर्घटनाओं से सहमे रहते हैं राहगीर

(अमरदीप रस्तोगी)



रोजा, शाहजहांपुर। सीतापुर-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बरतारा चौराहा लोगों के लिए हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। यहां फ्लाईओवर या अंडरपास की व्यवस्था न होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। अब तक दर्जनों हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि तमाम लोग गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगीभर का दर्द झेलने को मजबूर हुए हैं। इसके बावजूद चैराहे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो सकी है। बरतारा चौराहे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण वाहनों की रफ्तार भी तेज रहती है। ऐसे में एक ओर से दूसरी ओर जाने वाले वाहन चालकों और सड़क पार करने वाले लोगों को काफी जोखिम उठाना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच रास्ता पार करना किसी चुनौती से कम नहीं है। जरा सी चूक होने पर बड़ा हादसा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरतारा चैराहे पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कई परिवार सड़क हादसों में अपने अपनों को खो चुके हैं। हर दुर्घटना के बाद कुछ समय तक चर्चा होती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कदम नहीं उठाया जाता। क्षेत्रीय लोगों ने सरकार और संबंधित विभाग के अधिकारियों से बरतारा चैराहे पर फ्लाईओवर अथवा अंडरपास का निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक यहां सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक हादसों का खतरा बना रहेगा। लोगों ने जनहित और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य स्वीकृत कराकर शुरू कराने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को सड़क हादसे में अपना प्रियजन न खोना पड़े।

भाभी ने बेटों संग मिलकर देवर को पीटा, केस दर्ज

सेहरामऊ दक्षिणी,शाहजहांपुर। गांव कैलहा में जमीनी विवाद के चलते भाभी ने अपने तीन बेटों के साथ मिलकर देवर को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पीड़ित कैलहा निवासी लालाराम वर्मा ने बताया कि उसके बड़े भाई राजेन्द्र की पत्नी निर्मला मृतक भाई की कृषि भूमि को अवैध रूप से अपने नाम दर्ज कराने का प्रयास कर रही है। इसको लेकर वह आए दिन थाने पर प्रार्थना पत्र देकर परेशान कर रही थी। आरोप है कि लालाराम के नहीं मानने पर बुधवार दोपहर करीब 2 बजे निर्मला ने अपने लड़के भीमसेन, अर्जुन और जयपाल के साथ मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में लालाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। इस संबंध में सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

खबरें एक नजर में

बंडा-पुवायां रोड पर दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

बंडा, शाहजहांपुर। बंडा-पुवायां मार्ग पर जियो पेट्रोल पंप के पास देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो युवक और एक महिला घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बंडा क्षेत्र के गांव डभौरा सेवई निवासी 26 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र रामसेवक अपनी बहन सरोजा देवी के साथ बाइक से बंडा की ओर जा रहे थे। सरोजा देवी दलेलपुर की निवासी हैं। जियो पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सुनील को गंभीर चोटें आईं, जबकि सरोजा देवी भी घायल हो गईं। परिजन आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद सुनील को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि सरोजा देवी का सीएचसी में ही इलाज चल रहा है। दूसरी बाइक पर सवार बंडा क्षेत्र के गांव सिंगापुर पनई निवासी 30 वर्षीय अरुण श्रीवास्तव पुत्र भगवान शरण श्रीवास्तव भी इस हादसे में घायल हुए। बताया गया कि वह अपने गांव से पुवायां जा रहे थे। हादसे के बाद 108 एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी बंडा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। सूचना मिलने पर देर रात घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे।

स्व. कुँवर जितेंद्र प्रसाद को जयंती पर किया नमन, समाधि स्थल पर अर्पित की पुष्पांजलि



शाहजहांपुर। पूर्व सांसद स्व. कुंवर जितेंद्र प्रसाद बाबा साहब की जन्मतिथि पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके समाधि स्थल पर भी पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा विधायक चेतराम, अरविंद सिंह, हरि प्रकाश वर्मा सहित तमाम भाजपा नेता प्रसाद भवन पहुंचे जहां समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सभी लोगों का स्वागत किया। इस दौरान विधायक चेतराम ने कहा कि बाबा साहब का आशीर्वाद, मार्गदर्शन और उनके आदर्श सदैव हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनका सादगीपूर्ण जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण और उच्च संस्कार आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को सदैव याद किया जाता रहेगा।

धान खरीदः दूसरे किसानों के गाटा नंबर का लगाने पर होगी कार्रवाईः डिप्टी आरएमओ



शाहजहांपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत धान खरीद के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑनलाइन किसान पंजीकरण किया जा रहा है। इसको लेकर डिप्टी आरएमओ एवं अपर जिला खरीद अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय ने किसानों से पंजीकरण के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी खतौनी में दर्ज गाटा संख्या का ही पंजीकरण में उल्लेख करें। किसी अन्य किसान के गाटा नंबर को अपने पंजीकरण में शामिल न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि पंजीकरण प्रपत्रों की जांच में यदि किसी किसान द्वारा दूसरे किसान का गाटा नंबर जोड़कर फर्जी तरीके से धान बिक्री करने का मामला सामने आया तो संबंधित किसान के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित किसान की होगी। उन्होंने किसानों से पंजीकरण के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न करने की अपील की है।

जलालाबाद में रोजगार मेला 17 को

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाए जाने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से जलालाबाद राजकीय आईटीआई में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 10 से 15 कम्पनिया 1000-1200 से अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। उक्त रोजगार मेला में 18 वर्ष से 40 वर्ष के तक के हाईस्कूल इन्टर स्तानक, स्नातकोत्तर आईटीआई, जीटीआई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षित अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर समस्त शैक्षिक, तकनीकि प्रमाण पत्र की छायां प्रतियां, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, अपने बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ 17 नवम्बर को राजकीय आईटीआई जलालाबाद परिसर में उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते है। जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने दी।

भाईदूज पर समाजसेवी ने स्वच्छता प्रहरी बहनों को दिया सम्मान, तिलक लगाकर मनाया पर्व

- सफाई करने वाली बहनों के नाम रही भाईदूज की खुशियां संजय गुप्ता ने बहनों को भेंट किए उपहार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास और आत्मीयता के पर्व भाई दूज पर समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले ने सामाजिक संवेदना की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने शहर की महिला स्वच्छता प्रहरियों के साथ भाई दूज की खुशियां साझा कर उन्हें सम्मान और अपनत्व का एहसास कराया। उनके आवास पर पहुंचीं महिला सफाई कर्मियों ने संजय गुप्ता के माथे पर तिलक लगाकर भाई दूज की परंपरा निभाई। इसके बाद संजय गुप्ता ने सभी बहनों को उपहार और मिष्ठान भेंटकर उनका अभिनंदन किया। उपहार पाकर महिला स्वच्छता प्रहरियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर संजय गुप्ता ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने में महिला स्वच्छता प्रहरियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। तपती धूप हो, कड़ाके की ठंड या विपरीत परिस्थितियां, ये महिलाएं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करती हैं। उनका श्रम केवल शहर की सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि स्वस्थ और स्वच्छ समाज की नींव मजबूत करने में भी अहम योगदान देता है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, आत्मनिर्भरता और कर्तव्यनिष्ठा की ये प्रतिमूर्तियां समाज में सम्मान की वास्तविक अधिकारी हैं। संजय गुप्ता ने कहा कि इन बहनों का सम्मान किसी एक दिन का उपक्रम नहीं, बल्कि उनके प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आत्मीयता का भाव है। भाई दूज के पावन अवसर पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनके सुख-दुख और जरूरत के समय सदैव एक भाई की तरह उनके साथ खड़े रहेंगे।

कुकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



सिंधौली, शाहजहांपुर। कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें पल्लवी दीक्षित की पनीर की सब्जी ने प्रथम, कौशिकी दीक्षित की मिक्स सब्जी को द्वितीय, अनमोल सक्सेना की छोले की सब्जी को तृतीय, पूर्णिमा शर्मा की दाल कचैड़ी को चैथा स्थान मिला। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों की सराहना की सोनी सक्सेना लक्ष्मी यादव अंशिका शर्मा शुभी यादव का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने शिक्षकों सहित बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से खाना बनाने की कला का समुचित विकास होता है बचपन से ही बच्चे जो सीखते हैं इसका निर्माण भी अच्छे से कर सकते हैं। प्रतियोगिता प्रभारी पल्लवी राठौर आन्या शुक्ला ज्योति यादव रीता चैहान ने भी सभी बच्चों की हौसला अफजाई की है इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

कलाननगर में शाम से गूंजेगी जय श्रीराम की गूंज

समृद्धि न्यूज, कलान, शाहजहांपुर।



कलान नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी ऐतिहासिक रामलीला मेले का आयोजन अत्यंत धूमधाम के साथ किया जा रहा है। मेले का भव्य शुभारंभ गुरुवार को शाम ठीक 8 बजे से होगा। आयोजन को लेकर मेला कमेटी और स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मेला अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि मेले के उद्घाटन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, सुरक्षा और दर्शकों की सुविधा के लिए अन्य प्रबंधों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस ऐतिहासिक रामलीला मेले का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित लीलाओं का सजीव मंचन रहेगा। इसके अलावा, मेले के दौरान विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ अन्य जगहों से आने वाले कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मेले के शुभारंभ को लेकर कलान नगरवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस आयोजन को लेकर बेहद उत्सुक हैं। मेला कमेटी के अनुसार, न केवल नगर बल्कि आसपास के दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में दर्शकों और श्रद्धालुओं के जुटने की पूरी उम्मीद है, जिसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

डकैती की योजना बना रहे चार आरोपी गिरफ्तार

- चोरी का माल और तमंचा बरामद, रोजा पुलिस ने सुतनेरा मोड़ के पास दबोचा, सोने-चांदी के जेवर, नकदी और हथियार बरामद

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



थाना रोजा पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न चोरी की घटनाओं से संबंधित सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों के पास से हथौड़ा, पेचकस और कटर भी मिला है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुरुवार को रोजा पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त, शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग सुतनेरा मोड़ मुकरमपुर के पास डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रात करीब 12.10 बजे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चांद मोहम्मद पुत्र ताहिर, जुनैद पुत्र मकसूद, उस्मान पुत्र असगर और फहीम पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला लोधीपुर, थाना रोजा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से कुल 21 ग्राम पीली धातु, 616 ग्राम सफेद धातु, 13,050 रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा और 315 बोर के तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल किए जाने वाले हथौड़ा, पेचकस और कटर भी बरामद किए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद माल थाना रोजा में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। गिरफ्तार चारों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

गाली देने से रोकने पर ग्रामीण को लाठी-डंडों से पीटा, चार पर केस दर्ज

समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।

थाना क्षेत्र की बारीबरा कॉलोनी में गाली-गलौज का विरोध करना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया। आरोप है कि चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर ग्रामीण को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रामकरण पुत्र नन्हेंलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे की है। गांव के ही अजय पाल और विजय पाल पुत्रगण लोकराम तथा अजय और शेर पुत्रगण विजय पाल उनके दरवाजे के सामने खड़े होकर नाम लेकर गालियां दे रहे थे। रामकरण के मुताबिक जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो चारों ने मिलकर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके सिर और शरीर में चोटें आईं। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद वह थाने गया और फिर सरकारी अस्पताल बंडा में मेडिकल जांच कराई। इलाज के बाद 11 नवंबर को उसने थाने में लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बंडा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छठ महापर्वः सूर्योपासना व लोक आस्था का अद्भुत संगम बनेगा शाहजहांपुर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



लोक आस्था, पवित्रता, प्रकृति प्रेम और सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा इस वर्ष शहीदों की नगरी शाहजहांपुर में श्रध्दा एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के तत्वावधान में लोदीपुर छठघाट हनुमतधाम व गर्रा घाट पर महासभा द्वारा तैयारियां कराई जा रही है। लोदीपुर घाट पर छठ महापर्व के आयोजन की विशेष सुन्दरीकरण कर कार्य पूर्वांचल महासभा के द्वारा जेसीबी की सहायता से समतलीकरण तथा सुंदरीकरण कराया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि छठ महापर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, पारिवारिक एकता, सामाजिक समरसता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अनुपम पर्व है। विशेष रूप से पूर्वांचल की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महापर्व अब शाहजहांपुर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परम्परा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। समिति के महामंत्री विपुल प्रसाद ने बताया कि तीनों घाटों पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रशासन से सहयोग प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्वक एवं बड़ा भान से भगवान को अर्घ्य अर्पित कर सकें। समिति के संरक्षक वीरेन्द्रनाथ राम ने कहा कि छठ पर्व लोगों को एक सूत्र में जोड़ना जोड़ना और और अपनी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पद्धचाना पहु भी है। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व पदिनों तक चलने बाला कठिन साधना, समय और श्रद्धा का अनुष्ठान है। प्रथम दिन 13 नवम्बर को व्रत पवित्र स्नान करके शुध्दता एवं सात्विकता के साथ व्रत का संकल्प लेते है। घरों में शुद्ध भोज तैयार किया जाता है। द्वितीय दिवस व्रती दिनभर उपवास रखेंगे और सन्ध्या के समय गुड़ की खीर, रोटी आदि ग्रहण करेंगे। इसे खरना के नाम से जानते हैं। तृतीय दिवस पर संध्या अर्घ्य हाल तीनों निर्धारित घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस पहुंच कर इस समय छटी मैया के पारंपरिक गीतों से बातावरण भक्तिमय हो उत्ता है। चतुर्थ दिवस - ऊषा अर्घ्य अर्पित कर व्रती पारण करते हैं। इसके बाद चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। पूर्वांचल महा सभा द्वारा प्रसाद वितरण होगा। अर्घ्य हेतु दुग्ध, 15 और 16 नम्बर को चाय व्यवस्था, सेल्फी प्वाइंट ,वस्त्र परिवर्तन हेतु घाट पर व्यवस्थाएँ की जाएगी। घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल व महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। गोताखोरों एवं प्रशिक्षित बचाव कर्मियों की व्यवस्था रहेगी। कामेश्वर सिंह, वंशराज सिंह, वंशराज सिंह, जीएन गुप्त, सुनील तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, मुकेश परिकार, अर्जुनपुरी, अनिल मौर्य आदि मौजूद रहे।

कल लगेगा मोतियाबिंद का शिविर

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। जय बाबा कालसेन चैरिटेवल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि 14 नबम्बर शनिवार के दिन गाँव अकबरपुर में स्थित नर्मदेश्वर मन्दिर प्रांगण में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें डॉक्टर आफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का चयन करेंगे। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरविन्द कुमार सिंह फीता काटकर करेंगे। शिविर का क्षेत्रीय गाँवो में प्रचार प्रसार के लिए पम्पलेटों का वितरण करके कराया जा रहा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई ससुराल आये युवक की मौत

- डेढ़ साल के मासूम के सिर से उठा पिता का साया, गुटखा लेने के लिए हाईवे किनारे गया था युवक, पत्नी और मां का रो-रोकर बुरा हाल

समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिण, शाहजहांपुर।

भैयादूज के त्योहार पर पत्नी के साथ ससुराल आया एक युवक घर लौटने से पहले ही मौत के आगोश में समा गया। हाईवे किनारे गुटखे की पुड़िया लेने जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन आनन-फानन में राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। त्योहार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना आरसी मिशन क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी 25 वर्षीय रोहित कुमार बुधवार को अपनी पत्नी विनीता के साथ भैयादूज का पर्व मनाने सेहरामऊ दक्षिणी कस्बा निवासी अपने ससुर सोनपाल कश्यप के घर आया था। शाम करीब सात बजे रोहित लखनऊ-पलिया हाईवे किनारे स्थित एक खोखे से गुटखे की पुड़िया लेने जा रहा था। इसी दौरान शाहाबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रोहित गंभीर रूप से घायल होकर



सड़क पर गिर पड़ा। हादसे की सूचना मिलते ही उसका साला वीरपाल अपने भाइयों के साथ मौके पर पहुंचा। परिजन सरकारी एंबुलेंस से उसे तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही पत्नी विनीता और अन्य परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। रोहित की मौत ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। वह अपने पीछे पत्नी विनीता, महज डेढ़ साल का मासूम बेटा, मां ज्ञानवती, बहन सलोनी और भाई रजनीश को रोता-बिलखता छोड़ गया है। जिस मासूम को अभी पिता की उंगली पकड़कर चलना सीखना था, उसके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। मृतक के बड़े भाई अवनीश ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आवारा गोवंश के सामने आने से ट्रक ने कार को मारी टक्कर, महिला गंभीर

भैयादूज पर ससुराल से लौट रहा था परिवार, हादसे में बाल-बाल बचे बच्चे, चालक ट्रक लेकर फरार

रोजा, शाहजहांपुर। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में गुरूवार दोपहर आवारा गोवंश के अचानक कार के सामने आ जाने से बड़ा हादसा हो गया। कार चालक के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बच्चों समेत अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला और पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कार में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, जलालाबाद थाना क्षेत्र के नगरिया बुजुर्ग निवासी विभू सिंह अपनी पत्नी रमा देवी, भांजी सीमा और बच्चों नितेश व कार्तिक के साथ भैयादूज पर थाना रोजा क्षेत्र के गांव सरसवां फतियापुर स्थित अपनी ससुराल आए थे। शुक्रवार को सभी लोग इंडिका कार से वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के बगिया के पास अचानक एक गोवंश कार के सामने आ गया। उसे बचाने के लिए चालक विभू सिंह ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रमा देवी को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। हादसे में परिवार के अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

सीतापुर रेलवे लाइन पर क्षत-विक्षत हालत में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

- निगोना और चकभिटारा रेलवे फाटक के बीच ट्रैक पर पड़ा था शव
- पैर कटे और चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से नहीं हो सकी पहचान

रोजा, शाहजहांपुर। रोजा क्षेत्र में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार देर रात सीतापुर रेलवे लाइन पर निगोना और चकभिटारा रेलवे फाटक के बीच रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की हालत इतनी खराब थी कि मौके पर मौजूद लोग भी उसकी पहचान नहीं कर सके। रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना रेलवे कंट्रोल को दी गई। इसके बाद रेलवे कर्मियों और रोजा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटवाकर कब्जे में लिया और मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक के दोनों पैर कटे हुए थे, जबकि चेहरा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। शरीर की हालत खराब होने के कारण उसकी उम्र और पहचान का पता नहीं चल सका। वहीं शव के पास से भी कोई ऐसी वस्तु बरामद नहीं हुई, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि अज्ञात शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि व्यक्ति किस ट्रेन की चपेट में आया।

खबरें एक नजर में

पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

कांट, शाहजहांपुर। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 11 नवंबर को वादी ने थाना कांट में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने उसकी पुत्री के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर थाना कांट में मुकदमा संख्या 511/26 धारा 65(1)/62 बीएनएस व 3/18 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना कांट पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मधुरपाल सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सरथौली थाना कांट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे ग्राम सरथौली मोड़ की पुलिया के पास से रात करीब 8.39 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर, महिला उपनिरीक्षक निष्ठा लौर और कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

बेटी व बेटे को मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

तिलहर - शाहजहानपुर। गांव अजीज पुर नौगवां निवासी वंदना पत्नी उदयवीर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी बीती नौ नवंबर की दोपहर करीब 12 बजे घर की बाउंड़ी ठीक कर रही थी । इसी दौरान गांव के ही परवेश पुत्र रामजन्टर सत्यपाल व राकेश पुत्रगण मलखान व सोनू पुत्र राकेश ईर्ष्या वश एक राय होकर बेटी को मारने दौड़ पड़े। बेटी खुद को बचाने के लिए घर के अन्दर भाग कर आ गयी । आरोप है कि उक्त लोगों ने घर का दरवाजा धक्का देकर खोल दिया । और घर में घुसकर मारपीट करने लगे । जिससे उसकी बेटी नितिका व बेटा निखिल घायल हो गए । पीड़ित मां ने जान से मारने की धमकी देने व घटना की वीडियो होने का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है।

हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार



शाहजहांपुर। कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक 11 नवंबर को वादिनी ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अभियुक्तों ने उसके घर में घुसकर उसे जमीन पर गिरा दिया और गर्दन पर पैर रखकर जान से मारने की नीयत से दबाया। इस मामले में थाना कोतवाली में मुकदमा संख्या 408/26 धारा 191(2), 191(3), 333, 109(1), 351(3)/115(2) बीएनएस व 3(2)(Va) एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों ने शीघ्र साक्ष्य संकलन और विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस की टीम गठित की गई। बुधवार 12 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे से संबंधित अभियुक्त अविनाश कुमार बरेली मोड़ पर सीतापुर की ओर जाने वाले रास्ते पर खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे बरेली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अविनाश कुमार पुत्र स्वर्गीय राजेश कुमार उम्र करीब 42 वर्ष निवासी मोहल्ला बिजलीपुरा थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुशांत रावत, कांस्टेबल रोहित सांगवान और रिक्रूट कांस्टेबल अभयवीर सोम शामिल रहे।

तीन माह पहले प्रेम विवाह करने वाली नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पति बोला–सुबह दोनों ने एक ही थाली में बैठकर किया था भोजन, कोई विवाद नहीं हुआ था, मायके पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।

शाहजहांपुर जनपद के मदनापुर थाना क्षेत्र में तीन माह पहले प्रेम विवाह करने वाली 25 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार सुबह महिला का शव घर के कमरे में छत के कुंडे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव सैजना मधु निवासी महिमा भारती की तीन माह पहले गांव के ही संतोष कुमार से प्रेम विवाह हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच



मोबाइल पर बातचीत के बाद प्रेम संबंध हुए थे, जिसके बाद उन्होंने कोर्ट मैरिज की थी। मृतका के पति संतोष के मुताबिक, गुरुवार सुबह दोनों ने एक ही थाली में बैठकर खाना खाया था। इस दौरान उनके बीच किसी तरह का कोई



विवाद नहीं हुआ था। संतोष ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे वह अपनी मां के साथ घर के बाहर उपले लगा रहा था। काम खत्म करने के बाद जब वह कमरे में पहुंचा और दरवाजा खोला तो महिमा छत के कुंडे से लटकी हुई थी। उसने मां की मदद से महिमा को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मायके पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू: घटना के बाद संतोष ने महिमा के मायके वालों को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद मायके पक्ष ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मदनापुर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल नवविवाहिता की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

परिवार परामर्श केंद्र में 20 मामलों की सुनवाई, एक दंपती में हुआ समझौता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बुधवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 20 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिसमें एक दंपति के बीच समझौता कराकर उन्हें सकुशल विदा किया गया। मामला थाना निगोही क्षेत्र का है। दंपति की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदिका पिछले डेढ़ माह से अपने मायके में रह रही थी। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग कराई गई। आवेदिका ने बताया कि उसके पति उस पर शक करते हैं, मारपीट करते हैं और खर्चा भी नहीं देते। उसने कहा कि यदि पति शक करना बंद कर दे तो वह साथ रहने को तैयार है। वहीं पति ने कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ रहना चाहता है, अब मारपीट नहीं करेगा और खर्चा उठाएगा। दोनों पक्षों को समझाने के बाद आपसी सहमति से समझौता हो गया और उन्हें केंद्र से विदा किया गया। इस मौके पर मुख्य महिला आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी पिंकी, नेहा चौहान, शीतल चौहान, मोनिका कुमारी, रश्मि चौधरी, आरक्षी विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत, मचा हड़कंप

जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर बुलेट एजेंसी के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने साइकिल से जा रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। वहीं, टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का भी कोई सुराग नहीं लग पाया था। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही दुर्घटना में शामिल वाहन का पता लगाने के लिए भी जांच की जा रही है। फिलहाल इस हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस का कहना है कि मृतक की शिनाख्त और दुर्घटना से संबंधित तथ्यों की जानकारी जुटाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- जलालाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर बुलेट एजेंसी के पास हुआ हादसा, मृतक की पहचान कराने में जुटी पुलिस

नगर आयुक्त के निरीक्षण में 8 अधिकारी कर्मचारी मिले अनुपस्थित, मांगा स्पष्टीकरण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

नगर आयुक्त ने बुधवार सुबह 11 बजे नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 8 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित मिले। नगर आयुक्त ने अनुपस्थित कार्मिकों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त के साथ विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण विभाग में 6 कर्मचारी, लेखा विभाग में 1 कर्मचारी और कर विभाग के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। वहीं जलकल और स्वास्थ्य विभाग में सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। पथ



प्रकाश विभाग में भी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। संपत्ति विभाग में उपस्थित कार्मिकों ने बताया कि कुछ कर्मचारी प्रशिक्षण और क्षेत्रीय कार्यों में लगे हुए हैं। निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त ने रोशनी गोदाम और पुराने कार्यालय भवन टाउनहॉल में बायोमेट्रिक मशीन स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि नवीन कार्यालय भवन में बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही वेतन संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

छात्रों के लिए आज खुला रहेगा पोर्टल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट के वह छात्र-छात्राएं जिन्होंने विद्यालय में बायोमेट्रिक कराकर अभी तक अपना छात्रवृत्ति आवेदन फारवर्ड नहीं कराया है। ऐसे छात्रों के लिए आज शुक्रवार को पोर्टल खुला गया है। जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने छात्रों और विद्यालय से अपील की है कि वो इस अंतिम अवसर का लाभ उठाते हुए बायोमेट्रिक करना सुनिश्चित करें।

दोदराजपुर राम लीला मेला की निकली राम बारात

- जगह जगह पुष्प वर्षाकर किया गया देव स्वरूप झांकियों का स्वागत

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

नगर की प्राचीन रामलीला दोदराजपुर की गुरुवार को श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। जिसका जगह जगह पुष्प वर्षाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर देव स्वरूप झांकिया आकर्षण का केंद्र रहीं। गुरुवार शाम पांच बजे मेला प्रबंधक विवेक मेहरोत्रा उर्फ सोनू खन्ना के हिंदूपट्टी स्थित आवास पर भगवान श्रीराम समेत चारों भाइयों का कमेटी अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, सोनू खन्ना,



विपिन खन्ना, प्रशांत खन्ना आदि ने तिलक पूजन करके रथ पर विराजमान किया। यहां से विभिन्न देव स्वरूप झांकियों के साथ श्रीराम बारात ने प्रस्थान किया। बारात मोहल्ला हिंदू पट्टी, जेर बरगद, दिलाजाक, कच्चा कटरा, पक्का कटरा, मीरगंज, मौजमपुर, दातागंज, निजामगंज, मुख्य चौराहा बिरियागंज होती हुई मेन बाजार, सुभाष कॉलोनी, पुराना रोडवेज से होकर अस्पताल रोड से आर्य समाज होकर देर रात मेला स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। बारात में श्री गणेश, मां दुर्गा, श्री राधाकृष्ण, शिव शंकर पार्वती, मां सरस्वती, खाटू श्याम बाबा, हनुमंत लाल, काली अखाड़ा, समेत विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न बैंड बाजे के मनोहारी गीतों की ध्वनि पर अनायास ही दर्शक थिरकते नजर आए। बारात में सीओ विदुष सक्सेना, कोतवाल प्रभाष चंद्र, चौहटिया चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार समेत भारी पुलिस बल बारात की निगरानी में मुस्तैद रहा।

जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, किसान भाई जरूरत के अनुसार करें उर्वरकों का क्रय

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान रबी फसली मौसम में जनपद में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। माह नवम्बर, 2026 तक की स्थिति के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी एवं एसएसपी उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की नियमित समीक्षा की जा रही है, जिससे किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक सुगमतापूर्वक उपलब्ध हो सकें। वर्तमान में जनपद में यूरिया की 54,525 मीट्रिक टन उपलब्धता के सापेक्ष 6,632 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार डीएपी की 13,572 मीट्रिक टन उपलब्धता के सापेक्ष 4,578 मीट्रिक टन, एनपीके की 20,235 मीट्रिक टन उपलब्धता के सापेक्ष 2,278 मीट्रिक टन, एमओपी की 2,103 मीट्रिक टन उपलब्धता के सापेक्ष 474 मीट्रिक टन तथा एसएसपी की 25,879 मीट्रिक टन उपलब्धता के सापेक्ष 4,309 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। कृषकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी फसल की आवश्यकता एवं कृषि विभाग द्वारा संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। गन्ना, गेहूं, सरसों, दलहनी फसलों तथा गन्ना पेड़ी के लिए मृदा की उर्वरता एवं फसल की आवश्यकता के अनुरूप संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाएं। उर्वरकों का अनावश्यक एवं असंतुलित प्रयोग न करें। किसान भाई अपनी आवश्यकतानुसार जनपद के अधिकृत उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्था के अनुसार उर्वरक क्रय कर सकते हैं। उर्वरक क्रय करते समय निर्धारित दर पर ही भुगतान करें तथा उर्वरक की खरीद का बिल अवश्य प्राप्त करें। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में उर्वरकों के सुचारु वितरण एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री, अनधिकृत टैगिंग तथा अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष में अब तक 966 छापे आयोजित किए गए हैं तथा विभिन्न उर्वरकों के 142 नमूने विश्लेषण हेतु प्रयोगशालाओं को प्रेषित किए गए हैं। अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कृषकों से अपील है कि वे उर्वरकों की अनावश्यक खरीद एवं भंडारण से बचें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना संबंधित कृषि विभाग के अधिकारियों को दें, जिससे समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

पर्व के दृष्टिगत वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु बेलरायां रेंज में फ्लैग मार्च, वन विभाग ने दिया सख्त संदेश

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति दुधवा टाइगर रिजर्व की दृढ़ प्रतिबद्धता, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता एवं निगरानी बढ़ाई गई। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के उपनिदेशक जगदीश आर. के निर्देशन में दीपावली पर्व के निकट आने के दृष्टिगत वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बेलरायां रेंज में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां दीपक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित यह फ्लैग मार्च बेलरायां रेंज के अंतर्गत ग्राम कुसाही से प्रारंभ होकर तकियापुरवा, हरखक्सपुरवा, हरद्वाही तथा बेलरायां



बाजार होते हुए निकाला गया। फ्लैग मार्च में क्षेत्रीय वन अधिकारी बेलरायां राकेश कुमार तिवारी सहित समस्त वन दरोगा, वन्यजीव रक्षक, वन रक्षक, एसटीपीएफ जवान एवं न्यूनतम वेतन कर्मचारी शामिल रहे। बेलरायां रेंज अपनी बहुमूल्य एवं बहुलता में विद्यमान वृक्ष संपदा तथा वन्यजीवों की समृद्ध विविधता के कारण अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां वन संपदा एवं वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। दीपावली पर्व के दौरान आतिशबाजी, आगजनी, अवैध गतिविधियों तथा मानवीय हस्तक्षेप से वन एवं वन्यजीवों को संभावित नुकसान की आशंका को देखते हुए विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। फ्लैग मार्च का प्रमुख उद्देश्य आम जनमानस में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ यह स्पष्ट संदेश देना था कि वन संपदा, बहुमूल्य वृक्षों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के मामले में वन विभाग पूरी तरह सजग, सतर्क एवं दृढ़ संकल्पित है। वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, वन संपदा को क्षति पहुंचाने, वन्यजीवों को परेशान करने अथवा उनके जीवन एवं प्राकृतिक आवास को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान आम नागरिकों से अपील की गई कि वे दीपावली का पर्व सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं तथा वन क्षेत्रों के आसपास आतिशबाजी, आग जलाने एवं ऐसी किसी भी गतिविधि से बचें, जिससे वन संपदा और वन्यजीवों को खतरा उत्पन्न हो सकता है। वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में विभाग का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि वन एवं वन्यजीव संरक्षण केवल विभागीय दायित्व ही नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विभाग की निगरानी, गश्त एवं प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा संरक्षण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। वन एवं वन्यजीव सुरक्षित रहेंगे, तभी प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन कायम रहेगा।

चुनौतियों से मुंह छिपाती सरकार



बुधवार सुबह सात बजे के करीब असम में एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना होते-होते बची। गुवाहाटी के पास दिगारू रेलवे स्टेशन पर कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस पटरी से उतर गई, जिसमें कुछ यात्री घायल हुए हैं, हालांकि किसी की जान जाने की खबर नहीं है, जो बड़ी राहत की बात है। पहले जो जानकारी आई, उसके मुताबिक जनशताब्दी एक्सप्रेस को रास्ता देने के लिए जब इस ट्रेन को लूप लाइन पर रोका जा रहा था, तो लोको पायलट ट्रेन की गति नियंत्रित नहीं कर सके और ट्रेन डेड-एंड के बैरिकेड्स से टकराकर पटरी से उतर गई। लेकिन असल बात यह है कि ट्रेन का इमरजेंसी ब्रेक और ब्रेक प्रेशर सिस्टम (ए १ध्एसए १) फेल हो गया। सोशल मीडिया पर लोको पायलट के केबिन का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे ब्रेक काम न करने की बात कह रहे हैं। इस वीडियो में लोको पायलट को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि कुछ भी काम नहीं कर रहा है सिग्नल लाल है, लेकिन एसए १ और ए१ काम नहीं कर रहे हैं। शायद लोको पायलट ने इस आपात स्थिति में मोबाइल से रिकॉर्डिंग कर ली, ताकि सच्चाई सबके सामने आए। वर्ना रेलवे अधिकारियों ने तो बयान दे दिया था कि लोको पायलट ट्रेन की रफ्तार पर काबू नहीं रख सके, जिससे इंजन और पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। कायदे से छोटी सी छोटी दुर्घटना होने पर भी रेलवे को बाकायदा जांच करवा कर ही किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए। इससे भविष्य में दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी, क्योंकि जांच में जो कारण सामने आएंगे, फिर उन पर सुधार का काम हो सकेगा। किसी भी व्यवस्था को ऐसे ही दुरुस्त बनाया जाता है। लेकिन भारत में अब काम के तरीके और जिम्मेदारी का अहसास दोनों बदल चुके हैं। एक तेज रफ्तार ट्रेन के इंजन समेत पांच डिब्बे उतर गए और बिना किसी जांच के ही अधिकारी ने सारा ठीकरा लोको पायलट पर फोड़ दिया था कि उसने रफ्तार पर काबू नहीं किया। अब उस वीडियो के जरिए वह दिल दहलाने वाला मंजर सामने आ गया, जिसमें वह ट्रेन की गति कम करने की कोशिश में सारे उपाय कर रहा है, लेकिन ब्रेक फेल हो चुके हैं। इस वीडियो को रेलवे कितनी मान्यता देता है और क्या अश्विनी वैष्णव अपने कार्यकाल में हुई एक और बड़ी नाकामी को स्वीकार करते हैं, यह देखना होगा। पूर्व अनुभव तो यही बताते हैं कि रेल मंत्री इस दुर्घटना पर भी बेतुके बयान देकर बच जाएंगे। मीडिया भी इस खबर को महत्व नहीं देगा, क्योंकि किसी की जान इसमें नहीं गई है। वैसे अकेले इस दुर्घटना की बात नहीं है, जिन दुर्घटनाओं में ज्यादा लोग हताहत हुए हैं, उन में भी दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई, यह पता करने की फिक्र मीडिया में कहां बाकी रह गई है। कई बड़े अखबार और चौनल तो उन्हीं खबरों पर दिन-भर जोर देते रहते हैं, जो भाजपा की तरफ से प्रेषित की जाती हैं। इस त्योहारी मौसम में स्टेशनों से लेकर ट्रेनों तक आम आदमी किन मुश्किलात से सफर कर रहा है, इस बारे में रिपोर्टिंग करना या प्राइम टाइम में बहस कराने का यह बिल्कुल माकूल वक्त था। लेकिन भाजपा ऐसा नहीं चाहती तो ऐसी कोई खबर, कोई बहस नहीं आती। सोशल मीडिया पर जरूर बहुत सारे वीडियो सामने आए हैं, जिनमें लोग मवेशियों से भी बदतर हालात में जनरल बोगियों में ठूंसे हुए हैं, दरवाजे के हैंडल पकड़े आधे लटके, आधे खड़े हैं। किसी के हाथ में छोटा बच्चा है, कोई बूढ़ा-लाचार है, कोई स्त्री इतनी भीड़ में असहज है। लेकिन फिर भी अपने घरों तक जाने के लिए यही सस्ता जरिया है, तो मजबूरी में लोग ऐसे असुविधाजनक और जोखिम भरे सफर करते हैं। दीपावली पर दीए और पटाखे जलाने में मशगूल सत्ताधारियों को आम जनता की यह तकलीफ नजर नहीं आती। ट्रेनों की दुर्दशा को अगर खबरों में लगातार महत्व मिले तो मोदी सरकार पर दबाव बन सकता है कि वह इस तरफ सुधार के लिए काम करे, न कि केवल रील बनाकर मंत्री महोदय अपना प्रचार करते रहें। असम की ट्रेन दुर्घटना के बाद एक बुरी खबर कश्मीर से भी आई कि कुलगाम के मीर बाजार में सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें तीन जवान घायल हुए हैं। एक जवान के पेट में गोली लगी है, उनकी हालत गंभीर है, वहीं अन्य दो मामूली रूप से घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने दसियों बार आतंकवाद के खात्मे के दावे किए हैं। 2016 की नोटबंदी फिर 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के वक्त मोदी ने आतंकवाद पर बड़े प्रहार का ही दावा किया था। अमित शाह भी यही कहते रहे। लेकिन फिर पुलवामा भी हुआ और पहलगाम भी। और कुलगाम जैसी कुछ और आतंकी घटनाएं भी हुई हैं। चूंकि पुलवामा और पहलगाम में मरने वालों की संख्या ज्यादा थी तो सरकार को कच्चा-पक्का कुछ भी जवाब देने आना ही पड़ा, वर्ना इस सरकार की आदत यही बन चुकी है कि किसी भी तरह जवाबदेही से बच जाए। कुलगाम के सीआरपीएफ कैंप पर अगर हमला करने का दुस्साहस आतंकियों ने किया है, तो इसका सीधा मतलब है कि आतंकवाद की चुनौती अभी बरकरार है। लेकिन चुनौतियों से मुंह छिपाना मोदी सरकार की आदत बन गई है।

यूरोप और भारत में जनांदोलन दे रहे चुनी हुई सत्ता को चुनौती

नन्तू बनर्जी

भारतीय लोकतंत्र में एक दिलचस्प घटनाक्रम हो रहा है। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी श्लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के बैनर तले राज्यों में रैलियां कर रही है। यह इंडिया ब्लॉक के रामलीला मैदान में चुनी हुई राष्ट्रीय सरकार के खिलाफ आयोजित बड़े प्रदर्शन के बाद किया जा रहा है। यूरोप के कई हिस्सों में भी जन विद्रोह चुनी हुई सरकारों को खतरे में डाल रहे हैं, जबकि चुनी हुई सरकारों को लग रहा है कि लोकतंत्र को खतरा पहुंचाने वाले लोग जनभावनाओं को हथियार बनाकर, समाजों को एकजुट करके और चुनावी जनादेश को चुनौती देकर लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं। मध्यावधि जनांदोलनों से निपटना पूरी लोकतांत्रिक दुनिया में चुनी हुई सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है, क्योंकि राजनीतिक स्थिरता और वित्तीय-सह-ढांचागत जिम्मेदारी के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है। लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारें आमतौर पर मध्यावधि सामाजिक बगावत को तुरंत बातचीत और नीतिगत सुधारों से संभालती हैं। इसके लिए सार्वजनकि व्यवस्था, लोकतंत्र, और लोगों की नाराजगी की असली वजहों को दूर करने के बीच सावधानी से संतुलन बनाने की जरूरत होती है। चुनी हुई सरकारें अक्सर यह भूल जाती हैं कि जन विरोध एक मौलिक अधिकार है और एक जीवंत लोकतंत्र का एक जरूरी हिस्सा, जिससे नागरिक अपनी असहमति जता सकते हैं, सरकारों को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं, और नीतिगत सुधार ला सकते हैं। भारत और यूरोप दोनों में विपक्ष, सामाजिक संगठनों और छात्रों द्वारा चलाये जा रहे सरकार विरोधी प्रदर्शन दिखाते हैं कि जनभावना भड़काने वाले नेता एक से ही तरीकों पर भरोसा करते हैं - जैसे सरकार विरोधियों को दुश्मन मानना, राजनीतिक विरोधियों को सही विकल्प के तौर पर नहीं, बल्कि लोगों के दुश्मन या देश के लिए खतरा बताना। सरकारें लोकतांत्रिक प्रक्रिया (जैसे नियमित चुनाव) के बाहरी आवरण को बचाने की कोशिश करती हैं, जबकि स्वायत्त संस्थानों, न्यायपालिका, और निगरानी रखने वाले निकायों को खत्म कर देती है। हाल ही में नई दिल्ली में विपक्ष के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों और अलग-अलग सिविल सोसाइटी गुटों के समर्थन ने संस्थागत आजादी, चुनाव आयोग और शासन के बारे में चल रही सार्वजनिक बहस को उजागर किया। ये आंदोलन गहरी जन चिंता और सक्रिय लोकतांत्रिक मजबूती दोनों को दिखाते हैं। शांतिपूर्ण असहमति सत्ता पर एक जरूरी रोक का काम करती है, जिससे चुनाव के दिन से बहुत पहले ही हाशिए पर या अल्पसंख्यक आवाजें फैसले लेने पर असर डाल सकती हैं।



दुनिया भर में चुनी हुई सरकारें जनता की नाराजगी, युवाओं के सड़कों पर होने वाले प्रदर्शनों और बदलते चुनावी माहौल के कारण बहुत ज्यादा दबाव का सामना कर रही हैं। कई लोकतंत्रों में नागरिकों को लगता है कि सत्ता एक ऐसे शासक वर्ग या बड़ी टेक कंपनियों के हाथों में सिमट गई है, जो आम लोगों से कटे हुए हैं। इसके चलते पारंपरिक संस्थाओं के प्रति लोगों में भारी निराशा पैदा हुई है। कई देशों में स्वतंत्र जांच और संतुलन, चुनावी नियम और नागरिक स्वतंत्रताएं दबाव में आ गई हैं। यूरोप में, फ्रांस, स्पेन, इटली, बेल्जियम, पुर्तगाल, ग्रीस और अल्बानिया जैसे देशों में युवाओं के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिन्होंने सरकारों को आर्थिक और सामाजिक शिकायतों पर ध्यान देने के लिए मजबूर किया है। ब्राजील और सर्बिया जैसे देशों में हाल ही में हुए महत्वपूर्ण चुनावों में मतदाताओं के बीच गहरा ध्रुवीकरण देखने को मिला, जहां लोग मौजूदा नेतृत्व और लोकतांत्रिक मानदंडों के या तो पक्ष में थे या उनके खिलाफ। इस स्थिति का एक बड़ा उदाहरण भारत में देखने को मिला है, जहां चुनावी सूचियों में बदलाव को लेकर सरकार को जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। देश के चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों का श्विशेष गहन पुनरीक्षणश् (एसआईआर) किया, जिसके तहत 13 करोड़ से अधिक नाम हटा दिए गए। केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों के अधिकारियों का तर्क है कि मतदाता सूची से डुप्लिकेट, मृत और फर्जी मतदाताओं के नाम हटाकर डेटा को दुरुस्त करना जरूरी था। सरकार ने अब इसके जवाब में एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद हैदराबाद में एक पदयात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे एसआईआरके खिलाफ वोट बचाओ अभियान चलाने के बजाय घुसपैठिए बचाओ अभियान चला रहे हैं। कोलकाता में, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पश्चिम बंगाल के नेता सुवेंदु अधिकारी ने एक बड़ी रैली निकाली, जिसमें उन्होंने चुनावी निष्पक्षता को लेकर विपक्ष के दावों को चुनौती दी। दुर्भाग्य से, चुनी हुई सरकारें अक्सर यह भूल जाती हैं कि लोकतंत्र में जनता का विरोध प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण श्सेफ्टी वाल्वश् और जवाबदेही तय करने का जरिया होता है। इसके जरिए नागरिक अपनी शिकायतें रख सकते हैं, सरकारी नीतियों को चुनौती दे सकते हैं और नियमित चुनावों के अलावा सार्वजनिक मामलों में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। कार्यकाल के बीच में होने वाले सामाजिक असंतोष से निपटने के लिए एक संतुलन बनाना जरूरी है-जिसमें कानून-व्यवस्था बनाए रखने, लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन करने और जनता की नाराजगी के मूल कारणों को दूर करने के बीच तालमेल हो। सरकार को जनता की शिकायतों को पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से स्वीकार करना चाहिए, और ऐसी उपेक्षापूर्ण बयानबाजी से बचना चाहिए जिससे तनाव और बढ़ सकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सुरक्षा बल कानून-व्यवस्था बनाए रखें, लेकिन साथ ही मानवाधिकारों और शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकार का भी पूरा सम्मान करें। अत्यधिक पुलिस बल का इस्तेमाल अक्सर उल्टा पड़ जाता है और बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट कर देता है। सरकार को अपने फैसलों, वित्तीय बाधाओं या नीतियों की समय-सीमा के बारे में स्पष्ट और आसानी से उपलब्ध डेटा देकर गलत सूचनाओं का मुकाबला करना चाहिए। जब कोई सरकार अपने ही नागरिकों के सार्वजनिक विरोध-प्रदर्शनों के खिलाफ जवाबी प्रदर्शन आयोजित करती है या उन्हें प्रायोजित करती है, तो इसे अपनी सत्ता चमकाने, लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने और असहमति को दबाने के प्रयास के रूप में देखा जाता है।

भारत को चाहिए दुनिया का बाजार, वीजा व्यवस्था में बदलाव वक्त की अनिवार्य मांग

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वैश्विक अर्थव्यवस्था में नेतृत्व का रास्ता दुनिया के लिए अपने दरवाजे खोलने से होकर गुजरता है। विदेशी पूंजी, आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ मानव संसाधन, अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी, चिकित्सा पर्यटन और वैश्विक कारोबार को आकर्षित करने के लिए भारत की वीज़ा व्यवस्था का सरलीकरण जरूरी था। केंद्र सरकार ने 13 प्रमुख वीजा श्रेणियों को घटाकर नौ और 49 उपश्रेणियों को घटाकर 23 करके इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। वस्तुतः कहना चाहिए कि यह प्रशासनिक बदलाव भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प से सीधे जुड़ा है। क्योंकि दुनिया में आर्थिक महाशक्ति बनने की आकांक्षा रखने वाले किसी भी देश के लिए अपनी सीमाओं के भीतर सिमटे रहना पर्याप्त नहीं होता। उसकी असली शक्ति इस बात से तय होती है कि वह दुनिया की पूंजी, प्रतिभा, तकनीक, बाजार और व्यापार को अपनी ओर कितना आकर्षित कर सकता है। भारत आज इसी मोड़ पर खड़ा है।

आज विशाल घरेलू बाजार, युवा आबादी, तेजी से विकसित होता डिजिटल ढांचा, औद्योगिक संभावनाएं और उद्यमशीलता की क्षमता उसकी बड़ी ताकत हैं। अब इन क्षमताओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ना समय की मांग है। इसी संदर्भ में केंद्र सरकार का वीज़ा व्यवस्था में व्यापक बदलाव आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय वीजा व्यवस्था को अधिक सरल और उद्देश्य आधारित बनाने के लिए आवेदन प्रपत्रों में पूछे जाने वाले विवरणों की संख्या भी 65 से 70 प्रतिशत तक कम की गई है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत आने की इच्छा रखने वाले विदेशी पर्यटकों, निवेशकों, विद्यार्थियों, चिकित्सकीय यात्रियों और व्यावसायिक विशेषज्ञों को आवेदन प्रक्रिया में कम औपचारिकताओं से गुजरना होगा। अक्टूबर 2025 में भी सरकार ने वीजा श्रेणियों को 22 से घटाकर 13 किया था। अब दूसरे चरण में इन्हें और व्यवस्थित किया गया है। वास्तव में यह भारत की आर्थिक सोच में आए उस परिवर्तन का संकेत है, जिसमें वैश्विक संपर्कों को विकास का महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है। आज निवेशक किसी देश में पूंजी लगाने से पहले वहां की नीतियों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, व्यावसायिक वातावरण और सरकारी सुविधाओं का आकलन करते हैं। यदि किसी निवेशक या तकनीकी विशेषज्ञ को भारत आने के लिए लंबी और अस्पष्ट प्रक्रियाओं से गुजरना पड़े तो उसका असर निवेश के फैसलों पर पड़ सकता है। ऐसे में वीजा व्यवस्था की सरलता सीधे आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करती है। सरकार ने बिजनेस वीज़ा को बी-1 और बी-2 दो प्रमुख श्रेणियों में व्यवस्थित किया है। बी-1 के अंतर्गत दीर्घकालीन कारोबारी गतिविधियां, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपक्रमों की स्थापना और लाइसेंस आधारित व्यवसाय शामिल हैं। बी-2 में अल्पकालीन अनुबंध, सम्मेलन, खेल, फिल्म निर्माण, प्रदर्शन कला और तकनीकी कार्यों को स्थान दिया गया है। भारतीय कंपनियों द्वारा नियुक्त विदेशी इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों और विषय विशेषज्ञों के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है। मशीनों की स्थापना, उत्पादन व्यवस्था, गुणवत्ता परीक्षण, रखरखाव, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और तकनीकी हस्तांतरण जैसे कार्यों के लिए विदेशी विशेषज्ञों की उपलब्धता सहज होगी।



भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में यह बदलाव खास महत्व रखता है। मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से सरकार विनिर्माण क्षेत्र में निवेश तथा उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर जोर दे रही है। वैश्विक कंपनियां भारत में अपनी इकाइयां स्थापित करती हैं तो उनके साथ पूंजी, आधुनिक तकनीक, प्रबंधन कौशल और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ने के अवसर भी आते हैं। इससे भारतीय उद्योगों को नई तकनीक अपनाने, उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का अवसर मिलता है। वीजा सुधारों का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष पर्यटन है। टूरिस्ट वीजा का नाम बदलकर विजिटर वीजा किया गया है। नई वी-1 श्रेणी में 30 दिन की वैधता और बहु-प्रवेश की सुविधा के साथ कारोबारी बैठकें, चिकित्सकीय परामर्श, वेलनेस रिट्रीट और भारतीय भाषाओं, संगीत, कला एवं शिल्प के अल्पकालीन पाठ्यक्रम शामिल हैं। वी-2 वीजा पात्रता के अनुसार एक, पांच अथवा दस वर्ष के लिए जारी किया जा सकेगा। पर्वतारोहण के लिए छह महीने का बहु-प्रवेश वीज़ा भी प्रस्तावित व्यवस्था का हिस्सा है। भारत के पास धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन की व्यापक विरासत है। योग, आयुर्वेद, भारतीय संगीत, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक परंपराएं दुनिया के लोगों को आकर्षित करती हैं। विदेशी पर्यटक आते हैं तो होटल, परिवहन, खानपान, हस्तशिल्प, स्थानीय कारोबार और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। पर्यटन का लाभ बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों, स्थानीय कलाकारों और ग्रामीण उद्यमियों तक पहुंचता है। ऐसे में विजिटर वीजा का व्यापक स्वरूप भारत के पर्यटन बाजार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने में मददगार होता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा पर्यटन के लिए भी भारत के पास बड़ी संभावनाएं हैं। आधुनिक अस्पताल, प्रशिक्षित चिकित्सक, उन्नत उपचार सुविधाएं और अपेक्षाकृत कम खर्च विदेशी मरीजों को आकर्षित करते हैं। नई व्यवस्था में एम-1 वीजा सामान्य चिकित्सा उपचार तथा एम-3 वीजा आयुष चिकित्सा पद्धतियों के लिए निर्धारित किया गया है। दोनों श्रेणियों में सामान्यतः एक वर्ष की वैधता और बहु-प्रवेश की सुविधा होगी। मरीजों के साथ आने वाले परिजनों और सहायकों के लिए एम-2 तथा एम-4 वीजा की अलग व्यवस्था है। इससे लंबे उपचार और बार-बार चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता वाले मरीजों को सुविधा मिलेगी। हील इन इंडिया पहल को भी इससे गति मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था में शिक्षा और अनुसंधान को भी महत्व दिया गया है। स्टूडेंट वीजा को एस-1 और एस-2 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। एस-1 में स्कूली शिक्षा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शामिल हैं। एस-2 में पीएचडी शोधार्थियों, वैज्ञानिकों, अतिथि शिक्षकों, इंटर्नशिप और शैक्षणिक आदान-प्रदान को स्थान दिया गया है। स्टडी इन इंडिया पोर्टल के माध्यम से प्रवेश पाने वाले विदेशी विद्यार्थियों को पांच वर्ष तक अथवा पाठ्यक्रम की अवधि तक, जो भी कम हो, बहु-प्रवेश वाला ई-वीजा दिया जा सकेगा। भारत के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के लिए यह अवसर महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों की भागीदारी से अनुसंधान, नवाचार और वैश्विक शैक्षणिक सहयोग का विस्तार होता है। विदेशी विद्यार्थी शिक्षा पूरी करने के बाद अपने देशों और भारत के बीच व्यापार, तकनीक तथा सांस्कृतिक संपर्कों के सेतु भी बन सकते हैं। यहां यह भी कहना है कि दुनिया की पूंजी, तकनीक और प्रतिभा को आकर्षित करने की क्षमता ही भविष्य की आर्थिक शक्ति का महत्वपूर्ण आधार बनेगी। वीजा व्यवस्था में किया गया बदलाव इसी दिशा में उठाया गया कदम है। सच तो यही है कि यदि भारत को बड़ा बनना है तो उसे दुनिया के लिए अपने बाजार खोलने होंगे और वैश्विक बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ानी होगी। आर्थिक प्रगति का रास्ता अंतरराष्ट्रीय संपर्कों, सहयोग और अवसरों के विस्तार से होकर गुजरता है। इस दृष्टि से वीजा व्यवस्था में बदलाव कोई वैकल्पिक सुविधा भर न होकर भारत की वैश्विक आर्थिक भूमिका को व्यापक बनाने की अनिवार्य जरूरत थी, जिसे आज पूरा किया गया है।

एक किताब, सौ अफसाने, सौ विचार

सर्वमित्रा सुरजन

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्षा सोनिया गांधी की बहुप्रतीक्षित किताब बिलॉन्गिन्ग ए जर्नी ऑफ लव 10 नवंबर को बिक्री के लिए उपलब्ध हो गई। जैसा कि अनुमान था किताब की बिक्री हाथों-हाथ हुई। किताब दुकानों के अलावा घर पहुंच सेवा वाले मोबाइल ऐप्स से भी लोगों ने किताबें मंगवाई। आमतौर पर किसी फिल्म के प्रदर्शित होने पर सोशल मीडिया से लेकर मुख्यधारा के मीडिया तक जैसी चर्चाएं होती हैं, कई खबरें, कई विमर्श केवल उसी फिल्म के इर्द-गिर्द होते हैं, ठीक वैसी ही चर्चा इस समय सोनिया गांधी की किताब की हो रही है। यह एक सुखद घटना है कि शायद कई दशकों बाद किसी किताब पर इतनी उत्सुकता व्यक्त की गई और उसे पढ़ने के लिए लोग इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि भारतीय समाज में किताबें पढ़ने की आदत दिनों-दिन कम हुई है। 25-30 साल पहले जब टीवी भी कम देखा जाता था और सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म थे ही नहीं, तब तक फिर भी लोगों को पढ़ने की आदत हुआ करती थी। अखबार और पत्रिकाओं के अलावा किताबें भी काफी बिका करती थीं। लेकिन फिर धीरे-धीरे हाथों में किताब की जगह मोबाइल ने ले ली। खैर, वक्त कभी एक जैसा रहता नहीं और उसी तरह समाज में भी बदलाव आते ही हैं। केवल इंसानी फितरत और उसकी भावनाएं नहीं बदलती हैं। हर काल, हर समाज में इंसान चुनिंदा भावनाओं से ही संचालित होता है। प्रेम, घृणा, राग, द्वेष, ईर्ष्या, जिज्ञासा, कृतज्ञता, कृतघ्नता, भय, साहस इन सबका निचोड़ ही मिट्टी के पुतलों को इंसान बनाता है। हर इंसान की जीवनगाथा में इन्हीं भावनाओं के अलग-अलग रंग देखने मिलेंगे। सोनिया गांधी की गाथा में भी इन्हीं का सम्मिश्रण है। फिलहाल किताब को आए एक दिन ही हुए हैं लिहाजा पूरी किताब इतनी जल्दी पढ़कर उसकी समीक्षा करना संभव नहीं है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से टुकड़ों-टुकड़ों में किताब के कई हिस्से सामने आए हैं। कुछ अतिउत्साही लोगों ने दस तारीख से ही किताब आने के चंद घंटों में ही इस पर अपनी राय बनाकर पेश करना शुरु कर दिया है। सोशल मीडिया का यह भी एक नुकसान है कि सब इस होड़ में रहते हैं कि जल्दी से जल्दी अपनी बात समाज तक पहुंचाएं। रील्स बनाई जा रही हैं, किताब हाथ में लेकर साधिकार उस पर बात की जा रही है, मानो सोनिया गांधी ने उनके सामने बैठकर किताब लिखी है। जबकि किसी भी कलाकृति, किताब, नाटक, फिल्म आदि का सही और ईमानदार विश्लेषण तभी हो सकता है, जब उस पर ठहर कर, इत्मीनान से मंथन किया जाए। इस किताब के साथ यह संयम नहीं दिखाया जा रहा। जितने मुंह, उतनी बातें, ऐसा ही हाल इस किताब के साथ हो चुका है कि जितने लोगों के हाथ में किताब है, सब समीक्षक बन कर अपनी राय पेश कर रहे हैं। कुछ स्वनामधन्य पत्रकारों ने उसमें मीन-मेख निकाल कर अपना बौद्धिक आतंक कायम करने की कोशिश भी शुरु कर दी है। कहीं प्रुफ की गलतियां, कहीं मामूली तथ्यात्मक चूक तो कहीं इस बात पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि सोनिया गांधी ने जब अपनी कहानी लिखी ही है तो उसमें बच्चन परिवार से अलगाव का जिक्र क्यों नहीं है, उसमें बोफोर्स पर सारी बात क्यों नहीं है, उसमें नरसिंह राव से दूरी का कारण क्यों नहीं बताया गया है, इत्यादि-इत्यादि। ऐसे पत्रकार जो बौद्धिकता का दिखावा करते हैं, उन पर सिवाए अफसोस के और कुछ नहीं किया जा सकता। क्योंकि ये हमेशा से ऐसे ही थे, आगे भी ऐसे ही रहेंगे। नेहरू-गांधी परिवार ने बेशक खुद को भारत के लिए समर्पित कर दिया है और ये समर्पण आज का नहीं सौ साल से भी पुराना है, जब मोतीलाल नेहरू परिवार के मुखिया हुआ करते थे। लेकिन दिखावटी बुद्धिजीवी इस समर्पण को गांधी परिवार की मजबूरी की तरह दिखाते हैं और उसी हिसाब से जब भाजपा या गांधीविरोधियों को जरूरत होती है, इस परिवार पर निशाना साधते हैं। बिलॉन्गिन्ग ए जर्नी ऑफ लव को लेकर भी अब गांधी परिवार पर नए सिरे से उंगलियां उठाने का मौका उनके विरोधियों को मिल गया है। सोनिया गांधी इस बात को बहुत अच्छे से समझती हैं, इसलिए उन्होंने पहले ही कहा था कि किताब पर हंगामा होगा। टीवी चौनलों के पत्रकार तो किताब पर बाकायदा प्राइम-टाइम में बहस करवा रहे हैं। मतलब किताब पढ़े बिना ही उस पर चर्चा कराई जाए, यह गजब हो रहा है। लेकिन किसी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि मतलब किताब पर सही बात करने से नहीं, बल्कि टीआरपी से है। सोनिया गांधी का नाम बिकता है, उन्हें लेकर जनता में उत्सुकता रहती है, तो बस उनकी किताब पर कोई सनसनीखेज शीर्षक के तहत बहस कराई जाए, जिसमें भाजपा और कांग्रेस के प्रतिनिधि आपस में भिड़ेंगे, एक-दूसरे पर आरोप लगाएंगे और बस कार्यक्रम इसी में निपट जाएगा। न्यूज एजेंसियों के रिपोर्टर्स के जिम्मे भी दस तारीख से एक नया काम आ गया है कि इस किताब पर नेताओं की प्रतिक्रियाएं लेते रहें। खासकर उन नेताओं की जो सोशल मीडिया के दायरे के बाहर नेहरू-गांधी परिवार के लिए ट्रोलर्स का काम करते हैं। निशिकांत दुबे, शाहनवाज हुसैन, प्रदीप भंडारी, शायना एनसी जैसे कई नेता अब सोनिया गांधी को बिलॉन्गिन्ग ए जर्नी ऑफ लव को बिना पढ़े ही घेरने में लगे हैं। बड़ी अजीबोगरीब टिप्पणियां इस संदर्भ में सुनने मिल रही हैं। एक ने कहा कि यह राहुल गांधी को फिर से लॉन्च करने की तैयारी है। हालांकि भाजपा का यह जुमला अब किसी काम का नहीं रहा। लोग समझने लगे हैं कि राहुल गांधी से भाजपा डरती है तो जानबूझ कर उन्हें विफल दिखाने की कोशिश करती है। एक नेता ने कहा कि यह किताब जख्मों पर नमक छिड़कती है, उन्होंने सिख विरोधी दंगों के संदर्भ में यह बात कही। भाजपा नेताओं की बेचारगी ऐसे बयानों के जरिए खुलकर जाहिर हो रही है। अभी 1 नवंबर की रामलीला मैदान की महारैली में सिख विरोधी दंगों का कार्ड भाजपा ने चला था, वहां फेल हो गई तो अब इस किताब पर यही पैंतरा आजमा रही है। यही हाल इमरजेंसी वाले मुद्दे पर हुआ है। भाजपा ने लगातार इमरजेंसी के नाम पर न केवल इंदिरा गांधी को बल्कि राहुल और सोनिया गांधी को भी निशाने पर लिया। संविधान हत्या विरोधी दिवस तक मनाना शुरु कर दिया। लेकिन जब किताब में सोनिया गांधी ने लिखा कि राजीव गांधी इमरजेंसी लगाने के फैसले के खिलाफ थे, मगर संजय गांधी के कहने पर यह फैसला लिया गया, तो अब भाजपा इस लिखे पर भी सवाल उठा रही है। उन्हें आपत्ति है कि संजय गांधी को सोनिया गांधी गलत क्यों दिखा रही हैं। यानी जो हो जाए राजीव गांधी को संजय गांधी के मुकाबले बेहतर न दिखाया जाए, यही भाजपा की मंशा है। इस किताब के आने के बाद भाजपा अपनी अफवाह फैलाने वाली आदत के अनुसार फिर से बेतुके दावे कर रही है। भाजपा सांसद कंगना रानौत ने सोनिया गांधी और राजीव गांधी की तस्वीर के साथ ऑफिशियल इंस्टाग्राम से लिखा है, श्फिल्म श्इमरजेंसीश् के लिए मैंने भारतीय राजनीति और गांधी परिवार पर काफी रिसर्च की थी। इस दौरान एक बात मेरी समझ से बाहर रही। एक रहस्यमयी विदेशी महिला गांधी परिवार में आती है। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हो जाती है। फिर प्रधानमंत्री पद के संभावित दावेदार संजय गांधी और राजीव गांधी की भी हत्या हो जाती है। इन घटनाओं के बाद प्रधानमंत्री पद की दावेदार के रूप में सिर्फ एक व्यक्ति बचती हैं और वह हैं सोनिया गांधी। इस तरह के बेतुके दावों से कंगना का थोड़ा बहुत प्रचार हो सकता है, लेकिन इन अफवाहों पर अब जनता ध्यान नहीं देती। एक वक्त में इंदिरा गांधी को लेकर भी संघ ऐसी कई अफवाहें फैलाता था। हालांकि कांग्रेस को अब सख्ती दिखाते हुए कंगना रानौत को कानूनी नोटिस भेजना चाहिए, ताकि जो बातें उन्हें रिसर्च के बाद भी समझ नहीं आई, वह सब साफ-साफ नजर आने लगे। बहरहाल, आने वाले कई दिनों तक अब बिलॉन्गिन्ग ए जर्नी ऑफ लव पर बहुत कुछ पढ़ने-सुनने और देखने मिलेगा, यह तय है। सोनिया गांधी ने भले इटली से केम्ब्रिज होते हुए भारत तक के अपनी जीवनयात्रा को इस किताब में उतारा हो, लोग उनके निजी जीवन को भी राजनीति के चश्मे से देखेंगे, यह तय है। हालांकि इंसानियत यही कहती है कि इस किताब को उस महिला के नजरिए से पढ़ना चाहिए, जिसने दशकों तक भारतीय राजनीति के उतार-चढ़ाव, व्यक्तिगत त्रासदियों, राजनीतिक हमलों और सार्वजनिक जीवन की तमाम चुनौतियों का सामना किया, लेकिन फिर भी अपने अंदर किसी किस्म की कड़वाहट नहीं आने दी। अपने परिवार की और भारतीय राजनीति की गरिमा को हर हाल में बनाए रखा।



स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

17 को कुछेछा महाविद्यालय में होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

हमीरपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में 17 नवंबर को जनपद स्तरीय युवा उत्सव आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोजन की तैयारियों और प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। युवा उत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कविता लेखन प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु के जनपद निवासी युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक विधा में हिस्सा ले सकेगा। राष्ट्रीय स्तर पर पूर्व में प्रतिभाग कर चुके युवा इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे। आयु प्रमाण के लिए हाईस्कूल की अंकतालिका, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। इच्छुक प्रतिभागियों का विवरण 15 नवंबर तक जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल कार्यालय में जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए अजय कुमार वर्मा (9305433672) और सचिन कुमार (9350845083) से संपर्क किया जा सकता है।

मौदहा में आज से सजेगा सात दिवसीय सनातन गौरव महोत्सव

मौदहा (हमीरपुर)। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और मानव कल्याण के उद्देश्य से मौदहा में छठवें सनातन गौरव महोत्सव-2026 का आयोजन 13 से 19 नवंबर तक किया जाएगा। श्री नारायण सेवा समिति एवं क्षेत्रवासियों के तत्वावधान में होने वाला यह आयोजन बड़ी देवी मंदिर परिसर में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री नारायणानन्द तीर्थ महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। महोत्सव का शुभारंभ 13 नवंबर को सुबह 11 बजे विशाल कलश यात्रा से होगा। प्रतिदिन दोपहर दो से शाम पांच बजे तक श्रीमद्भागवत कथा होगी। वहीं सुबह आठ बजे से पादुका पूजन और दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 19 नवंबर को कथा की पूर्णाहुति, हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। आयोजन समिति के अनुसार बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था की गई है। समिति ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

कूड़े में लगाई आग से कपड़े की दुकान जली, लाखों का नुकसान



मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे के गुड़ाही बाजार में गुरुवार तड़के कूड़े के ढेर से उठी आग की लपटों ने कपड़े की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग से आजाद टेलर नाम की सिलाई एवं गारमेंट्स की दुकान में रखा लाखों रुपये का कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दुकान का काफी सामान जल चुका था। दुकानदार ने नगरपालिका के सफाई कर्मचारी पर कूड़ा एकत्र कर उसमें आग लगाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि कूड़े में लगाई गई आग से ही दुकान में आग पहुंची। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

वयोवृद्ध कथा वाचक पं. विष्णुनारायण मिश्रा का किया सम्मान



गुरसराय। नगर के मां शारदा संगीत विद्यालय में वयोवृद्ध रामकथा प्रवक्ता पं. विष्णुनारायण मिश्रा का सम्मान किया गया। विद्यालय के संस्थापक संगीतगुरु पं. परशुराम ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भगवान राम की कथा के माध्यम से धर्म प्रचार में समर्पित किया है। इस दौरान पं. मिश्रा ने कार्तिक मास में स्नान और भगवान कृष्ण की आराधना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कार्तिक व्रत और स्नान का शास्त्रों में विशेष महत्व है। कार्यक्रम में डॉ. रविन्द्र प्रकाश अरजरिया, मुकेश त्रिपाठी, सरजू शरण पाठक, भगवती शरण मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, दो महिलाएं गंभीर

उरई(जालौन)। कोतवाली क्षेत्र में जालौर रोड पर दो बाईकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दोनों भाई को पर सवार दो महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है। डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम ऐर निवासी 34 वर्षीय रामकुमार उर्फ वीरू भाईदूज पर पत्नी रश्मि को लेकर उसके मायके ग्राम शहजादपुरा गया था। वहां देर शाम दोनों घर लौटते समय उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। रामकुमार बोहदपुरा के पास पंप में पेट्रोल भरवा कर जालौन रोड पर पहुंचा तो उरई की तरफ से अपनी बहन शर्मिला को लेकर जा रहे ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी 26 वर्षीय जितेंद्र की बाइक से टकर हो गई। हादसे में चारों घायल हो गए। सभी को मेडिकल कालेज भेजा जहां डाक्टर ने रामकुमार उर्फ वीरू को मृत घोषित कर दिया। घायल जितेंद्र को मेडिकल कालेज झांसी रेफर किया वहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उसकी भी मौत हो गई। जबकि घायल रश्मि व शर्मिला का इलाज किया गया। रामकुमार घर में इकलौता था और कार चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके दो पुत्र भविष्य व शिवांश हैं।

सड़क हादसों में बाइकसवार दो युवकों की मौत, चार घायल

बांदा। अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दंपत्ति समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के सैमरी गांव निवासी निखिल (20) पुत्र राजाबाबू गुरुवार की दोपहर बाइक से बांदा आ रहा था। कुसरेजा पुलिस चौकी के पास फतेहपुर की ओर जा रहे गिट्टी भरे ट्रक ने उसे रौंद दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। इसी तरह छतरपुर जिले के खड्डी गांव निवासी कामता प्रसाद कुशवाहा (35) पुत्र लक्ष्मण प्रसाद बुधवार की शाम अपने पड़ोसी राजेश (35) और उसकी बेटी को बाइक में बैठाकर इलाज करवाने गौरिहार जा रहा था। सामने से आ रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। तीनों को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान कामता प्रसाद की मौत हो गई। मृतक के साले शिवरतन ने बताया कि कामता मजदूरी करता था। इसी तरह जालौन जिला के कोंच गांव निवासी उदयवीर (32) पुत्र हरिमोहन अपनी पत्नी पूजा (30), पुत्र हर्ष (13) को गुरुवार की दोपहर बाइक में बैठाकर चित्रकूट दर्शन करने जा रहा था। तभी बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 47 देहात कोतवाली के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिक को सील किया

नरैनी। लंबे समय से बगैर रजिस्ट्रेशन संचालित अवैध क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कस दिया। स्वास्थ्य विभाग टीम और स्थानीय प्रशासन ने अवैध क्लीनिक को सील कर दिया। स्वास्थ विभाग अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही अगली कार्रवाई की जाएगी। कुछ दिनों पहले 10 नवंबर 2026 को नायब तहसीलदार अतर्रा और सीएचसी अधीक्षक डा.अरविंद ने गर्गन पुरवा में संचालित अवैध क्लीनिक की जांच की थी। इस दौरान संचालक राजकुमार कुशवाहा वैध पंजीकरण और अन्य जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच टीम ने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को देकर अवगत कराया। संचालक को चेतावनी देकर पंजीकरण कराने को कहा। अब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिक को सील कर दिया। गौरतलब है कि कस्बे के समाजसेवियों ने कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर अवैध क्लीनिक संचालित होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पूर्व में सीएचसी अधीक्षक ने अवैध क्लीनिक संचालक को फटकार लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी देते हुए क्लीनिक बंद करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के निर्देश के बाद भी संचालक ने क्लीनिक बंद नहीं किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सील कर दिया। साथ ही क्लीनिक संचालक को अल्टीमेटम देकर जवाब तलब किया।

भाईदूज पर टीका कराकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

समृद्धि न्यूज़, मुस्करा (हमीरपुर)।



भाई दूज पर बहन के घर टीका कराने आए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बुधवार रात करीब नौ बजे मुस्करा-हमीरपुर मार्ग पर जेपी रिसोर्ट के आगे हुआ। बाइक सवार दोनों युवकों की सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। हुसैना गांव निवासी अवधेश उर्फ कुंदन (25) पुत्र घनश्याम वर्मा अपने साथी विकास (26) पुत्र शिवदानी वर्मा के साथ मुस्करा में अपनी बहन सरिता के घर भाई दूज का टीका कराने आया था। दोनों ने बहन के घर भोजन किया और बाजार से खरीदारी करने के बाद बाइक से गांव लौट रहे थे। जेपी रिसोर्ट के आगे हमीरपुर की ओर से आ रहे ट्रक (यूपी 78 एफएन 1887) ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक ट्रक में फंसकर करीब 15 फीट तक घिसटती चली गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 पुलिस दोनों को सीएचसी मुस्करा ले गई, जहां चिकित्सक डॉ. मनुलिका ने अवधेश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विकास को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अवधेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और टावर क्रेन ऑपरेटर का काम करता था। बड़े भाई की बीमारी के चलते परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी कौशल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

चार दिन तक गूंजेंगे छठी मैय्या के मंगल गीत, घरों में हर्ष, बाजारों में रौनक

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।



लोक आस्था का महापर्व छठ का आगाज शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत को लेकर लोगों के घरों में हर्ष व्याप्त है। 72 घंटे का यह व्रत सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होगा। कस्बे में बसे बिहार और पूर्वांचल के परिवारों के घरों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शनिवार को खरना, रविवार की शाम डूबते सूर्य को और सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा। छठ को लेकर बाजार भी सजा है। बांस के बने सूप 150 से 250 रुपये, दौरा 400 से 600 रुपये में बिक रहा है। केला 60-80 रुपये दर्जन, सेब 180-200 रुपये किलो, नारियल 40-50 रुपये नग है। ठेकुआ बनाने के लिए गुड़ 90 रुपये किलो और गेहूं का आटा 35 रुपये किलो बिक रहा है। दुकानदार रामजी गुप्ता ने बताया कि इस बार सूप-दौरा के दाम 20 प्रतिशत बढ़े हैं, फिर भी खरीदारी अच्छी है। छठ पूजा का मुख्य आयोजन कस्बे के गायत्री तपोभूमि स्थित गायत्री गंगा घाट में पिछले दो दशकों से हो रहा है। नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई के लिए 10 सफाईकर्मी लगाए गए हैं। पानी, बिजली, चेंजिंग रूम और सचल शौचालय की व्यवस्था की जा रही है। वहीं जमीनी हकीकत पर व्रती महिलाओं ने बताया कि घाट पर अभी भी कीचड़ है। महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की संख्या कम है। कस्बे में करीब 200 परिवार बिहार और पूर्वांचल से आकर बसे हैं। जो पिछले 20 वर्षों से कस्बे में छठ पूजा पर्व को बड़े हर्ष के साथ मनाते हैं।

शबा बानो को उपहार देकर निभाया भाई का फर्ज, भावुक हुआ माहौल

झांसी। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने शबा बानो को बहन का दर्जा देते हुए उपहार भेंट किए। सलीम बाग, अलीगोल खिड़की निवासी शबा बानो के पिता का निधन हो चुका है। परिवार की आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए डॉ. सरावगी ने उन्हें साड़ी, ब्रीफकेस और अन्य आवश्यक उपहार देकर आशीर्वाद व शुभकामनाओं के साथ विदा किया। इस अवसर पर उन्हें ब्यूटी सैलून में विशेष रूप से तैयार भी कराया गया।



डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि समाज सेवा का उद्देश्य केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को अपनत्व, सम्मान और संवेदना का एहसास कराना भी है। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

करमपुर ने गुजरात को 8-1 से रौंदा, बनारस की टीम भी जीती

समृद्धि न्यूज़, मौदहा (हमीरपुर)।



मौलाना सलीम मेमोरियल मौदहा महोत्सव के तहत रहमानिया खेल मैदान में आयोजित अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट में गुरुवार को करमपुर और बनारस की टीमों ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में करमपुर ने गुजरात को 8-1 से करारी शिकस्त दी। शुरुआत से ही करमपुर के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार गोल दागे। गुजरात की टीम केवल एक गोल कर सकी। मुकाबले का शुभारंभ जाहिद सिद्दीकी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। दूसरे मुकाबले में बनारस ने रामपुर हॉस्टल को 3-1 से हराया। मुख्य अतिथि बबलू पठान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन बनारस ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैचों में परवेज अख्तर, सुनील गुप्ता, जावेद खान और ब्रजेश यादव ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष निजामुद्दीन पावर, डॉ. इमामुद्दीन, नौशाद संजरी, बाबूजी कसान, जुनैद मीनू और लारैब सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

हत्यारोपी की जमानत अर्जी निरस्त

झांसी। रंजिशन हत्या के मामले में एक आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सं0-1, आदित्य चतुर्वेदी के न्यायालय ने निरस्त कर दिया। जानकारी देते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रवि प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि रामनगर रोड निवासी वादी महेश कुमार यादव ने 09 मार्च 2012 को थाना चिरगाँव में तहरीर दी थी कि उसके लड़के धर्मेन्द्र उर्फ रानू की दो दिन पूर्व भरतपुरा निवासी कुलदीप पाल पुत्र वृषभान से किसी बात पर कहा सुनी के बाद में राजीनामा हो गया था। 08 मार्च को दोपहर करीब दो बजे वह तथा लड़का धर्मेन्द्र यादव भी घर पर था तभी कुलदीप पाल पुत्र बृषभान पाल, रवि यादव पुत्र शिरोवन निवासी भरतपुरा, राहुल सोनी निवासी चिरगांव व 4-5 अन्य लड़के आये और होली खेलने के बहाने धर्मेन्द्र को अपने साथ लिवा ले गये। रात में जब धर्मेन्द्र घर नहीं लौटा तो सुबह वह अपने लड़के के बारे में पूछने कुलदीप पाल के घर गया । कुलदीप ने बताया कि हम लोगों ने धर्मेन्द्र को रात में करीब 12 बजे राम नगर रोड पर छोड़ दिया था। काफी तलाश के बाद भी धर्मेन्द्र कोई पता नहीं चला। आशंका है कि उक्त सभी लड़कों ने धमेन्द्र को जान से खत्म कर दिया है। तहरीर के आधार पर थाना-चिरगाँव में अभियुक्तगण कुलदीप पाल, रवि यादव, राहुल सोनी एवं चार-पाँच अन्य के विरूद्ध धारा 364 भारतीय दण्ड संहिता के तहत मामला पंजीकृत किया गया। बाद में धर्मेन्द्र उर्फ रानू का शव बरामद हुआ। धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता के तहत मामले में अभियुक्त कुलदीप पाल द्वारा प्रस्तुत जमानत प्रार्थनापत्र न्यायालय ने निरस्त कर दिया।

दिसंबर में झांसी में होगी शिव महापुराण व हनुमंत कथा, तैयारियों का लिया जायजा

नगर विधायक रवि शर्मा के साथ जिलाधिकारी ने कथा स्थल का किया निरीक्षण व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



महानगर में दिसंबर माह में आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण एवं श्री हनुमंत कथा की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसको लेकर 12 नवंबर को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नगर विधायक रवि शर्मा के साथ कानपुर रोड स्थित राधिका ऑर्किड के सामने कथा स्थल का निरीक्षण किया।प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से श्री शिव महापुराण कथा 4 से 10 दिसंबर तथा धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्री हनुमंत कथा 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित होगी। आयोजनों में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पार्किंग, यातायात, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद नगर विधायक रवि शर्मा ने गणमान्य नागरिकों एवं धर्मप्रेमियों के साथ बैठक कर आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि झांसी में इतने बड़े धार्मिक आयोजन होना गौरव का विषय है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं और आयोजन की सफलता के लिए प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों का सहयोग जरूरी है। बैठक में विभिन्न समितियों को जिम्मेदारियां सौंपने और जनसहभागिता से आयोजन को सफल बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान ज्योतिषाचार्य हरिओम थापक, संजय पटवारी, आनंद अग्रवाल, पंकज दुबे, निर्मल कुशवाहा, दिलीप पुरी, मुकेश सोनी, नीरजा गुप्ता, किशोरी रायकवार, देवेंद्र राय सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

महिला दुकानदार और परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर की मारपीट, 3 पर केस दर्ज

महोबा। जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के मवईखुर्द गांव में शराब के नशे में महिला दुकानदार और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। राजेश कुमारी अपने घर में परचून की दुकान चलाती हैं। आरोप है कि मंगलवार रात करीब 8 बजे गांव का गोविंद वर्मा शराब के नशे में दुकान पर पहुंचा और गुटखा मांगा। इसके बाद उसने महिला से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने फोन कर अपने साथियों को बुला आरोप है कि गोविंद वर्मा, आनंद कुमार और ग्योड़ी गांव से आए कुछ अन्य युवकों ने राजेश कुमारी, उनके पति रामबाबू और बीच-बचाव करने पहुंचे भाई सोमप्रकाश पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में तीनों घायल हो गए। घटना के बाद से पीड़ित परिवार डरा हुआ है। मामले में खन्ना थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने गुरुवार सुबह 9 बजे बताया कि तहरीर के आधार पर दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।थाना प्रभारी के मुताबिक, मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

ब्रज गीतों व मयूर नृत्य के नाम रही चुरारी दिवाली मेले की शाम



पनवाड़ी (महोबा)। पनवाड़ी विकासखण्ड क्षेत्र के चुरारी गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवाली महोत्सव एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र राजपूत द्वारा मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए । दिवाली मेले की शाम ब्रज गीतों व मयूर नृत्य के नाम रही। मथुरा की शालिनी सिंह ने कलाकारों के साथ कृष्ण भक्ति गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी कि देर रात तक दर्शक अपनी जगह पर खड़े होकर झूमने को मजबूर हो गए। मोर बन आयो रसिया, मोर बन आयो रसिया गीत पर मयूर नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। दिवाली मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र राजपूत ने किया। मुख्य प्रस्तुति मथुरा की शालिनी सिंह एंड पार्टी की रही। कार्यक्रम की शुरूआत शालिनी सिंह ने दमादम मस्त कलंदर गीत के साथ की इसके बाद फूलों की होली खेली गई। राधा कृष्ण के ऊपर ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र राजपूत ने फूलों की बारिश कर खुशी जताई। कलाकारों ने 'सखी सपने में एक अनोखी बात हो गई, सांवरे से मेरी मुलाकात हो गई'... गीत पर शानदार प्रस्तुति दी। 'मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो...' गीत पर राधा कृष्ण व साथी कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने करतब दिखाए। जिसे खूब सराहा गया। देर रात तक कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही। ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र राजपूत द्वारा गांव के हाई स्कूल एवं इंटर पास करने वाले 40 मेधावी छात्र छात्राओं को मंच के माध्यम से शिल्ड देकर सम्मनित किया।

चुरारी के दीपावली मेले में जालौन ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता की ट्रॉफी

कृष्ण-गोपिकाओं के संवाद व बुंदेली परंपराओं ने मन मोहा कालपी की टीम रही उपविजेता

समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी, (महोबा)।



विकासखंड के चुरारी गांव में दीपावली पर्व के अवसर पर बुधवार को एक दिवसीय पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। मेले में बुंदेली संस्कृति और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिली। मेले का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इसमें कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा मेला ग्राउंड से प्रारंभ होकर पूरे गांव में भ्रमण करती हुई रामजानकी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण और कार्तिक स्नान करने वाली गोपिकाओं के बीच पारंपरिक बुंदेली संवाद आकर्षण का केंद्र रहे। गोपिकाओं ने बुंदेली भाषा में संवाद करते हुए कहा, उजर जात गंवार है, बहुत कही समझाए, धौंस बतावत कंस की, सरम न तोखा आए। वहीं लौंग-सुपाड़ी, दही, माखन और मिश्री के दान को लेकर कृष्ण और गोपिकाओं के बीच हुए हास्यपूर्ण संवादों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र राजपूत ने किया। इसके बाद बुंदेलखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में झांसी, टीकमगढ़, हिंदौरिया, महोबा और दमोह सहित विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मुकाबला झांसी और टीकमगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें झांसी ने 27 अंक हासिल कर टीकमगढ़ को 23 अंकों पर रोकते हुए चार अंकों से जीत दर्ज की। पहला सेमीफाइनल जालौन और हिंदौरिया के बीच हुआ, जिसमें झांसी ने चार अंकों से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में जालौन ने महोबा को छह अंकों से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला जालौन और कालपी के बीच बेहद रोमांचक रहा। इसमें जालौन की टीम ने 25 अंक हासिल किए, जबकि कालपी की टीम 22 अंक ही बना सकी। इस तरह जालौन ने तीन अंकों से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता जालौन टीम के कप्तान सुधीर को प्रथम पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता कालपी टीम के कप्तान अनिल कुमार को द्वितीय पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। रेफरी की भूमिका सुनील राजपूत, जितेंद्र मिश्रा, लकी शर्मा एवं सतीश राजपूत ने निभाई। उद्घोषक दिनेश पांचाल ने अपनी शानदार कमेंट्री से खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह बनाए रखा। इस मौके पर क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र राजपूत ने मेले में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। पूरे आयोजन में ग्रामीण संस्कृति, खेल भावना और आपसी भाईचारे का संगम देखने को मिला।

बंधुत्व की भावना को जीवन में चरितार्थ करना ही सामाजिक समरसता

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में आयोजित भइया द्वीज के तहत दीपदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कायस्थ समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। कहा कि श्बंधुत्वश् की भावना को जीवन में चरितार्थ करना ही सामाजिक समरसता है।

क्योटरा चौराहा स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय के समीप अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में भइया द्वीज के तहत दीपदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पं.बृजेश त्रिपाठी व नवीन निगम ने गायत्री मंत्र के उच्चारण से की। भगवान चित्रगुप्त का महत्व और कलम दवात के बारे में विस्तार से बताया। पंकज बागवान ने कहा ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने, समाज में एकता और बंधुत्व की भावना मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अरुण निगम ने कहा सामाजिक समरसता गतिविधियों के माध्यम से समाज एकजुट होता है। उन्होंने प्रयागराज में अधिवक्ता सतीश श्रीवास्तव हत्याकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी, परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, सरकारी नौकरी, परिवार को आजीवन सुरक्षा दिलाने की मांग मुख्यमंत्री से की। शिक्षक नेता दुर्गा चरण श्रीवास्तव ने कहा बंधुत्व की भावना को वास्तविक जीवन में चरितार्थ करना ही सामाजिक समरसता है। इस मौके पर विजय निगम, अमितेंद्र निगम, नरेंद्र सक्सेना, प्रवीण निगम, मनोज निगम, नीरज निगम, रोहन सिन्हा, प्रदीप निगम, उत्तम सक्सेना, संतोष श्रीवास्तव, श्यामजी निगम आदि उपस्थित रहे।

कायस्थ सभा ने भगवान चित्रगुप्त का किया पूजन: कायस्थ सभा चित्रगुप्त परिवार के तत्वाधान में कटरा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में दूज पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त की विधि विधान से पूजा अर्चना की। हवन के कार्यक्रम उद्यन भारद्वाज व प्रखर भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न कराया गया। इसके बाद आरती वंदन किया गया, जिसमें समाज के लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार से महेश्वरी देवी मंदिर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में पूजन हुआ। पुष्पेंद्र श्रीवास्तव व शोभित निगम के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर उत्तम सक्सेना, अशोक कुमार श्रीवास्तव, मनोज निगम लाला, आलोक निगम, निखिल सक्सेना, लव सिन्हा, रोहन सिन्हा, देवेश स्वरूप आदि मौजूद रहे।

18 से 19 वर्ष के युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने पर विशेष जोर दें: जिलाधिकारी

स्वीप कार्यक्रम के तहत इंटर कॉलेज व महाविद्यालयों में चलेगा विशेष मतदाता जागरूकता अभियान

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



डीएम समीर ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं व महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में व्यापक मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जा सके, और कोई भी पात्र व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे। डीएम ने कहा कि इंटर कॉलेजों व महाविद्यालयों में विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को नए मतदाता के रुप में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज होना चाहिए। जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है। इसके लिए परिवार के किसी सदस्य का पहचान पत्र व अपना आधार कार्ड, हाईस्कूल प्रमाणपत्र सहित आवश्यक अभिलेख लेकर आएं, और फार्म भरकर मतदाता बनें। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें। इस दौरान राजीव राज, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, डीआईओएस राजकुमार पंडित आदि मौजूद रहे।

लोक रंग-पुस्तकों संग थीम पर आधारित सात दिवसीय पुस्तक मेले का हुआ शुभारंभ



- बुजुर्गों ने रस्साकशी में दिखाया दम, म्यूजिकल चेयर में भी बिखेरा जलवा

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास की ओर से गुरुवार को फिरोज गांधी कॉलेज परिसर में सात दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ हुआ। 12 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस मेले की थीम 'लोक रंग-पुस्तकों संग' रखी गई है।

मेले के पहले दिन बुजुर्गों और महिलाओं के लिए मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रस्साकशी प्रतियोगिता में बुजुर्गों ने अपनी ताकत और दमखम का प्रदर्शन किया, जबकि रूमाल झपट्टा और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी फुर्ती और कौशल से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं के दौरान परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।कार्यक्रम में गोंडा की चर्चित बाल प्रतिभाएं अंशिका मिश्रा और उनकी छोटी बहन अनामिका मिश्रा भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। असाधारण स्मरण शक्ति के कारण 'गूगल गर्ल' के नाम से प्रसिद्ध अंशिका ने महज 6.26 सेकंड में देश के सभी जिलों के नाम सुनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बनाया है। वहीं सात वर्षीय अनामिका ने गांधी जयंती पर हाथ में तिरंगा लेकर 30 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। दोनों बहनों की उपलब्धियों ने उपस्थित लोगों को खासा प्रभावित किया।इस अवसर पर पद्मश्री एथलीट सुधा सिंह, राही ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव और सीमेंस के डायरेक्टर डॉ. मनीष चौहान सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने छठ पूजा के दृष्टिगत राजघाट एवं शहीद स्मारक सई नदी घाटों का किया निरीक्षण

- श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने छठ पूजा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत राजघाट तथा शहीद स्मारक स्थित सई नदी के घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता से पूजा-अर्चना सम्पन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों पर भूमि समतलीकरण, बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पूजा से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं बेहतर ढंग से सुनिश्चित कर ली जाएं, जिससे महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुगम आवागमन तथा सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा के दौरान घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, उप जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर आशीष निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

13 से 21 नवम्बर तक आयोजित होंगे मेडिकल असेसमेंट कैम्प

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पीएम श्री योजना के अंतर्गत जनपद में मेडिकल असेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य बच्चों की दिव्यांगता का चिकित्सकीय परीक्षण कर आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं यूनिक आईडी कार्ड (UDID Card) निर्गत कराना तथा भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त लंबित आवेदनों का निस्तारण करना है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुशीनगर द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के लिए 13 नवम्बर से 21 नवम्बर 2026 तक निर्धारित तिथियों पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुशीनगर में मेडिकल असेसमेंट कैम्प आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविरों का समय प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक निर्धारित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 नवम्बर को विकास खण्ड पडरौना एवं विशुनपुरा, 17 नवम्बर को विकास खण्ड दुदही, सेवरही एवं तमकुहीराज, 18 नवम्बर को विकास खण्ड कसया एवं फाजिलनगर, 19 नवम्बर को विकास खण्ड हाटा, सुकरौली एवं मोतीचक, 20 नवम्बर को विकास खण्ड कप्तानगंज एवं रामकोला तथा 21 नवम्बर को विकास खण्ड नेबुआ नौरंगिया के बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में अस्थि रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्र सर्जन, फिजिशियन एवं बाल रोग विशेषज्ञ सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित चिकित्साधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इन शिविरों के माध्यम से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूनिक आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को गति मिलेगी तथा पोर्टल पर लंबित आवेदनों का निस्तारण भी किया जाएगा।

बूथ मजबूत होगा तो संगठन और राष्ट्र होगा मजबूतः दिनेश प्रताप सिंह

- खीरों व सेमरी मंडल के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के खीरों एवं सेमरी मंडल में गुरुवार को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तीकरण और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि बूथ संगठन की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण इकाई है। बूथ मजबूत होगा तो संगठन मजबूत होगा और संगठन की मजबूती से राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को सक्रिय बनाने तथा पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही सुनिश्चित होती है। सम्मेलन में उपस्थित बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने बूथों को और अधिक सशक्त बनाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में पूरी सक्रियता से भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, जिला महामंत्री शरद सिंह, जिला उपाध्यक्ष एवं खीरों मंडल प्रभारी जनमेजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष एवं सेमरी मंडल प्रभारी अभिषेक वर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष पासवान एवं राजेश विश्वकर्मा, पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय लोधी, अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर पासवान, सह प्रभारी तिलक सिंह एवं मोहित सिंह सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक और बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

थाने में चार दिन से वकीलों का डेरा

- पुलिस को जगाने के लिए अब कर रहे डांस-मुशायरा

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। सिविल लाइंस थाने में पिछले 4 दिन से 8 वकील धरने पर बैठे हैं। जी हाँ, वही वकील जो दूसरों को इंसाफ दिलाते हैं, आज खुद इंसाफ के लिए थाने में दरी-बिस्तर और मच्छरदानी लेकर बैठे हैं।

लोन एजेंट ने एक वकील साहब से 63 हजार रुपये की ठगी कर ली। वकील ने कानून का पालन करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। सोचा, पुलिस अब आरोपी को पकड़ लेगी। लेकिन प्राथमिकी के बाद पुलिस ने ऐसी कार्रवाई की कि कार्रवाई ही गायब हो गई। एफआईआर हो गई, कागज पर मुहर लग गई, फाइल अलमीरा में रख दी गई और पुलिस देखते हैं, कर रहे हैं, हो जाएगा वाले अपने पुराने राग पर आ गई। हारकर वकीलों को वही करना पड़ा, जो आम आदमी करता है धरना। धरने को 4 दिन हो गए। अब वकीलों ने पुलिस को जगाने का नया तरीका निकाल लिया है माइक और लाउडस्पीकर पर शायरी। थाने में अब गवाहों की गवाही नहीं, शायरी हो रही है।

कभी डांस, कभी मुशायरा थाना अब थाना नहीं, कवि सम्मेलन बन गया है। सबसे बड़ा कटाक्ष वकील को भी नहीं मिल रहा इंसाफ, तो आम आदमी का क्या होगा। कानून जानने वाले, कानून की भाषा बोलने वाले, कोर्ट में पुलिस को कठघरे में खड़ा करने वाले वकील को ही इंसाफ के लिए 4 दिन तक थाने में दरी बिछानी पड़ रही है।

वीर वीरा पासी की जयंती पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने किया नमन



- समारोह में वीरता, स्वाभिमान और सामाजिक एकजुटता पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। वीर वीरा पासी की जयंती पर बुधवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के किशुनपुर रामचन्द्र स्थित समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं और पासी समाज के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके शौर्य, साहस और ऐतिहासिक योगदान को याद किया।कार्यक्रम में सपा प्रदेश सचिव एवं सदर विधानसभा क्षेत्र के नेता डॉ. शशिकांत शर्मा ने वीर वीरा पासी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पासवान ने कहा कि वीर वीरा पासी का जीवन साहस, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है।

1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है।समारोह के दौरान पासी समाज के प्रतिनिधियों ने डॉ. शशिकांत शर्मा को वीर वीरा पासी का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। डॉ. शर्मा ने आभार जताते हुए कहा कि यह चित्र समाज के गौरवशाली इतिहास और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा, रोजगार और युवाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने से ही संभव है। समाज के अधिकारों, सम्मान और जायज मांगों के लिए वह सदैव आवाज उठाते रहेंगे।उन्होंने सामाजिक एकजुटता और आपसी विश्वास मजबूत करने पर जोर देते हुए महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर राजेश कुमार मौर्य, प्रशांत कुमार रावत, अजीत कुमार रावत, बब्लू पासी, कोमल कुमार रावत, सुशील कुमार पासवान, अमित कुमार रावत, बुद्धराम पासी और शुभम पासी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

जिला स्वच्छता समिति की बैठक में ग्रामीण स्वच्छता कार्यों की समीक्षा, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं शौचालय निर्माण में तेजी लाने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित योजनाओं, ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था, वित्तीय प्रगति, शौचालय निर्माण तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्रामीण स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। योजनाओं का प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए तथा उनकी नियमित समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की विकासखंडवार समीक्षा में पाया गया कि कई ग्राम पंचायतों में यह कार्य नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सचिवों की जिम्मेदारी तय करते हुए कूड़ा संग्रहण, पृथक्करण एवं उचित निस्तारण की व्यवस्था प्रभावी बनाई जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की जाए। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जियो टैगिंग की प्रगति में वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी ने अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले विकासखंडों को विशेष कार्ययोजना बनाकर निर्माण एवं जियो टैगिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत प्राप्त, व्यय एवं अवशेष धनराशि की समीक्षा की गई। बताया गया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रथम एवं द्वितीय किस्त की धनराशि पात्र लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। वहीं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा पीडब्ल्यूएमयू के निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों को धनराशि की लिमिट उपलब्ध करा दी गई है। जिलाधिकारी ने उपलब्ध धनराशि का पारदर्शी एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीडब्ल्यूएमयू) के निर्माण एवं संचालन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि चयनित ग्राम पंचायतों में मशीनों की स्थापना एवं अन्य आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं। कुछ इकाइयों में संचालन संबंधी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं, जबकि शेष में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने सभी इकाइयों को प्रभावी ढंग से संचालित कराने के निर्देश दिए। बैठक में विकासखंड कसया की ग्राम पंचायत कुड़वा उर्फ दिलीपनगर स्थित पीडब्ल्यूएमयू के माध्यम से प्लास्टिक मिश्रित इंटरलॉकिंग पेवर निर्माण की प्रस्तावित कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

इसके तहत कसया, हाटा एवं फाजिलनगर के रिसोर्स रिकवरी सेंटरों से एकत्रित प्लास्टिक का प्रसंस्करण कर उपयोगी निर्माण सामग्री तैयार करने की योजना है। जिलाधिकारी ने इस पहल को प्रोत्साहित करते हुए उत्पाद की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं विपणन की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) निर्माण के लिए स्थलों के चिह्नांकन की समीक्षा की गई। विकासखंड मोतीचक की ग्राम पंचायत सोनिया में स्थल चिह्नित किए जाने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने शेष स्थलों के चिह्नांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के सत्यापन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा रिसोर्स रिकवरी सेंटरों के नियमित संचालन पर विशेष बल दिया। सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने, साफ-सफाई, जलापूर्ति एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में 15वें एवं पंचम वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की वित्तीय प्रगति, पंचायत सहायकों के मानदेय, सहज जन सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं, अंत्येष्टि स्थलों, पंचायत भवन निर्माण तथा चयनित ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की भी समीक्षा की गई।

भाजपा नेता राजेंद्र पटेल का सघन जनसंपर्क जारी

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, 317-सिसवा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र पटेल का सघन जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में उन्होंने क्षेत्र के औराटार, गणेशपुर, नक्शा बक्सा चौराहा, हरदी टोला, सिंहपुर एवं कोहड़वल सहित विभिन्न गांवों और चौराहों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, किसानों, युवाओं और व्यापारियों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली।जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेता राजेंद्र पटेल ने लोगों से बातचीत कर केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए आम लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें लाभ प्राप्त करने में सहयोग देना जरूरी है।श्री पटेल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों, कस्बों और प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर किसानों, नौजवानों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। लोगों के बीच जाकर उनकी बात सुनने से क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान की दिशा में प्रयास करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने क्षेत्रवासियों से संवाद के दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और जनहित से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। भाजपा नेता के इस जनसंपर्क अभियान में समर्थकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। क्षेत्र में लगातार हो रहे इस संपर्क अभियान के माध्यम से राजेंद्र पटेल आमजन के बीच पहुंचकर संवाद और संपर्क को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं।

भगवान श्री चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा कल

- भगवान श्री चित्रगुप्त के 12 पुत्रों की झांकियां रहेंगी मुख्य आकर्षण

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। अखिल भारतीय चित्रांश सनातन महासभा की ओर से 14 नवंबर शुक्रवार को भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कैपिटल सिनेमा के सामने स्थित एक होटल में महासभा की प्रेसवार्ता आयोजित हुई। इसमें शोभायात्रा की रूपरेखा और उद्देश्य की जानकारी दी गई। महासभा के जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान श्री चित्रगुप्त का भव्य स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही उनके 12 पुत्रों की आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियां भी शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि महासभा का उद्देश्य भगवान श्री चित्रगुप्त के आदर्शों, सनातन संस्कृति और परंपराओं का प्रचार-प्रसार करना तथा समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने समस्त चित्रांश बंधुओं और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शोभायात्रा को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने की अपील की। प्रेसवार्ता की अध्यक्षता डॉ. विजय श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन दिनेश श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर डॉ. बीएस सक्सेना, रविन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. बद्रीनाथ श्रीवास्तव, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव श्काजूश, राजू श्रीवास्तव, सुरेन्द्र दयाल श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, यशराज श्रीवास्तव, सभासद संजय श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, ओमानन्द श्रीवास्तव, सोमेश श्रीवास्तव, रविकाश श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव और अभिषेक श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने संगम घाट सहित विभिन्न घाटों का भ्रमण कर छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

- जिलाधिकारी ने घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा गुरूवार को छठ पर्व को सकुशलढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बोट से संगम घाट, राम घाट, अरैल घाट, बलुआघाट सहित अन्य घाटों का भ्रमण कर तैयारियों जायजा लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने छठ पर्व के अवसर पर घाटों पर प्रकाश, साफ-सफाई, गोताखोर, बैरिकेटिंग, मोबाइल टॉयलेट, चेजिंग रूम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिया है। उन्होंने विद्युत विभाग एवं नगर निगम को घाटों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये है।

घाटों पर साफ-सफाई की अच्छी एवं मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया है। साथ ही साथ पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है कि यातायात की व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग की व्यवस्था तथा घाटों पर सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने गहरे पानी में साइनेज एवं बैरिकेटिंग लगाये जाने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में घाटों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को प्रमुख आयोजन स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त सीलम साई तेजा, उपजिलाधिकारी विवेक शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

17 को होगी निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण को लेकर बैठक

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आगामी 17 नवंबर को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और मंत्रियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 नवंबर 2026 (मंगलवार) को अपराह्न 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, महराजगंज में बैठक होगी। इसमें आलेख निर्वाचक नामावली की प्रतियां उपलब्ध कराने के साथ ही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों एवं मंत्रियों से बैठक में स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है, ताकि पुनरीक्षण कार्य को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया जा सके।

शक्ति प्रदर्शन कर पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने दिखाई ताकत, विधानसभा चुनाव न लड़ने का किया एलान

- उमड़ा जनसैलाब, कहा-ये पैसे देकर बुलाई गई भीड़ नहीं है

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। यमुनापार की धरती पर आज कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने बड़े-बड़े नेताओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया। जहाँ तक नजर जा रही थी, वहाँ तक सिर्फ लोग ही लोग थे। ये कोई पैसे देकर बुलाई गई भीड़ नहीं थी। ये वो लोग थे, वह पूर्व विधायक बाहुबली नेता पंडित उदयभान करवरिया को दिल से चाहने वाले थे।

मंच से लेकर मैदान तक, हर तरफ एक ही आवाज गूंज रही थी। जय परशुराम, जय भवानी। लोग अपने नेता की एक झलक पाने के लिए घंटों से खड़े थे। कोई मोबाइल में फोटो ले रहा था, कोई हाथ उठाकर नारा लगा रहा था, तो कोई बस अपने नेता को देखकर ही खुश हो रहा था। बुजुर्ग, नौजवान, किसान, हर वर्ग का आदमी इस जनसभा में अपने आप चला आया था। लोगों का कहना था उदयभान करवरिया ने हमेशा गरीबों, किसानों और अपने क्षेत्र के लोगों का साथ दिया है। सुख हो या दुख, वो हमेशा लोगों के बीच खड़े रहते हैं। इसलिए लोग उनको नेता नहीं, अपने घर का आदमी मानते हैं।

सभा में मौजूद समर्थकों ने साफ कह दिया। पंडित उदयभान करवरिया निर्दलीय भी चुनाव लड़ेंगे तो कोई टक्कर देने वाला नहीं है। लोगों की भारी भीड़ देखकर गदगद उदयभान करवरिया ने विधानसभा चुनाव न लड़ने का एलान किया। उन्होंने आरक्षण से लेकर कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। इशारों-इशारों में कुछ नेताओं पर तंज भी कसा।

आज की ये भीड़ इस बात का सबूत है कि बारा एवं मेजा की जनता का प्यार और विश्वास आज भी अपने नेता के साथ मजबूती से खड़ा है।

घर में घुसकर मारपीट का आरोप, पुलिस ने पीड़ित पर ही दर्ज किया मुकदमा



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। छिबरामऊ कस्बे में पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। छिबरामऊ निवासी आयुष ने चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित के मुताबिक, आनंदराम गुप्ता के पुत्र सौरभ और गौरव ने घर में घुसकर उसकी पत्नी, मां और पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त पिता के साथ मारपीट की थी।

आरोप है कि मामले में आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय चौकी इंचार्ज ने पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया। इससे आहत परिवार ने एसपी से निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि एसपी ने शिकायत की जांच कराकर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी की कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आ चुकी हैं। आरोप है कि दरोगा रिश्वतखोरी के मामले में निलंबित भी हो चुके हैं। इसके अलावा पत्रकार का मोबाइल छीनने और एक अन्य पत्रकार की ओर से उनकी कार्यशैली की शिकायत एसपी से किए जाने का मामला भी चर्चा में रहा है।

लगातार उठ रहे सवालों के बीच अब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं। मामले में चौकी इंचार्ज का पक्ष सामने नहीं आया है।

राजस्व वसूली में सुस्ती पर एडीएम सख्त, तहसीलदारों को लगाई फटकार

- धारा-34 के लंबित वादों का इसी माह शत-प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश।
- आईजीआरएस में छिबरामऊ और तिर्वा की स्थिति खराब

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। कर-करेत्तर राजस्व वसूली में धीमी प्रगति और राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों को लेकर अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह ने नाराजगी जताई।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित वादों का इसी माह निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एडीएम ने स्टाम्प, वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन और विद्युत विभाग की वसूली की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली शासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडी सचिव के कार्यों पर नाराजगी जताते हुए नियमित कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

राजस्व न्यायालयों में धारा-34 के तहत 45 और 90 दिन से अधिक समय से लंबित वादों की अलग-अलग सूची तैयार करने को कहा। तहसीलदारों के न्यायिक कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी। वहीं, आईजीआरएस की समीक्षा में छिबरामऊ और तिर्वा एसडीएम स्तर पर सबसे अधिक मामले लंबित मिलने पर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम तिर्वा वैशाली, एसडीएम सदर वैभव गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

16 नवंबर से शुरू होगी स्व-गणना, घर बैठे भर सकेंगे जनगणना का ब्योरा

- दो लाख प्रश्नावलियां तैयार, प्रगणकों के माध्यम से घरों तक पहुंचाने की तैयारी।
- एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेंगे गणनाकर्मी

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। जनगणना-2027 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। स्व-गणना को आसान बनाने के लिए दो लाख प्रश्नावलियों की प्रतियां तैयार कराई गई हैं। इन्हें प्रगणकों के माध्यम से परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि लोग पहले से ही अपनी जानकारी दर्ज कर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकें।

गुरुवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में जनगणना के प्रचार-प्रसार के लिए दो जागरूकता कार्यक्रम हुए। राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा में ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों को जानकारी दी गई। वहीं, कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में होटल, गेस्ट हाउस और मैरिज हॉल संचालकों को स्व-गणना के प्रति जागरूक किया गया। मास्टर ट्रेनर सस्मित द्विवेदी और मृदुल मिश्रा ने जनगणना के 40 प्रश्नों और प्रक्रिया की जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक https://se.census.gov.in पोर्टल पर स्व-गणना की जा सकेगी। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर गणना करेंगे। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने पर मिलने वाली एसई आईडी सुरक्षित रखनी होगी और प्रगणक को देनी होगी। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना में दी गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

रासायनिक खादों का मोह छोड़ें,प्राकृतिक और गौ-आधारित खेती अपनाएं : संतोष कुमार

- किसान सघन खेत बचाओ अभियान में 515 किसानों को किया जागरूक।
- मृदा की सेहत सुधारने और संतुलित उर्वरक प्रयोग पर दिया जोर।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। किसानों की आय बढ़ाने और मिट्टी की उर्वरता बचाने के लिए जिले में सघन खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विकासखंड कन्नौज के ग्राम बंसरामऊ और जलालाबाद के ग्राम मायानगर (तेरा रागी) में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें जनप्रतिनिधियों सहित करीब 515 किसानों ने भाग लिया।

उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों का जरूरत से अधिक प्रयोग मिट्टी की उर्वरता के साथ मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है। किसानों को हरी खाद, जैविक खाद और गौ-आधारित प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक प्रयोग और यूरिया-डीएपी के विकल्पों की जानकारी दी। दलहन और तिलहन की खेती बढ़ाने के साथ फार्मर आईडी बनवाने के लिए भी प्रेरित किया।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने वैज्ञानिक खेती, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के तरीके बताए। उन्होंने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

तीन दोस्तों की जान लेने वाली थार कानपुर में लावारिस हालत में मिली

- बर्रा इलाके से बरामद हुई यूपी 78-JM 6143 नंबर की कार
- हादसे के बाद से फरार चालक अब भी पुलिस की पकड़ से दूर

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के पास तीन दोस्तों की मौत का कारण बनी थार कार पुलिस को कानपुर के बर्रा इलाके में लावारिस हालत में मिली है। कार की बरामदगी के बावजूद हादसे को अंजाम देने वाला चालक पुलिस की पकड़ से दूर है। कार कानपुर नंबर यूपी 78-JM 6143 बताई जा रही है। बीते मंगलवार देर रात दीपावली की खुशियां मनाकर एक ही बाइक से घर लौट रहे चार दोस्तों को तेज रफ्तार थार ने सामने से टक्कर मार दी थी। हादसे में अगौस गांव निवासी शिक्षामित्र विजय उर्फ रामजी (35), प्राइवेट अध्यापक वेदप्रकाश (50) और मनीष (28) की मौत हो गई थी, जबकि आशीष (24) गंभीर रूप से घायल हो गया था।

टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों दोस्त उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे थे। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया था। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था।

अब कार कानपुर में लावारिस हालत में मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी है। वहीं, तीन युवकों की मौत के बाद से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

लखनऊ महारैली को लेकर आजाद समाज पार्टी ने तेज की तैयारियां



- नुक्कड़ बैठक कर लोगों से लखनऊ पहुंचने की अपील

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। आजाद समाज पार्टी की ओर से 26 नवंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। इसी क्रम में ग्राम कुंअरपुर करनौली में नुक्कड़ बैठक आयोजित की गई। इसमें पार्टी पदाधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में भाईचारा मंडल प्रभारी पवन गौतम ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से सांसद चंद्रशेखर आजाद लगातार शोषित और वंचित समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। आज वह बहुजन समाज की आवाज बन चुके हैं। उन्होंने सभी से महारैली में शामिल होने की अपील की। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि लखनऊ में होने वाली महारैली इतिहास रचने जा रही है। इसमें लाखों लोगों के पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि महारैली के माध्यम से बहुजन समाज को एकजुट करने का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान मीडिया प्रभारी अनुज कुमार, नगर अध्यक्ष अरशद खां, नरेंद्र कुमार, सुरजीत, विमलेश सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नीलगाय से टकराई बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत, साथी घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। सौरिख रोड पर ग्राम जरारा के पास अचानक सामने नीलगाय आ जाने से बाइक सवार दो राजमिस्त्री हादसे का शिकार हो गए। नीलगाय से टकराने के बाद बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। मोहल्ला जेरकिला निवासी 30 वर्षीय कासिम पुत्र दिलदार और 32 वर्षीय उमेश पुत्र रामसरन राजमिस्त्री का काम करते हैं। दोनों बुधवार सुबह मकान निर्माण कार्य के लिए बाइक से सौरिख गए थे। शाम करीब पांच बजे छिबरामऊ लौटते समय ग्राम जरारा के पास अचानक सामने नीलगाय आ गई। इससे बाइक टकराकर गिर गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां कासिम की मौत हो गई। कासिम अपने पीछे पत्नी नेहा, मां रोशन, तीन बेटियां खुशी, मुस्कान, सानीमा और दो बेटे हसनैन व इबाद को छोड़ गया है।

हत्याकांड पीड़ित परिवार से मिली विधायक



- आर्थिक सहायता व सुरक्षा का दिया भरोसा

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। पश्चिमी बाईपास स्थित रिटायर दरोगा गणेश शंकर चतुर्वेदी के आवास पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पहुंचे। उन्होंने अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी के दुखद निधन पर शोक-संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। अधिकारियों ने परिवार को सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र लाइसेंस दिलाने और मृतक की पत्नी को सरकार की योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी के पिता को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। मालूम हो कि दीपावली के दिन अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने मुख्य आरोपी अमोल दीक्षित और उसकी मां मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी अवध बिहारी दीक्षित अभी फरार है। कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुई इस वारदात से पूरे नगर में सनसनी फैल गई थी।

पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर को सुभाषनगर निवासी अंकित चतुर्वेदी ने तहरीर दी थी कि उनके चचेरे भाई अभिषेक से हुई मारपीट की शिकायत पर अनुज चतुर्वेदी, दीपक पाठक और अभिषेक अमोल के घर पहुंचे थे। विवाद बढ़ने पर अमोल ने अनुज पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में अमोल, उसके पिता अवध बिहारी और मां मुन्नी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

जीवित युवक को सरकारी रिकॉर्ड में दिखाया मृतक

- बीमारी से जूझ रहे युवक को आयुष्मान कार्ड के जरिए करना था उपचार

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। सरकारी अभिलेखों में लापरवाही का मामला सामने आया है। नगर के गोपाल नगर निवासी रुकीसा बेगम के पुत्र सज्जाद को सरकारी रिकॉर्ड में मृतक दर्शाकर राशन कार्ड से उनका नाम काट दिया गया, जबकि वह जीवित हैं और बीमारी से जूझ रहे हैं। इस गड़बड़ी के चलते गरीब परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है।

जानकारी के अनुसार रुकीसा बेगम के राशन कार्ड में उनके पुत्र सज्जाद का नाम दर्ज था। कुछ समय पहले अचानक उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया। परिवार को इसकी जानकारी तब हुई, जब सज्जाद की गंभीर बीमारी के चलते आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने के लिए जानकारी जुटाई गई। ऑनलाइन रिकॉर्ड देखने पर पता चला कि सज्जाद को सरकारी अभिलेखों में मृतक दर्ज कर दिया गया है। खुद को मृतक दर्ज देखकर सज्जाद और उनके परिजन हैरान रह गए। परिवार का कहना है कि सज्जाद जीवित हैं और उन्हें इलाज की सख्त जरूरत है, लेकिन रिकॉर्ड में गलत जानकारी दर्ज होने से आयुष्मान योजना का लाभ मिलने में बाधा आ रही है। पीड़ित ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराकर गलत रिकॉर्ड दुरुस्त कराने और राशन कार्ड में दोबारा नाम शामिल कराने की मांग की है, ताकि उन्हें आयुष्मान योजना सहित अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

युवक पर कार चढ़ाकर हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

कन्नौज। समोसा खाने के दौरान हुए विवाद में युवक की हत्या के प्रयास के मामले में सकरावा पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी नगला मदारी निवासी रजिद उर्फ राशिद (32) है।

पुलिस के अनुसार, मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के मिदिया गांव निवासी जनेश चंद्र के पुत्र समोद यादव का ब्रजेश शाक्य की दुकान पर समोसा खाते समय राशिद से विवाद हो गया था। आरोप है कि इसके बाद राशिद ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

समोद बाइक से घर लौट रहा था, तभी आरोपी अपने साथी के साथ बलेनो कार से पहुंचा और पीछे से टक्कर मार दी। आरोप है कि समोद के गिरने पर उसके ऊपर दो बार कार चढ़ाई। बचाने पहुंचे लोगों को धारदार हथियार दिखाकर धमकाया और फरार हो गया।

किसान यूनियन का सम्मान, लेकिन मुफ्त में नहीं मिलेगी छूट : टोल मैनेजर

- किसान यूनियन का बैनर लगी गाड़ियों को टोल पर रोका,बारातियों से नोंक-झोंक
- बिना टोल टैक्स दिए वाहन निकालने की कोशिश पर हुआ विवाद

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। किसान यूनियन का बैनर लगाकर बारात लेकर जा रहे लोगों की गाड़ियों को जेवां टोल प्लाजा पर रोक दिया गया। टोल टैक्स को लेकर बारातियों और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक हुई। काफी देर तक टोल प्लाजा पर गहमागहमी का माहौल रहा।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के जेवां टोल प्लाजा का है। यहां किसान यूनियन का बैनर लगी कई गाड़ियां बारात लेकर पहुंचीं। आरोप है कि बाराती बिना टोल टैक्स दिए सभी गाड़ियों को निकालना चाहते थे। टोल कर्मियों ने टैक्स मांगा तो विवाद शुरू हो गया। इसके बाद टोल मैनेजर प्रदीप गुर्जर ने गाड़ियों को रोक दिया।

टोल मैनेजर ने कहा कि किसान यूनियन का सम्मान है, लेकिन बारात ले जाने के नाम पर वाहनों को मुफ्त में निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों के तहत सभी को टोल टैक्स देना होगा।

भाई दूज से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। भाई दूज के पर्व पर बहन के घर से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पीछे से आए अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद कई अज्ञात वाहन उसके ऊपर से गुजर गए। हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में मातम छा गया। कन्नौज थाना क्षेत्र के ग्राम बरौली निवासी तेजेंद्र सिंह उर्फ रवि (पुत्र स्वर्गीय जितेंद्र सिंह) बुधवार को बाइक से अपनी बहन निहारिका के घर जासमई, मैनपुरी भाई दूज मनाने गए थे। रात करीब सात बजे घर लौटते समय अकबरपुर राष्ट्रीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सामने पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के बाद अन्य वाहन उनके ऊपर से निकल गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि तेजेंद्र कानपुर के बर्रा क्षेत्र में जियो कंपनी में कार्यरत थे। उनकी शादी 23 अप्रैल 2022 को शिवानी से हुई थी। उनका तीन वर्षीय बेटा शिवांश है।

पत्नी से विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम चमन नगरिया में पत्नी से विवाद के चलते 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम कुंवरपुर लोधपुर चौकी क्षेत्र के खुबरियापुर ग्राम पंचायत के मजरा चमन नगरिया निवासी जीतू पुत्र रामऔतार का पत्नी प्रियंका से करीब एक साल से विवाद चल रहा था। उनके दो बच्चे हैं। छह वर्षीय बेटी अनन्या पिता के साथ रहती थी, जबकि तीन वर्षीय बेटा आदित्य अपनी मां के साथ मायके में था। परिजनों और रिश्तेदारों ने समझौते के प्रयास किए, लेकिन बात नहीं बनी। करवा चौथ पर पत्नी ने आने के लिए पांच हजार रुपये मांगे थे। जीतू ने रकम उसके खाते में भेज दी, लेकिन वह नहीं आई। बुधवार रात करीब नौ बजे जीतू की पत्नी से फोन पर बात हो रही थी। इसी दौरान वह घर के कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर झूल गया। पड़ोस में जन्मदिन कार्यक्रम से लौटी बेटी ने पिता को फंदे पर लटका देखा तो चीखने लगी। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा लेकिन परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी नहीं हुए।

रविवार को होगा नारी उत्कर्ष समारोह का भव्य आयोजन

छिबरामऊ कन्नौज। आजाद नगर, पश्चिमी सोसाइटी के पास सुनीता कॉन्वेन्ट पब्लिक स्कूल में शान्ति कुंज हरिद्वार के निर्देशन में 15 नवम्बर दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से नारी उत्कर्ष समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। खिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के दिव्य सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री परिवार शाखा छिबरामऊ के तत्वावधान में नारी उत्कर्ष समारोह के माध्यम से नारी जागरण का एक विशिष्ट कार्यक्रम होने जा रहा है। क्योंकि सुसंस्कृत जागृति नारी केवल अपना जीवन ही नहीं संवारती अपितु वह पूरे परिवार का मविष्य संभालती है। आयोजकों के अनुसार यह समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि नारी शक्ति के जागरण, उन्नयन, परिवार में संस्कारो की स्थापना और श्रेष्ठ समाज के के निर्माण की दिशा में एक सामूहिक प्रयास है।

ओवैसी-चंद्रशेखर गठबंधन पर बरसे सपा नेता आरिफ खान

- मुस्लिम कार्ड खेलकर जनता को गुमराह करने की कोशिश।
- सभी वर्गों को साथ लेकर सपा बनाएगी सरकार

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के गठबंधन को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सपा नेता आरिफ खान ने गठबंधन पर निशाना साधते हुए ओवैसी की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ओवैसी मुस्लिम कार्ड खेलकर फिरकापरस्त ताकतों को दोबारा सत्ता सौंपने की राजनीति कर रहे हैं।

आरिफ खान ने कहा कि जब ओवैसी की दाल नहीं गली तो अब चंद्रशेखर के साथ गठबंधन कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, प्रदेश की जनता उनकी राजनीति को समझ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में ओवैसी की कोई चाल कामयाब नहीं होगी। सपा नेता ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। इस बार सभी वर्गों के सहयोग से सपा की सरकार बनेगी।

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ, शुक्रवार 13 नवम्बर, 2026



प्रेम-प्रसंग के चलते युवक की हत्या, शव बरामद

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।



जांच पड़ताल करती पुलिस मौजूद ग्रामीण

थाना जहानगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला चाहर के रहने वाले नंदराम के 22 वर्षीय पुत्र दीपक का शव गुरुवार सुबह पड़ोसी गांव सरवर आलमपुर में सुभाष कुशवाहा की मड़ैया/जगह पर संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना दी। इसके बाद थाना जहानगंज के थानाध्यक्ष ब्रजमोहन पाल ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की, जिसमें मृतक की शिनाख्त दीपक राजपूत के रूप में हुई। शुरुआती जांच और शरीर पर मिले निशानों के आधार पर यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार दीपक बीती शाम करीब 7 बजे घर से निकला था। चर्चा है कि प्रेम प्रसंग के चलते ही उसकी हत्या की गई है। दीपक की बहन प्रीति ने बताया कि उसका एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार शाम उसके पास मोबाइल पर फोन आया था, इसके बाद वह घर से निकल गया। मृतक दीपक के गले पर निशान पाए गए हैं तथा उसे जहर दिए जाने की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस और जांच अधिकारी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहराई से छानबीन कर रहे हैं। मृतक दीपक बोरिंग मैकेनिक का काम करता था और उसका सुभाष कुशवाहा के घर आना-जाना था। घटना के बाद सुभाष के घर पर ताला लगा मिला है। गांव में चर्चा है कि पुलिस



की टीम ने इस मामले में पूछताछ के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही दीपक के घर में कोहराम मच गया। मां गुड्डी देवी और भाई उस समय घर पर नहीं थे, क्योंकि वे रात को एक दावत खाने गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। मृतक के पिता का करीब 10 साल पहले निधन हो चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ एवं फॉरेंसिंग टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं डॉग स्क्वायड ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। सीओ आलोक कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुकदमे की रंजिश में ग्रामीण को मारी गोली, घायल

कंपिल, समृद्धि न्यूज। मुकदमे की रंजिश में ग्रामीण को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां से उन्हें लोहिया रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव धीमर नगला निवासी मलिखान का काफी समय से पड़ोस के कुछ लोगों से मुकदमे को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार देर शाम लगभग छः बजे वह घर पर थे। उसी समय दो लोग शराब पीकर आए और दरवाजे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर फायरिंग कर दी। जिससे उनके पैर में गोली लग गई। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। स्वजनों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग से गांव में दहशत का माहौल हो गया। लोगों ने इधर उधर छिपकर जान बचाई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद देर रात उन्हें लोहिया रेफर किया गया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया पीड़ित ने दो लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर नहीं मिली है।

उपकृषि कार्यालय में मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिले के उप कृषि कार्यालय के अंदर उस समय हड़कंप मच गया, जब कार्यालय के एक कमरे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। कार्यालय कई दिनों से बंद होने के कारण शव से तेज दुर्गंध उठने लगी थी, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। मृतक की पहचान होशियार सिंह यादव चपरासी पुत्र फेरू सिंह निवासी राजा नगला फतेहगढ़ के रूप में हुई है। होशियार सिंह उप कृषि कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर तैनात थे और उनकी रात्रि ड्यूटी भी कार्यालय में ही रहती थी।

जानकारी के अनुसार दीपावली के त्योहार के चलते गत 7 नवंबर से कार्यालय बंद चल रहा था। इस कारण कई दिनों तक कोई भी कर्मचारी



जांच पड़ताल करती पुलिस

कार्यालय नहीं आया। गुरुवार की सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे, तो अंदर से आ रही तेज दुर्गंध से उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। जब कार्यालय के अंदर जाकर देखा गया, तो होशियार सिंह यादव का शव संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। कार्यालय के अंदर शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के इलाकों में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना कादरी गेट पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी नगर अभय वर्मा भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मृतक को शराब पीने की आदत थी, हालांकि उनकी मौत किन परिस्थितियों में और कब हुई, इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। कार्यालय कई दिनों से बंद रहने के कारण मौत के सटीक समय का भी पता नहीं चल सका है। इस घटना के बाद से विभागीय कर्मचारियों और परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

फर्रुखाबाद में मतदान केंद्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-25 के उपबंधों के तहत उत्तर प्रदेश के जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन से जनपद में मतदान केंद्रों की सूची के अंतिम प्रकाशन की सूचना जारी की है। फर्रुखाबाद जनपद में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 192-कायमगंज (अ0जा0), 193-अमृतपुर, 194-फर्रुखाबाद, 195-भोजपुर इन निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान क्षेत्रों और प्रत्येक के सामने उल्लिखित समूहों के लिए मतदान स्थलों का उपबंध किया गया है।

डीएम व एसपी ने सातनपुर मंडी का किया स्थलीय निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से सदर तहसील के बढ़पुर विकासखंड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति, सातनपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंडी परिसर में प्रस्तावित निर्वाचन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत उनकी वापसी, ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री के सुरक्षित रखरखाव के लिए स्ट्रांग रूम तथा निर्वाचन प्रक्रिया में प्रयुक्त होने वाले अन्य स्थलों की उपलब्धता एवं स्थिति का गहनता से अवलोकन किया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मंडी परिसर में निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का अभी से आकलन कर लिया जाए तथा जिन स्थानों पर मरम्मत, निर्माण अथवा अन्य सुधार कार्य कराए जाने की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रवानगी एवं वापसी की व्यवस्था सुव्यवस्थित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात योजना के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंडी परिसर में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं वापसी के स्थलों, स्ट्रांग रूम तथा अन्य महत्वपूर्ण कक्षों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराई जाएं। विद्युत कनेक्शन, प्रकाश व्यवस्था, वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था एवं वायरिंग आदि का भी परीक्षण कराया जाए, जिससे निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया कि मंडी परिसर में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था, उनकी साफ-सफाई तथा नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पोलिंग पार्टियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। डीएम ने मंडी परिसर के विभिन्न भवनों, कक्षों एवं अन्य संरचनाओं का निरीक्षण करते हुए फर्श, दरवाजे, खिड़कियां, दीवारों एवं छतों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा एवं संरक्षा के दृष्टिगत भवनों की स्थिति का विशेष परीक्षण कराया जाए तथा जहां भी सुधार की आवश्यकता हो, उसे तत्काल संज्ञान में लेकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टियों के वाहनों, निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले अन्य वाहनों तथा अधिकारियों के वाहनों के लिए पर्याप्त एवं व्यवस्थित पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएं। वाहनों के आवागमन एवं निकास के लिए समुचित मार्ग निर्धारित किए जाएं, जिससे निर्वाचन के दौरान अनावश्यक भीड़ एवं यातायात अवरोध की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने मंडी परिसर में उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग करते हुए निर्वाचन संबंधी विभिन्न गतिविधियों के लिए आवश्यक स्थलों का सुव्यवस्थित निर्धारण करने को कहा। एसपी ने निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मंडी परिसर का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं का पूर्व आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम एवं अन्य संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा, पुलिस बल की तैनाती, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परिसर की निगरानी के लिए आवश्यक प्रबंध समय से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी तैयारियों को गंभीरता से लेते हुए अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की कार्ययोजना तैयार करें तथा आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त रखना सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्वाचन के समय किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा असुविधा की स्थिति उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन कृष्ण कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुभाष राजपूत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुरलीधर सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग को लेकर हुआ विवाद

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव सिरौली में घरेलू कलह और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर एक महिला के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। हालांकि, देर शाम दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया। जानकारी के अनुसार गांव सिरौली निवासी महिला को आए दिन ससुरालीजन घरेलू बातों को लेकर प्रताड़ित करते थे। बुधवार रात करीब आठ बजे महिला अपने घर पर थी, तभी उसके पति ने पिता से अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल दिलाने की मांग की। मांग पूरी न होने पर पति ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना की सूचना मिलने पर गुरुवार दोपहर करीब एक बजे महिला के मायके पक्ष के लोग उसके घर पहुंचे और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि समझाने के दौरान ससुरालीजनों ने मायके पक्ष के साथ भी गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित महिला ने थाने में ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस के संज्ञान लेने के बाद दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में बातचीत हुई, जिसके बाद देर शाम दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया।

दबंगों ने चाचा-भतीजों को पीटा

कंपिल, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गांव लुखड़ापुर निवासी नानिकराम ने दी तहरीर में बताया कि 9 नवंबर सोमवार को वह भतीजे शोविंद्र, आशीष, मदनपाल के साथ अपना घूड़ा भर रहे थे। गांव निवासी अनिल, सुबोध, सुधीर, लालू व में सिंह लाठी, डंडे व टकोरा लेकर और घूड़ा भरने से मना कर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। अनिल ने शोविन्द्र के सिर में टकोरा मार दिया। जिससे उनका सिर फट गया। सुबोध ने आशीष नानिकराम के सिर में लाठी मारकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों अनिल, सुबोध, सुधीर, लालू व नेम सिंह के खिलाफ बुधवार सुबह मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आपसी विवाद में युवक पर लाठी-सरिये से जानलेवा हमला

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरपुर में आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर लाठी-डंडों और सरिये से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम गौरपुर निवासी मानपाल पुत्र दिलबाग सिंह के घर अरुण की मां का लगातार आना-जाना था। मानपाल द्वारा इस बात का विरोध किए जाने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर सुरजीत पुत्र पृथ्वीराज, अरुण पुत्र रामनरेश, डाली पुत्री पृथ्वीराज और अंजली पत्नी अरुण ने एक राय होकर मानपाल और उनकी बहन उजाला पर अचानक हमला बोल दिया। हमले के दौरान आरोप है कि आरोपियों ने मानपाल के सिर पर सरिये से जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। जिस समय यह घटना घटी, उस दौरान पीड़ित की मां और छोटा भाई किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में घायल मानपाल को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, सिर में गहरी चोट लगने के कारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष में भारी रोष व्याप्त है। परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सभी नामजद आरोपियों के खिलाफसख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की हिंसक घटनाओं पर रोक लग सके।

हत्या के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वादी राजेन्द्र सिंह पुत्र गयादीन निवासी ग्राम बिढैल थाना जहानगंज द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार अभियुक्त सुखदेव उर्फगुड्डू पुत्र रामप्रकाश यादव निवासी ग्राम नगला पीरजाद थाना मोहम्मदाबाद, उनके पुत्र ललितेश को घर से बुलाकर अपने साथ ले गया था। इसके पश्चात, ललितेश की हत्या कर दी गई। वादी की तहरीर और न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मोहम्मदाबाद कोतवाली में धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

बाजे के साथ फरार आरोपी के घर पहुंची पुलिस

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

कानून से आंख-मिचौली खेलने वाले फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। गुरुवार को हाथरस जनपद के हसायन थाने की पुलिस ने स्थानीय कायमगंज पुलिस के साथ मिलकर मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा में बैंड-बाजे के साथ मुनादी कराई और फरार चल रहे एक आरोपी के घर पर न्यायालय का कुर्की संबंधी नोटिस चस्पा किया। जानकारी के अनुसार, हाथरस के हसायन थाने में मुकदमा अपराध संख्या 23/2026 के तहत बीएनएस की धारा 137(2) व 87 में मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी शिवा नामजद है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस की तमाम दबिशों के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध कुर्की की उद्घोषणा जारी की गई थी। गुरुवार को हसायन थाने के उपनिरीक्षक अरविंद सिंह अपनी पुलिस टीम और कायमगंज कोतवाली पुलिस बल के साथ आरोपी के घर पहुंचे। पुलिस टीम ने पूरे मोहल्ले में बैंड-बाजे के साथ मुनादी कराकर लोगों को सूचित किया और आरोपी के मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया। पुलिस की इस अनोखी



नोटिस चस्पा करती पुलिस

और सख्त कार्रवाई को देखने के लिए मोहल्ले में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई से अपराधियों में कानून का खौफपैदा होगा। वहीं, पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि आरोपी ने समय रहते न्यायालय या पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया, तो अगली कड़ी में उसके घर की कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कायमगंज पुलिस और हाथरस पुलिस का यह संयुक्त अभियान पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

रेलवे स्टेशन के पास सड़क किनारे मिला युवक का शव

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

रेलवे स्टेशन के पास जीआरपी चौकी के पीछे गुरुवार सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान दिल्ली के सोनिया विहार निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र राठौर पुत्र पन्नालाल के रूप में हुई है। जितेंद्र दीपावली की शाम से अपने घर से लापता था।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह स्टेशन के पास चाट-पकौड़ी का ठेला लगाने वाले दुकानदारों ने सड़क किनारे एक युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। शिनाख्त होने पर दुकानदारों ने फोन के जरिए मृतक की पत्नी को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पत्नी ने अपने मायके वालों को अवगत कराया। सूचना मिलते ही



रोते बिलखते परिजन

डायल 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक के साले धर्मेंद्र पुत्र रामकिशोर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी। ससुराल पक्ष के लोगों ने बताया कि जितेंद्र दीपावली की शाम बिना बताए घर से निकल गया था, जिसके बाद परिजन दिल्ली में उसकी तलाश कर रहे थे। वह अपनी ससुराल नवाबगंज कस्बे की मुल्ला वाली गली भी नहीं पहुंचा था। परिजनों के मुताबिक जितेंद्र शराब पीने का आदी था। उन्होंने आशंका जताई है कि संभवतः वह नशे की हालत में सड़क किनारे लेट गया होगा और रात में ठंड लगने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर कस्बा इंचार्ज इमरान फरीद और कांस्टेबल सुरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

सालों से ताले में बंद सामुदायिक शौचालय, ग्रामीणों लाभ से वंचित

- कागजों पर केयरटेकर तो धरातल पर गायब, सरकारी धन के दुरुपयोग से ग्रामीणों में आक्रोश

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत समेचीपुर में सरकारी धन के दुरुपयोग और लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है।

यहाँ बने सामुदायिक शौचालय की स्थिति बदहाल है और महीनों से उस पर ताला लटका हुआ है, लेकिन कागजों में तैनात केयरटेकर के नाम पर लगातार मानदेय सरकारी धन निकाला जा रहा है। ग्राम पंचायत समेचीपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, जिसकी देखरेख और साफ-सफाई के लिए एक केयरटेकर की नियुक्ति की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी दस्तावेजों में केयरटेकर के रूप में सपना देवी की तैनाती दिखाई गई है, लेकिन वे पिछले



क्षतिग्रस्त शौचालय

करीब तीन वर्षों से अपनी बच्ची की बीमारी के इलाज के सिलसिले में गांव से बाहर रह रही हैं। इसके बावजूद उनके नाम पर हर महीने मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सफाई व्यवस्था के नाम पर पूनम देवी पत्नी आदेश कुमार वाल्मीकि को लगाया गया है, जो पूर्व में पंचायत से जुड़ी रही हैं। हालांकि, हकीकत यह है कि सामुदायिक शौचालय महीनों से बंद पड़ा है और वहां कोई नियमित साफ-सफाई नहीं होती।

शौचालय पर ताला लटके होने के कारण गांव की महिलाओं, बुजुर्गों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी तंत्र की इस लापरवाही और धन की बंदरबांट को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और शौचालय को नियमित रूप से खुलवाने की मांग की है।

लूट के मामले में अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र/तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने लूट के एक मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी विशूनू दयाल को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोषी को धारा 392 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत दो वर्ष के कठोर कारावास और 1,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वादी की पुत्री रागिनी पाठक निवासी फर्रुखाबाद, पत्नी मदन गोपाल मिश्रा 7 दिसंबर 2012 को कायमगंज अपने मायके आई थीं। रास्ते में रेलवे रोड पर पीछे से दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और उनके दाहिने कान से पहना हुआ वजनी तीन ग्राम का सोने का झाला झपटकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना कायमगंज में अज्ञात के खिलाफधारा 392 भा0द0सं0 के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पुलिस ने अभियुक्तगण विशूनू दयाल और संजय उर्फसंजू के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। विचारण के दौरान सह-अभियुक्त संजय उर्फसंजू की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विरुद्ध वाद की कार्रवाई 17 अक्टूबर 2026 को उपशमित कर दी गई थी। वहीं मुख्य अभियुक्त विशूनू दयाल ने न्यायालय के समक्ष बिना किसी दबाव या प्रलोभन के स्वेच्छा से अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने पत्रावली के साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और अभियुक्त की जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर विशूनू दयाल को धारा 392 के आरोप में 2 वर्ष का कारावास व 1,000 रुपये का अर्थदंड से दंडित किया गया। जुर्माना न भरने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को कुल सजा में समायोजित किया जाएगा।

डीएम की अध्यक्षता में मतदाता सूची पुनरीक्षण व बूथ सम्भाजन पर बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के साथ ही मतदेय स्थलों के पुनर्गठन तथा पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जनपद के मतदेय स्थलों का संशोधित प्रस्ताव तैयार कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, को प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्तमान में कुल 1642 मतदेय स्थल हैं। सम्भाजन एवं समायोजन की प्रक्रिया के उपरांत कुल 1605 मतदेय स्थल अनुमोदित किए जाने का प्रस्ताव है। विधानसभा क्षेत्र 192-कायमगंज में 470, 193-अमृतपुर में 372, 194-फर्रुखाबाद में 390 तथा 195-भोजपुर में 373 मतदेय स्थल प्रस्तावित हैं।

डीएम ने निर्देश दिए कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी संबंधित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी पूरी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ कार्य करें। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले ऐसे सभी युवा एवं नागरिक, जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है, उनका फार्म-6 के माध्यम से पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे पात्र नागरिक, जिनका नाम किसी भी विधानसभा



बैठक लेती जिलाधिकारी

निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें चिह्नित कर नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत निर्वाचक नामावली में शामिल कराया जाए। फार्म-6 भरवाते समय आवेदक का नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, वर्तमान एवं सक्रिय मोबाइल नंबर, पूर्ण पता तथा अन्य आवश्यक अभिलेख अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं। बताया गया कि एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 17 नवम्बर को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर तक किया जाएगा तथा अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन

- 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र युवाओं व महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश
- जनपद में अब 1642 के स्थान पर 1605 मतदेय स्थल प्रस्तावित

आयोग द्वारा विशेष अभियान दिवस 21 एवं 22 नवम्बर तथा 28 एवं 29 नवम्बर 2026 को निर्धारित किए गए हैं। इन विशेष अभियान दिवसों में प्रत्येक पदाभिहित स्थल मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहकर पात्र मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। बूथ लेवल अधिकारियों के पास पर्याप्त संख्या में फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 उपलब्ध रहें, जिससे नागरिकों को आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों से भी विशेष अभियान दिवसों में उपस्थित रहकर बूथ लेवल अधिकारियों को सहयोग प्रदान करने की अपील की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बूथ लेवल एजेंटों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत आशा एवं एएनएम के माध्यम से भी पात्र महिलाओं को चिह्नित कर उनका मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में मुकेश गुप्ता भाजपा, रामरतन गौतम बसपा, सुभाष चन्द्र शाक्य समाजवादी पार्टी, अंकुश सिंह आम आदमी पार्टी, आयूष गुप्ता अपना दल एस, सुनील कुमार कटियार सी0पी0आई0एम0, वरुण त्रिपाठी कांग्रेस पार्टी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क की जमीन पर वन विभाग का कब्जा

पटरी के पास फेंसिंग लगाने पर उठा विवाद, आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि वन विभाग द्वारा सड़क के बेहद करीब महज 3-4 फीट की दूरी पर लोहे के खंभे गाड़कर फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क की जमीन पर अवैध कब्जे और भविष्य में विकास कार्यों में बाधा की आशंका जताई जा रही है। जनपद में सड़क किनारे वन विभाग द्वारा फेंसिंग के लिए खंभे खड़े किए जा रहे हैं। स्थानीय जानकारों और



वन विभाग द्वारा लगाये गये खंभे

जानकारों के मुताबिक, जिस जगह पर ये खंभे लगाए जा रहे हैं, वह लोक निर्माण विभाग की सड़क के प्राइट ऑफ वे के अंतर्गत आती है। इस अवैध और मनमाने कब्जे को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र अग्रवाल ने कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संबंधित सड़क लोक निर्माण विभाग की है और सड़क के दोनों तरफकी भूमि के अधिकार क्षेत्र में आती है। वन विभाग को अपनी फेंसिंग अपनी वास्तविक जंगल की सीमा पर लगानी चाहिए, न कि सड़क की पटरी या सार्वजनिक जमीन को घेरते हुए। सड़क से महज 3-4 फीट की दूरी पर खंभे लगाने से भविष्य में सड़क चौड़ीकरण के कार्यों में भारी रुकावट आएगी। इसके अलावा, सड़क के इतने करीब पिलर होने से विशेषकर रात के समय वाहन चालकों के लिए दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र अग्रवाल द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस पर क्या एक्शन लेते हैं। क्या प्रशासन वन विभाग के इन अवैध रूप से लगाए जा रहे खंभों को हटवाकर उन्हें उनकी निर्धारित सीमा पर शिफ्ट करवाएगा या नहीं।

सट्टा पर्ची सहित दो गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद के थाना मऊदरवाजा पुलिस ने जुए और सट्टे के अवैध कारोबार के खिलाफसख्त रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से सट्टा पर्चियां, डायरी, पेन और नगदी बरामद की है। थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पहला मामल में अभियुक्त नितिन पुत्र नन्हेलाल निवासी गढ़ी हफीजउल्लाह, भीकमपुरा थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी 03 अदद सट्टा पर्ची, 01 अदद डायरी, 01 अदद काला पेन और 950 रुपये नगद बरामद हुआ। दूसरा मामले में अभियुक्त अंकित पुत्र रंजीत निवासी ग्राम गढ़ी हफीजउल्लाह भीकमपुरा थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी 03 अदद सट्टा पर्ची, 01 अदद डायरी, 01 अदद काला पेन और 900 रुपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरु

पांचाल घाट पर जेसीबी से कराया गया समतलीकरण और साफ-सफाई

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



छठ पूजा को लेकर सफाई करते कर्मी

लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय समितियों ने तैयारियां अभी से युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं। गुरुवार को जनपद के प्रसिद्ध पांचाल घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का श्रीगणेश हो गया। घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई के साथ-साथ जेसीबी मशीन के माध्यम से घाट परिसर का समतलीकरण कार्य शुरू कराया गया। इस दौरान छठ पूजा समिति के संयोजक डॉ0 शमीम अहमद खान, अजीत कुमार भट्ट, एनडी प्रसाद, हरेंद्र दुबे और मुकेश दास सहित समिति के कई सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे। व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से अंजाम देने के लिए बढ़पुर ब्लॉक के एडीओ बढ़पुर और उनका समस्त स्टाफ भी मौके पर उपस्थित रहा।

अधिकारियों और समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से घाट का निरीक्षण किया और व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके पुख्ता इंतजाम करने पर जोर दिया। स्थानीय प्रशासन और समिति के आपसी तालमेल से चल रहे इन कार्यों से उम्मीद है कि इस बार भी छठ महापर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा तट पर एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिलेगा।

किसान आंदोलन की वर्षगांठ पर कमिश्नरेट कानपुर में होगी महापंचायत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने नवाबगंज में प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य के निवास पर बैठक कर दिल्ली में हुये किसान आंदोलन की वर्षगांठ पर पूरे प्रदेश में प्रत्येक मंडल पर पंचायत होगी।

इसी परिपेक्ष में कानपुर मंडल के किसानों की महापंचायत कानपुर कमिश्नरेट पर होगी। जिसमें जनपद से किसानों की भागीदारी को लेकर यह बैठक की। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि दिल्ली आंदोलन में हमने अपने 750 किसानों का बलिदान दिया है, जिसके बाद केंद्र की सरकार द्वारा बनाए गए तीन काले कानून बापस हुये थे। जिसकी वर्ष गांठ पर सभी किसान आओ जनपद में भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के सभी पदाधिकारी कमर कस ले और कानपुर की पंचायत की तैयारी



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

शुरू कर दे, सभी पदाधिकारी अपनी ग्राम कमेटी के साथ कानपुर कमिश्नरेट में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करायें।

इसी को लेकर सभी जिला पदाधिकारी तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रों में बैठक कर किसानों को सूचित करें और किसानों की समस्याओं को एकत्रित करें। जिससे कमिश्नरेट कानपुर में किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जा सके। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, ब्रजेश गंगवार, गोपी शाक्य, अभय यादव, अरविंद गंगवार, बिजनेश यादव, सुग्रीव पाल, राजेश गंगवार, सतीश कठेरिया, अनेंद्र गंगवार, शिवराम शाक्य, दीपक राठौर, दिलीप राठौर उपस्थित रहे।

प्राइवेट वाहनों की मनमानी से लगा जाम, यात्री रहे परेशान

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

भाई दूज का त्योहार मनाकर मायके से ससुराल लौट रही बहनों के लिए गुरुवार का दिन भारी मुसीबत लेकर आया। नगर के भूसा मंडी चौराहे से लेकर तहसील रोड तक घंटों तक भीषण जाम लगा रहा, जिससे यातायात पूरी तरह चरमरा गया। त्योहार के चलते बस अड्डों और प्रमुख चौराहों पर यात्रियों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा, लेकिन रोडवेज बसों की मनमानी और प्रशासनिक लापरवाही ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

सड़कों पर वाहनों का दबाव इतना अधिक था कि भूसा मंडी चौराहे से तहसील रोड तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर जाम खुलवाने और यातायात नियंत्रित करने के लिए महज दो होमगार्ड जवान ही तैनात नजर आए। भीड़ और वाहनों की अधिकता के सामने यह व्यवस्था



जाम में फंसे लोग

पूरी तरह नाकाफी साबित हुई और लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। जाम के साथ-साथ रोडवेज बसों की कमी और चालकों के रवैये ने यात्रियों को सबसे ज्यादा रुलाया। ट्रांसपोर्ट चौराहे पर घंटों से बस का इंतजार कर रहीं अलीगंज निवासी विटोली देवी ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि वह भाई दूज पर अपने मायके कायमगंज आई थीं और गुरुवार को उन्हें वापस घर लौटना था। काफी देर तक खड़े रहने के बावजूद उन्हें बस नहीं मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि रोडवेज बस चालक लोकल यात्रियों को बैठाते ही नहीं हैं? वे केवल दिल्ली जैसे लंबे रूट के यात्रियों के लिए ही बस रोकते हैं और स्थानीय सवारियों को देखकर बस आगे बढ़ा ले जाते हैं। सरकारी बसें न मिलने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ी। मजबूरी में यात्रियों को डग्गामार व निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा। यात्रियों का आरोप है कि त्योहार की भीड़ और बसों की किल्लत का फायदा उठाकर निजी वाहन चालकों ने उनसे मनमाना किराया वसूला। अव्यवस्थाओं से जूझ रहे स्थानीय लोगों और यात्रियों में प्रशासन व परिवहन विभाग के प्रति भारी रोष है। जनता का सीधा सवाल है कि जब प्रशासन को पहले से पता होता है कि भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहार पर सड़कों पर भीड़ बढ़ेगी, तो पर्याप्त पुलिस बल और अतिरिक्त लोकल बसों की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

बाइक चलाकर सहित दो पर मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। तेज रफ्तार और लापरवाही से मोटरसाइकिल चला रहे युवकों ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मूल रूप से ग्राम राजेपुर भूड़ थाना जहानगंज एवं हाल निवासी जहानगंज रोड कस्बा कमालगंज निवासी अभय चतुर्वेदी पुत्र धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि नई बस्ती कमालगंज निवासी उज्वल गुप्ता पुत्र गुड्डू व उसके एक अन्य साथी ने मोटरसाइकिल संख्या यूपी 76एयू/5383 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उनके पिता को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफधारा 281 एवं 125बी बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच व विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

खबरें एक नजर में

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना कमालगंज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है और उसके खिलाफ मुदमा दर्ज कर लिया। उपनिरीक्षक कल्लू प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम मेहरूपुर रावी निवासी मोनू उर्फनन्नू पुत्र अतरसिंह के कब्जे से 15 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना कमालगंज में धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

23वां मानस सम्मेलन आज से शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 23वां मानस सम्मेलन 13 जनवरी से डीपीवीबी कालेज के प्रांगण में शुरु होगा। राम कथा की अमृत वर्षा सूर्य पूजन के साथ 13 नवम्बर को शुरु होगी, जो 17 नवम्बर तक चलेगी। इस बार मानस सम्मेनन में हमीरपुर से अरिमर्दन शास्त्री मानस भूषण आयेंगे। साथ ही अपने ही जनपद के अम्बरीश महाराज व गुरुसराय से संतोष रामायणी, झांसी से रुचि रामायणी, बांदा से सुमन रामायणी, हमीरपुर से शिवप्रताप व जनपद से साधना शर्मा व सर्वेश कुमार शुक्ल अपने मुखार बिन्दु से मानस सम्मेलन रामकथा की अमृत वर्षा करेंगे। कार्यक्रम संयोजक भारत सिंह है। मंच का संचालन बृजकिशोर सिंह किशोर करेंगे। स्वागत समिति में राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता शामिल है। यह जानकारी राजेश निराला ने दी है।

राज्य कर्मचारी महासंघ ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा ने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। महासंघ ने अवगत कराया है कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा यह जानकारी दी गई है कि काफी कर्मचारियों की एसीपी, जीपीएफ और चिकित्सा प्रतिपूर्ति की पत्रावलियां लगभग एक वर्ष से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्तर पर लंबित हैं। इस संबंध में एक्स-रे टेक्नीशियन का डिप्लोमा फार्मासिस्ट के संगठनों द्वारा ज्ञापनध्मांग पत्र के माध्यम से सीएमओ को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है। समस्याओं का समाधान न होने के कारण कर्मचारी साथियों में गहरा रोष व्याप्त है। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित ने अनुरोध किया है कि कर्मचारियों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए समय से इनका निराकरण कराया जाए और की गई कार्रवाई से संघ को भी अवगत कराया जाए।

गैंगस्टर एक्ट में दो दोषी करार, सजा आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से जुड़े एक गंभीर मामले में थाना मोहम्मदाबाद के अंतर्गत दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्तगण संजय और राजीव कुमार को दोषी करार दिया है। मामला थाना मोहम्मदाबाद का है, जहाँ अभियुक्त संजय पुत्र जगदीश ठाकुर और राजीव कुमार पुत्र रामदास वर्मा समेत अन्य सह-अभुयुक्तों के विरुद्ध धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार ये सभी अभियुक्त एक संगठित गिरोह बनाकर क्षेत्र में गंभीर अपराधों को अंजाम देते थे, जिससे आम जनता में भय और आतंक का माहौल था। लंबी न्यायिक प्रक्रिया और गवाहों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाया। विचारण के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर विशेष न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्तगण संजय और राजीव कुमार को धारा 3(1) यू0पी0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 1986 के तहत संदेह से परे दोषी सिद्ध पाया है। सज़ा के बिंदुद्ध पर सुनवाई हेतु आगामी 13 नवम्बर की तिथि नियत की गई है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुआ छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव

बच्चों ने उत्साहपूर्वक किया मतदान

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



मतदान प्रक्रिया में भाग लेते बच्चे

पांचालघाट स्थित डीएसबीडी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदान के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन एवं हाउस कैप्टन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया। चुनाव में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर हरिभान सिंह गहरवार ने पीठासीन अधिकारी की भूमिका निभाई। वहीं संस्था के प्रबंधक महेश पाल सिंह उपकारी ने सर्वप्रथम अपना मत डालकर चुनावी प्रक्रिया का शुभारंभ किया। चुनाव में कुल सात छात्र-छात्राओं ने स्कूल कैप्टन एवं वाइस कैप्टन सहित विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। मतदान प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी ने सभी विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मतदान की प्रक्रिया, मताधिकार के महत्व एवं निष्पक्ष चुनाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी की भावना, अनुशासन और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति सम्मान विकसित होता है। पूरी चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। विद्यार्थियों ने मतदान के माध्यम से अपने पसंदीदा प्रत्याशियों का चयन किया और लोकतंत्र की वास्तविक प्रक्रिया को करीब से समझा। उप प्रधानाचार्या आकृति मिश्रा सहित शिक्षक विशाल, हर्ष, राखी, सोनम, अमित बोस, संध्या, हिमांशी एवं रूबी ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक खए जागरूक एवं कुशल नागरिक बनाना भी है। इसी दिशा में विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

स्वास्थ कर्मियों का आज मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की हठधर्मिता और समस्याओं के लंबे समय से निस्तारण न होने के विरोध में 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक सीएमओ कार्यालय प्रांगण में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में जनपद के समस्त चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट पूरी ताकत के साथ भाग लेंगे। फार्मासिस्ट संघ द्वारा जनपद स्तरीय समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 7 सितंबर, 15 सितंबर और 2 नवंबर को तीन प्रत्यावेदन सौंपे जा चुके हैं। इन सभी मांग पत्रों से जिलाधिकारी को भी अवगत कराया गया था। जिलाधिकारी द्वारा को समस्याओं का अभिलंब निस्तारण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है।

संघ का आरोप है कि सीएमओ कार्यालय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की हठधर्मिता के कारण समस्याओं का निराकरण अटका हुआ है। लंबे समय से समाधान न होने और सदस्यों को बेवजह परेशान किए जाने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली और आर्थिक लेन-देन की आशंका प्रतीत होती है, जबकि ये सभी समस्याएं स्तर से ही हल होनी हैं। अब तक न तो की गई कार्रवाई से संघ को अवगत कराया गया है और न ही द्विपक्षी वार्ता के लिए प्रतिनिधियों को बुलाया गया है। जनपद स्तर के प्रदर्शन के साथ-साथ प्रांत स्तर की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा जाएगा।

दो साल से अधूरी पड़ी एशिया की सबसे बड़ी आलू मण्डी की सड़क

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आलू विकास एवं विपणन सहकारी संघ लि0 के निदेशक एवं आलू किसान आंदोलन के प्रदेश प्रभारी अशोक कटियार ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आईटीआई चौराहा से मण्डी रोड का अधूरा निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी आलू मण्डी की सड़क का मॉडल रूप विगत 2 वर्षों से प्रचलित है, लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ। कार्यदायी संस्था और ठेकेदार की लापरवाही के चलते ठेकेदार स्ट्रीट लाइट का काम अधूरा छोड़कर भाग गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। आलू का सीजन शुरू होते ही इस रोड पर भयंकर जाम लगता है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। किसान, व्यापारी और आम जनता सब परेशान हैं। डीएम से मांग की है कि आईटीआई चौराहा से मण्डी रोड का शेष निर्माण तुरंत पूर्ण कराया जाए। लापरवाह कार्यदायी संस्था व ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और जुर्माना लगाया जाए। मण्डी सीजन को देखते हुए सड़क को तत्काल गड्ढामुक्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो किसान आंदोलन सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

किसान गड्ढों में गिरकर हो रहे घायल

फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन पर लावारिस मिली बिहार की नाबालिग

ऑपरेशन मुस्कान के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन को किया सुपुर्द

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

रेलवे पुलिस के चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जीआरपी फर्रुखाबाद पुलिस टीम ने बिहार की रहने वाली 14 वर्षीय एक लावारिस नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद किया है। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द कर दिया है, ताकि उसे सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया जा सके।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म



पुलिस के साथ नाबालिग बालिका

नंबर 02 कमालगंज साइड पर एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की अकेली घूमती हुई दिखाई दी। संदेह होने पर जब पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो उसने अपना नाम और पता थाना वजीरगंज, जिला गया बिहार बताया। रोते हुए बच्ची ने पुलिस को बताया कि वह घर जाने के लिए अकेली है। उसने जानकारी दी कि वह अपने भाई और भाभी के साथ किसी ईंट भट्ठे पर रहती थी, लेकिन उसके भाई-भाभी उसे वहां छोड़कर कहीं चले गए। बच्ची को न तो भट्ठे की सही जानकारी थी और न ही अपने घर का रास्ता पता था, जिसके कारण वह भटकते हुए रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। नाबालिग बच्ची को अकेला पाकर जीआरपी टीम ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाई। सुरक्षा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए थाना कोतवाली फतेहगढ़ से महिला आरक्षी लता कुमारी को तुरंत बुलवाया गया।

बच्ची को महिला आरक्षी के संरक्षण में जीआरपी चौकी फतेहगढ़ में सुरक्षित बैठाया गया। पुलिस टीम ने चाइल्ड हेल्पलाइन फतेहगढ़ को सूचना देकर बुलाया। इसके बाद नियमानुसार बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया और उसे चाइल्ड हेल्पलाइन की सुपरवाइजर उत्तमा सिंह को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सौंप दिया गया। पुलिस टीम द्वारा बच्ची के परिजनों से संपर्क करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि उसे जल्द से जल्द उसके परिवार से मिलाया जा सके।

गल्ला मंडी चौराहे पर धड़ल्ले से बिक रही प्रतिबंधित मांगुर मछली

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के व्यस्ततम इलाकों में शुमार गल्ला मंडी चौराहे पर प्रतिबंध के बावजूद अफ्रीकन मांगुर मछली का अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जिम्मेदार विभागों की उदासीनता और कथित मिलीभगत के चलते यह खतरनाक कारोबार बिना किसी डर के फल-फूल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गल्ला मंडी चौराहे पर रोजाना सुबह से लेकर शाम तक ठेलों और दुकानों पर प्रतिबंधित मांगुर मछली खुलेआम बेची जा रही है। व्यस्त चौराहे पर सरेआम हो रही इस बिक्री को हर कोई देख रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई न होने से आम जनता में भारी नाराजगी



है। लोगों का सवाल है कि जब प्रतिबंध जगजाहिर है, तो व्यस्त इलाके में हर दिन यह अवैध कारोबार कैसे संचालित हो रहा है और अब तक कोई बड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौरतलब है कि अफ्रीकन मांगुर मछली के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को देखते हुए सरकार ने इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा रखा है। विशेषज्ञों के अनुसार यह मांसाहारी मछली अन्य जलीय जीवों को नुकसान पहुंचाती है और दूषित वातावरण में पलने के कारण इसके सेवन से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसके बावजूद कम कीमत पर मिलने के कारण कुछ लोग अनजाने में इसे खरीद रहे हैं, जबकि विक्रेता मुनाफे के चक्कर में लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों की निगाहें अब स्थानीय प्रशासन और पुलिस-प्रशासन के एक्शन पर टिकी हैं। जनता को उम्मीद है कि प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला इस मामले का संज्ञान लेते हुए गल्ला मंडी चौराहे पर चल रहे इस अवैध और प्रतिबंधित कारोबार पर जल्द से जल्द बड़ी कार्रवाई करेंगे, ताकि आम जनमानस के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।

आबकारी टीम ने शराब की दुकानों पर छापेमारी कर की चेकिंग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टाफविभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान राजेंद्र नगर, पुनपालपुर, मेरापुर, पिलखना कम्पोजिट दुकान राजेंद्र नगर, मेरापुर, पिलखना की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की गई। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए।



जांच पड़ताल करते अधिकारी

पुलिस सहायता केंद्र तोड़ने वाले बस चालक के खिलाफ दी तहरीर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग स्थित टेढ़ीकोण चौराहे के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार निजी स्लीपर बस अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे बने पुलिस सहायता केंद्र में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 22 साल पुराना पुलिस सहायता केंद्र पलभर में मलबे के ढेर में तब्दील हो गया। इस मामले में ग्रेटर जेसीज के अध्यक्ष ने कोतवाली में तहरीर दी।

गुरुवार को ग्रेटर जेसीज के अध्यक्ष प्रतीक राज कौशल कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को लिखित तहरीर सौंपी। उन्होंने बताया कि इस संवेदनशील



क्षतिग्रस्त सहायता केंद्र को देखती पुलिस

चौराहे की सुरक्षा को देखते हुए वर्ष 2004 में यह पुलिस सहायता केंद्र बनवाया गया था, जिसका लोकार्पण तत्कालीन जिलाधिकारी वीना कुमारी मीना ने किया था। गश्त के दौरान पुलिसकर्मी इसी केंद्र का उपयोग करते थे। अध्यक्ष ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में बस और उसके चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि तहरीर प्राप्त हो गई है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दूसरी ओर बस मालिक ने स्थानीय व्यापारियों के माध्यम से क्षतिग्रस्त हुए पुलिस सहायता केंद्र का पुनः निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।

2027 तक सुलतानपुर को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य: डीएम

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिला श्रम बन्धु समिति और जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें श्रमिकों के पंजीकरण, विभागीय योजनाओं, बाल श्रम उन्मूलन और कारखानों के पंजीकरण की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों के प्रत्येक कार्यादेश का निवेश मित्र पोर्टल पर पंजीकरण कराने तथा नियोजित श्रमिकों का यूपीबीओसीडब्ल्यू पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्माण लागत का एक प्रतिशत उपकर भी नियमानुसार जमा कराने को कहा। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत पात्र असंगठित कर्मकारों और छोटे व्यापारियों का पंजीकरण कराने पर जोर दिया। श्रम अधिकारियों को बाल श्रमिकों के चिन्हांकन, मुक्ति और पुनर्वासन की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्ष 2027 तक सुलतानपुर को बाल श्रम मुक्त जनपद बनाने तथा अपंजीकृत कारखानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने को कहा।

सिहौली गांव में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

चांदा सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के सिहौली गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मनोज कुमार गौतम और रामशंकर गौतम के बीच विवाद के बाद लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान मनोज की बहन अर्चना गौतम बीच-बचाव करने पहुंची, जिससे वह भी घायल हो गई। मारपीट में मनोज, अर्चना और दूसरे पक्ष के रामशंकर को चोटें आईं।मामले में दोनों पक्षों ने चांदा कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के घायल होने पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

धान खरीद में अनियमितता का आरोप, केंद्रों पर बिचौलियों का कब्जा : राजेश तिवारी

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



प्रदेश में सरकारी धान खरीद व्यवस्था में भ्रष्टाचार और किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्रय केंद्रों पर बिचौलिये हावी हैं, जबकि वास्तविक किसान अपनी उपज बेचने के लिए भटक रहे हैं।

राजेश तिवारी ने कहा कि सरकार ने सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए का 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। साथ ही 48 घंटे में भुगतान का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत इससे अलग है। क्रय केंद्रों पर 17 प्रतिशत से अधिक नमी और गुणवत्ता का हवाला देकर किसानों का धान रिजेक्ट किया जा रहा है। इससे किसान बिचौलियों और आढ़तियों को कम कीमत पर धान बेचने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि फार्मर आईडी, ऑनलाइन सत्यापन और टोकन के नाम पर किसानों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं बिचौलियों का धान आसानी से खरीदा जा रहा है।कांग्रेस ने सभी क्रय केंद्रों की औचक जांच, दोषियों पर कार्रवाई, रिजेक्ट धान का 48 घंटे में पुनरीक्षण और समय से भुगतान की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस किसानों के हक में सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

अंतरमहाविद्यालयीय क्रिकेट में कलान और देव इन्द्रावती कॉलेज की टीम विजयी



सुलतानपुर। अखंडनगर के कलान स्थित श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज के उरेहा स्टेडियम में गुरुवार को अंतरमहाविद्यालयीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबलों में मेजबान श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज कलान और देव इन्द्रावती पीजी कॉलेज कटेहरी की टीम ने जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने फीता काटकर और सिक्का उछालकर किया। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। पहले मुकाबले में बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज अंबेडकरनगर ने 12 ओवर में 71 रन बनाए। जवाब में कलान की टीम ने सातवें ओवर में एक विकेट खोकर नौ विकेट से जीत हासिल की। दूसरे मुकाबले में गनपत सहाय पीजी कॉलेज ने 10 ओवर में 72 रन बनाए। जवाब में देव इन्द्रावती पीजी कॉलेज कटेहरी ने सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. वेद प्रकाश सिंह सहित शिक्षक और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

अपराध निरोधक समिति ने सीओ को अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय और धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बल्दीराय के क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार को उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवा सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की बल्दीराय तहसील इकाई ने वलीपुर स्थित सीओ कार्यालय में समारोह आयोजित कर उन्हें अंगवस्त्र और सम्मान पत्र भेंट किया।

इस मौके पर सीओ आशुतोष कुमार ने कहा कि समिति के पदाधिकारी निस्वार्थ भाव से प्रशासनिक कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। उनके प्रयासों से प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है।प्रदेश अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल सह सचिव एवं तहसील सचिव बाल गोविंद मौर्य ने किया। इस दौरान तहसील उपाध्यक्ष डॉ. शमीम खान, अमर बहादुर सिंह, रामकरन साहू, मोहम्मद जुबैर, राहुल दूबे, पवन कुमार अग्रहरी, तनवीर आलम और सक्षम शर्मा सहित समिति के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

केएनआई में शोध पत्र लेखन पर सात दिवसीय कार्यशाला शुरू

सुल्तानपुर। कमला नेहरू संस्थान (केएनआई) में गुरुवार को आईक्यूएसी के तत्वावधान में हाउ टू राइट ए रिसर्च पेपर विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। हाइब्रिड मोड में आयोजित कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने शोध प्रविधि और गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र लेखन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष सिंह कुशवाहा ने किया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह और संस्थान के प्राचार्य प्रो. एसपी सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। प्राचार्य ने उच्च शिक्षा में शोध की गुणवत्ता और शोध पत्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। आईक्यूएसी निदेशक डॉ. आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम तकनीकी सत्र में प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने शोध पत्र लेखन में शोध प्रविधि की भूमिका, शोध समस्या के चयन, साहित्य समीक्षा, शोध अभिकल्प, आंकड़ों के संकलन एवं विश्लेषण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।द्वितीय तकनीकी सत्र में असम केंद्रीय विश्वविद्यालय, सिलचर के यूजीसी एमएमटीटीसी के उपनिदेशक प्रो. अजय कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य के लिए प्रेरित किया। अंत में डॉ. आलोक कुमार वर्मा ने सभी विशेषज्ञों और प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। कार्यशाला में शोधार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

खबरें एक नजर में

सड़क दुर्घटना में दो बाइकसवार घायल

कुंडा-प्रतापगढ़। अलग-अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में वृद्ध महिला समेत दो लोग घायल हो गए। मानिकपुर थाना क्षेत्र के पनिगौं शिवराम का पुरवा निवासी उमेश सरोज 30 वर्ष पुत्र राम सुख सरोज रात के अंधेरे में बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर में घायल हो गया। बाघराय थाना क्षेत्र ऐंमा जाटूपुर निवासिनी खुशी देवी 60 वर्ष पत्नी नंदलाल पटेल सड़क पर पैदल जाते समय बाइक की टक्कर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है। जबकि उमेश सरोज का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जमीन पर कब्जा करने को लेकर मारपीट, आठ लोग घायल

कुंडा-प्रतापगढ़। क्षेत्र में हुई अलग-अलग जमीन संबंधी मारपीट में महिला समेत आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। कुंडा नगर व कोतवाली क्षेत्र के तिलौरी इंदारा में जमीनी विवाद की मारपीट में ओम प्रकाश पटेल 28 वर्ष पुत्र राम प्यारे पटेल, साधना देवी 24 वर्ष पत्नी ओम प्रताप पटेल, बेटी प्रियांशी 16 वर्ष, प्रिंस 15 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश, वंदना देवी 32 वर्ष पत्नी ओम प्रकाश पटेल मारपीट मेंघयल हो गई। प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के बिजलीपुर निवासी अखिलेश पांडेय की जमीन हथिगवां थाना क्षेत्र है। सरोज देवी 55 वर्ष पत्नी अखिलेश पांडे व बेटा नागेश पांडेय विवादित जमीन पर धान की कटाई करने गए थे। जहां पारिवारिक विपक्षी लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हथिगवां थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर निवासी संगम लाल पुत्र माधव प्रसाद तथा बलीपुर निवासी धीरज पटेल 55 वर्ष पुत्र गुरु दीन मारपीट में घायल हो गए। वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

घर आ रहे दो लोग बाइक लेकर गिरे, एक की मौत

कुड़वार सुलतानपुर। धनपतगंज कुड़वार मार्ग पर बाइक से घर लौट रहे युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में दोनों लोगों घायल हो गए।घायलावस्था में दोनों को स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां एक युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।जबकि दूसरे को बेहतर इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।मामला धनपतगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा है। जहां गुरुवार को सडाव गांव निवासी अजय प्रताप सिंह(28)पुत्र अशोक सिंह व मुड़वा गांव निवासी धर्मेंद्र (35)पुत्र शिव हरख बाइक से धनपतगंज बाजार से अपने घर वापस लौट रहे थे।तभी रास्ते में माधवपुर तीर गांव के पुल के आगे अनियंत्रित होकर बाइक लेकर गिर पड़े।गंभीर हालत में दोनों को एंबुलेंस की मदद से स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने अजय प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया।धर्मेंद्र को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।चिकित्सक की सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा करके भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि चिकित्सक के मेमो के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया है।

बैंक लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्र करें निस्तारण: सीडीओ

सुलतानपुर। कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ ने बैंक अधिकारियों को लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने और स्वीकृत आवेदनों का जल्द वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि बिना ठोस कारण किसी उद्यमी का आवेदन निरस्त न किया जाए। ऐसा पाए जाने पर संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक जिम्मेदार होंगे। बैठक में बताया गया कि निवेशमित्र पोर्टल पर किसी विभाग का प्रकरण समय सीमा के बाद लंबित नहीं है। वहीं 23 विभागों के हस्ताक्षरित एमओयू के सापेक्ष 91 इकाइयों में उत्पादन शुरू हो चुका है।व्यापार बंधु की बैठक में अमहट-गोलाघाट, पयागीपुर-गोलाघाट और चौक क्षेत्र में अतिक्रमण का मुद्दा उठा। इस पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने नगर पालिका, प्रशासन और यातायात पुलिस को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। ठेला दुकानदारों को नए वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करने को भी कहा गया।

जर्जर सड़क पर सफर बना मुसीबत, गड्ढों में तब्दील हुआ शाहपुर-साढापुर मार्ग

सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के प्रतापपुर कमैचा विकासखंड अंतर्गत देवाढ गांव से साढापुर पटना घाट को जोड़ने वाला शाहपुर संपर्क मार्ग जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और पिच के साथ गिट्टियां उखड़ चुकी हैं। इससे राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया है। चांदा-कादीपुर मार्ग से निकलने वाला यह संपर्क मार्ग शाहपुर जंगल के पास से होकर गुजरता है। इस पर प्रतिदिन ग्रामीणों, किसानों और दोपहिया वाहन चालकों का आवागमन होता है। गड्ढों के कारण बाइक सवार आए दिन असंतुलित होकर गिर रहे हैं। बारिश में पानी भरने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है।ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। रविंद्र प्रताप सिंह, बृजलाल पाल, राजेश कुमार, प्रमोद निषाद, दिनेश कुमार, सुरेश ओझा और राजित राम यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से सड़क के नवनिर्माण की मांग की है।

करमाही गांव में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकली

रानीगंज-प्रतापगढ़। विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के करमाही गांव में आज गुरुवार कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं भक्ति गीतों और भजनों के साथ यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूरा क्षेत्र जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। हाथी, घोड़ा, ढोल-नगाड़ों एवं भक्ति संगीत के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। साप्ताहिक कथा रसपान समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथा व्यास श्री धर्मराज तिवारी जी महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं उनके आदर्शों से जीवन में प्रेरणा लेने का संदेश दिया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा आयोजक सुरेश सिंह प्रधान यजमान श्रीमती रीता सिंह एवं वेदप्रकाश सिंह है। यजमान परिवार विजय प्रकाश सिंह,जय प्रकाश सिंह,अखिलेश सिंह कोटेदार, रमेश प्रताप सिंह, विनोद सिंह, प्रमोद सिंह शैलेंद्र सिंह, विशाल सिंह मंडल के सदस्यों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीमद्भगवत कथा 12 नवंबर दिन गुरुवार से प्रारंभ होकर गुरुवार 19 नवंबर को पूर्णाहुति हवन व 20 नवंबर दिन शुक्रवार को महाप्रसाद ब्रह्मभोज का आयोजन सम्पन्न होगा।

मिशन-2027 के लिए भाजपा ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी किए नियुक्त

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों में जुटी भाजपा ने जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। इसौली में गिरीश चन्द्र शुक्ल, सुलतानपुर में भागीरथी मौर्य, सदर में सुरेश तिवारी, लंभुआ में राकेश वर्मा और कादीपुर में सुनील तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में 14 नवंबर को सुबह 11 बजे शहर के राम नरेश त्रिपाठी सभागार में भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक होगी। इसकी तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में पयागीपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई।जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यसमिति में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत नए और छूटे मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मतदाता सूची को शुद्ध बनाने और मिशन-2027 की रणनीति पर चर्चा होगी। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी के अनुसार बैठक में नवनियुक्त प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों तथा मोर्चा जिलाध्यक्षों का स्वागत भी किया जाएगा।

प्रतापगढ़ के कुंडा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर, राजा भैया के नेतृत्व में हो रहा आयोजन

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



जिले के कुंडा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की चार दिवसीय श्रीराम कथा की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसका आयोजन जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के नेतृत्व में किया जा रहा है। बुधवार शाम करीब 5 बजे भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने बेती कोठी पहुंचकर राजा भैया से मुलाकात की। इसके पश्चात प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी ने श्रीराम कथा स्थल पहुंचकर वहां चल रही तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निरीक्षण के बाद बेती कोठी में राजा भैया से भेंट की। इस आयोजन को लेकर बाबागंज ब्लॉक सभागार में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जनसत्ता दल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों और कोटेदारों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा कलश यात्रा के वाहनों, मार्ग और स्वागत की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को रामकथा में शामिल किया जा सके। इस भव्य आयोजन के तहत 16 नवंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी, 17 से 19 नवंबर तक श्रीराम कथा होगी और 20 नवंबर को दिव्य दर्शन दरबार लगेगा। बैठक में बाबागंज विधायक विनोद सरोज, ब्लॉक प्रमुख पति रामयश सरोज, पूर्व प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडेय, बबलू सिंह, विनोद पटेल, प्रधान रामआसरे पांडेय, ओमानंद द्विवेदी, विनोद यादव, सुनील कुमार द्विवेदी, संजय सिंह, पंकज यादव, रितेश यादव और सुरेश सरोज समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रतापगढ़ में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

एसपी दीपक भूकर ने 8 निरीक्षकों व उप-निरीक्षकों के किए तबादले

प्रतापगढ़। जिम्मेदार कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कसावट को बनाए रखने के लिए प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। एसपी ने तत्काल प्रभाव से एक निरीक्षक और सात उप-निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई तैनातियां सौंपी हैं। एक ही आधिकारिक आदेश के तहत जारी इस पूरी सूची में निरीक्षक दीप नारायण (प्रभारी निरीक्षक, थाना उदयपुर) को गैर-जनपद स्थानांतरण के दृष्टिगत पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं, कोतवाली नगर के चिलबिला चौकी प्रभारी रोहित सिंह को थानाध्यक्ष कोहंडौर बनाया गया है। इसके अलावा, अनुपम त्रिपाठी को थानाध्यक्ष कोहंडौर से थानाध्यक्ष मान्धाता, धनन्जय राय को थानाध्यक्ष मान्धाता से थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा, और राकेश कुमार चौरसिया को थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा से थानाध्यक्ष बाघराय की कमान सौंपी गई है। इसी क्रम में श्रवण कुमार को थानाध्यक्ष बाघराय से थानाध्यक्ष देल्हूपुर, राधेश्याम को थानाध्यक्ष देल्हूपुर से थानाध्यक्ष लीलापुर, तथा श्री वारिज कसेरा को थानाध्यक्ष लीलापुर से स्थानांतरित कर थानाध्यक्ष उदयपुर बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस संगठित प्रशासनिक बदलाव का मुख्य उद्देश्य ज़िले के विभिन्न थानों में कार्यकुशलता में सुधार लाना और अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाना है। सभी नवनियुक्त प्रभारियों को अपने नए थानों में कार्यभार संभालने के निर्देश दे दिए गए हैं।

पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला की प्रशासनिक तैयारी बैठक आयोजित

22 नवंबर से मां ज्वाला देवी धाम पर लगेगा पांच दिवसीय धार्मिक मेला, संबंधित विभागों को सौंपे गए कार्य का 20 नवंबर को होगा स्थलीय निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।



सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले पांच दिवसीय धार्मिक मेला की तैयारी के संबंध में गुरुवार को उपजिलाधिकारी अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में मानिकपुर थाना परिसर में प्रशासनिक तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने मेले के संबंध में कार्य योजना प्रस्तुत किया। मेला 22 नवंबर से 26 नवंबर तक चलेगा। कार्य योजना में दिए गए रूपरेखा पर एसडीएम ने बिंदुवार अधिकारियों को आदेशित निर्देशित किया कि मानिकपुर सहजनी की मानिकपुर नगर क्षेत्र में सीमेंटेड रोड उखड़ गई है, तथा पिच रोड पर भी गड्ढे हो गए हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जाएं। विद्युत विभाग मेला अवधि में अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा ज्वाला देवी मंदिर व शाहाबाद घाट पर एक-एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कर्मचारियों के साथ एसडीओ कैंप करें। नगर पंचायत मानिकपुर मेला क्षेत्र की साफ सफाई गंगा जी के जल प्रवाह में बैरिकेटिंग, फॉगिंग व प्रकाश समेत दी गई अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। स्वास्थ्य विभाग मेला क्षेत्र में दो स्वास्थ्य शिविर व एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराएं। पुलिस विभाग कानून व्यवस्था तथा सकुशल मेला संपन्न करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाएं। इसी प्रकार फायर बिग्रेड, जल निगम विभाग, सप्लाई विभाग अपनी अपनी जम्मेदारियां का निर्वाहन करें। 20 नवंबर को अपराह्न ने 3 बजे समीक्षा बैठक व स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारी में जुट जाएं। अंत में मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव ने सभी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक शिव नारायण वैसे, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय, कालाकांकर खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता संजय कुमार राय, एसडीओ हाइडिल राहुल वैश्य, फायर ब्रिगेड के हेड मोहर्रिर राजकुमार सिंह, नगर पंचायत वरिष्ठ लिपिक बाबी कमार, स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट सुभाष चंद्र सिंह, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित, सभासद रिजवान अहमद, पंडित रामभरोस मिश्र, पुजारी गिरजा शंकर, समेत क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।